राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

वर्ष : 13 , अंक : 264, पृष्ठ : 08, नई दिल्ली रविवार 07 अप्रैल 2024, मूल्य : 2 /-

नई दिल्ली से प्रकाशित

RNI No .DELHIN/2011/38334

## मुख्य अपडेट

शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र .... पेज 03

शाहजहांपुर में भाजपा विधायक के भाईयो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज .... पेज 05

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी टेस्ट सीरीज में भारत की हार से शुरुआत .... पेज 07

# भाजपा ने दी हाशिये पर पड़े लोगों को आशा, आवाज़ दी : मोदी

### भाजपा आज 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गयी है

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के 45वें रिपीट पैंतालिसवें स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देते हुये शनिवार को कहा कि उनके त्याग एवं तप से भाजपा आज 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं एवं सपनों का प्रतीक बन गयी है, जिसे लोग 21वीं सदी में भारत का योग्य नेतृत्वकारी दल मानते हैं।



मोदी ने सुबह एक्स पर कई पोस्ट में स्थापना दिवस का संदेश दिया। उन्होंने कहा, आज, भाजपा के स्थापना दिवस पर, मैं पूरे भारत के सभी साथी पार्टी कार्यकर्ताओं को शुभकामनायें देता हूं। मैं उन सभी महान महिलाओं और पुरुषों की कड़ी मेहनत, संघर्ष और बलिदान को भी बड़ी श्रद्धा के साथ याद करता हूं, जिन्होंने वर्षों तक हमारी पार्टी का निर्माण किया। मैं बड़े विश्वास के साथ कह सकता हूं कि हम भारत की पसंदीदा पार्टी हैं, जिसने हमेशा राष्ट्र प्रथम के आदर्श वाक्य के साथ काम किया है।

उन्होंने कहा कि यह बहुत खुशी की बात है कि भाजपा ने अपने विकासोन्मुख दृष्टिकोण, सुशासन और राष्ट्रवादी मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता के लिये अपनी पहचान बनायी है। हमारे कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित, हमारी पार्टी 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतीक है। भारत के युवा हमारी पार्टी को एक ऐसी पार्टी के रूप में देखते हैं जो उनकी आकांक्षाओं को पूरा कर सकती है और 21वीं सदी में भारत को नेतृत्व प्रदान कर सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चाहे केंद्र हो या राज्य, हमारी पार्टी ने सुशासन को नयी परिभाषा दी है। हमारी योजनाओं और नीतियों ने गरीबों और वंचितों को ताकत दी है, जो लोग दशकों तक हाशिये पर थे, उन्हें हमारी पार्टी में एक आवाज़ और आशा मिली। हमने सर्वांगीण विकास प्रदान करने की दिशा में काम किया है, जिससे प्रत्येक भारतीय के लिये जीवनयापन में आसानी को बढ़ावा मिला है।

उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ने भारत को भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद, जातिवाद, सांप्रदायिकता और वोट बैंक की राजनीति की संस्कृति से भी मुक्त किया है, जो देश पर सबसे लंबे समय तक शासन करने वालों की पहचान थी।

आज के भारत में स्वच्छ और पारदर्शी शासन पर जोर दिया जा रहा है, जो यह सुनिश्चित करता है कि विकास का लाभ गरीबों तक बिना किसी भेदभाव के पहुंचे।

### फोटो पुरस्कार




पीटीआई के स्ट्रिंगर विशाल भटनागर को समाचार और समसामयिक मामलों की श्रेणी में सीपीबी फोटो पुरस्कारों में विजेता के रूप में सम्मानित किया गया।

# छत्तीसगढ़-तेलंगाना बॉर्डर पर मुठभेड़, 3 नक्सली ढेर

### पुलिस और ग्रेहाउंड की टीम का संयुक्त ऑपरेशन; एलएमजी, एके-47 जैसे हथियार बरामद

जगदलपुर। छत्तीसगढ़-तेलंगाना की सीमा पर शनिवार सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है।

उसूर थाना क्षेत्र में दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में 3 नक्सली ढेर हो गए हैं। छत्तीसगढ़ की बीजापुर पुलिस और ग्रेहाउंड की टीम ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया है। जवानों ने इस दौरान एके-47, स्एलएमजी जैसे हथियार भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना और छत्तीसगढ़ के बॉर्डर में बीजापुर जिले के पुजारी कांकेर के कर्रीगुटा के जंगल में नक्सली मौजूद हैं। जिसके बाद जवान माओवादियों को घेरने के लिए सीजी पुलिस और तेलंगाना की ग्रेहाउंड फोर्स ने संयुक्त ऑपरेशन लॉन्च किया।







#### 3 नक्सली मारे गए

शुक्रवार की रात फोर्स नक्सलियों के कोर इलाके में पहुंच गई। दोनों तरफ से नक्सलियों को घेरा गया। शनिवार सुबह नक्सलियों के साथ जवानों की मुठभेड़ हो गई, जिसमें 3 नक्सली मारे गए हैं। तीनों के शव बरामद हो गए हैं। फोर्स मौके पर मौजूद है।

## मोदी रविवार को बिहार, पश्चिम बंगाल में करेंगे चुनावी सभाएं

नयी दिल्ली। आम चुनाव 2024 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के चुनाव अभियान का नेतृत्व कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनाव सभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार श्री मोदी रविवार को दोहपर 12 बजे बिहार में नवादा में जनसभा को संबोधित करेंगे और वहां से पश्चिम बंगाल में जलपाईगुड़ी में पार्टी द्वारा 3.15 बजे आयोजित दूसरी चुनाव सभा में भाग लेगे। नवादा और जलपाईगुड़ी सीटों पर मतदान पहले चरण में 19 अप्रैल को कराया जाएगा। नवादा सीट पर भारतीय जनता पार्टी ने राज्य सभा सांसद विवेक ठाकुर को प्रत्याशी बनाया है। इस सीट पर कुल आठ प्रत्याशी हैं। अनुमान है कि भाजपा का मुकाबला राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के सरवन कुशवाहा से होगा।

# भारत के खिलाफ साजिश रचने के मामले में एनआईए की कार्रवाई

### यूपी-बिहार में कई जगहों पर की छापेमारी

नई दिल्ली। भारत के खिलाफ नक्सली साजिश रचने के मामले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने बड़ी कार्रवाई की है। एनआईए ने इस मामले में शनिवार को उत्तर प्रदेश और बिहार में कई जगहों पर पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि एनआईए ने इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 11 और बिहार के कैमूर जिले में एक स्थान पर आरोपियों व संदिग्धों के ठिकानों पर छापे मारे। एनआईए के प्रवक्ता के मुताबिक, छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, सिम कार्ड व मेमोरी कार्ड समेत कई डिजिटल उपकरण और प्रतिबंधित नक्सली संगठनों से जुड़े दस्तावेज बरामद किए गए हैं।




#### नापाक योजनाओं को विफल करने में जुटी एनआईए

प्रवक्ता ने कहा कि भाकपा (माओवादी) के नेता, कार्यकर्ताओं और इससे सहानुभूति रखने वाले, ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) इस क्षेत्र में संगठन की स्थिति मजबूत करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि एनआईए हाल के महीनों में संगठन की नापाक योजनाओं को विफल करने के लिए आक्रामक तरीके से काम कर रही है और मामले की जांच जारी है।

#### नौ फरवरी को दायर किया था आरोप पत्र

मालूम हो कि एनआईए ने पिछले साल 10 नवंबर को बलिया में भाकपा (माओवादी) के हथियारों और गोला-बारूद, आपत्तिजनक दस्तावेज, साहित्य और किताबों की बरामदगी के बाद पांच लोगों की गिरफ्तारी से संबंधित मामले की जांच अपने हाथ में ली थी। एजेंसी ने नौ फरवरी, 2024 को मामले में चार आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# बंगाल के मेदिनीपुर में एनआईए टीम पर हमला

### लोगों ने लाठी-डंडे लेकर अफसरों को रोका; ममता बोलीं- एनआईए ने ही महिलाओं पर हमला किया

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर ईस्ट के भूपतिनगर में शुक्रवार 5 अप्रैल की रात एनआईए की टीम पर हमला हुआ। इस दौरान एक अफसर को चोटें भी आई हैं।

भूपतिनगर में एनआईए्र टीम के सामने लोग लाठी-डंडे लेकर अड़ गए। एनआईए्र की टीम ने जब आरोपियों को ले जाने की कोशिश की, तो लोगों ने उनका विरोध किया। लोगों ने एनआईए की गाड़ी पर पथराव किया।

कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर एनआईए टीम भूपति नगर में 2022 में हुए बम धमाके की जांच करने पहुंची थी। पुलिस ने 3 लोगों- बोलाई मैती, समय मैती, और मानव दत्त जाना को गिरफ्तार किया है।

पश्चिम बंगाल के गर्वनर सीवी आनंद बोस ने कहा, मुझे घटना के बारे में पता चला है, दोषियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि एनआईए के अफसरों पर हमला नहीं हुआ है, बल्कि उन्होंने ही महिलाओं पर हमला किया। एनआईए अफसरों ने रात में रेड क्यों की? क्या उनके पास पुलिस की परमिशन थी? लोगों ने वैसे ही बर्ताव किया, जैसा रात में किसी भी अनजान व्यक्ति के आने पर किया जाता।



दक्षिण दिनाजपुर में ममता ने कहा कि एनआईए इलेक्शन से पहले लोगों को गिरफ्तार क्यों कर रही है? क्या भाजपा को लगता है कि वे हर बूथ एजेंट को गिरफ्तार कर लेंगे। एनआईए की मदद लेकर भाजपा गंदी राजनीति कर रही है।

#### 2022 में हुए था बम ब्लास्ट, तीन लोगों की जान गई थी

भूपतिनगर में 3 दिसंबर 2022 को एक घर में बम ब्लास्ट हुआ था, जिसमें घर की छत उड़ गई थी। हादसे में तीन लोगों की जान गई थी। पिछले महीने एनआईए ने इस मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस के आठ नेताओं को समन भेजकर 28 मार्च को न्यू टाउन में एनआईए ऑफिस बुलाया था।

वहीं, टीएमसी ने इस ब्लास्ट के लिए भाजपा को दोषी ठहराया था। टीएमसी प्रवक्ता कुणाल घोष ने कहा था भाजपा ने टीएमसी नेताओं की एक लिस्ट एनआईए को दी है। इसके आधार पर एनआईए इन नेताओं को गिरफ्तार करने की तैयारी कर रही है।

## बोकारो स्टील प्लांट में मीथेन गैस लीक..जान बचाकर भागे कर्मचारी

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट में शनिवार सुबह 10 बजे गैस रिसाव होने से अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार प्लांट में मीथेन गैस का रिसाव हुआ है। हादसा हॉट स्ट्रिप मिल में हुआ, जहां काम कर रहे मजदूरों ने भागकर अपनी जान बचाई। गैस रिसाव होते ही वहां काम कर रहे मजदूरों की आंखों में जलन होने लगी। इसके बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, अब स्थिति पर काबू पा लिया गया है। 21 कर्मचारियों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, डीसी ऑफिस की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर कहा गया है कि बीएसएल प्लांट में गैस रिसाव की सूचना के बाद जिला प्रशासन हाई अलर्ट पर है। कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती किया गया है। एंबुलेंस और फायर बिग्रेड टीम भी राहत बचाव कार्य में जुटी हुई है। गैस रिसाव की घटना प्लांट के एचआर सेक्शन क्षेत्र की ओर हुआ है। यहीं हॉट स्ट्रिप मिल है।

### दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

# 7 गिरफ्तार, 3 नवजात मिले; माता-पिता से बच्चा लेकर 5-6 लाख में बेचते थे

नई दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने शुक्रवार (5 अप्रैल) को दिल्ली और हरियाणा में 7 जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया। इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआई ने एक अस्पताल के वार्ड बॉय समेत 7 लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें 5 महिलाएं शामिल हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, आरोपियों का गिरोह बच्चों के रियल माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे। फिर सोशल मीडिया ऐड के जरिए नि:संतान दंपत्तियों को बेच देते थे। एक बच्चे की कीमत 4 से 6 लाख रुपए लगाई जाती थी।



#### फेसबुक-वॉट्सऐप पर दंपतियों से संपर्क करते थे आरोपी

गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर के असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु और हरियाणा के सोनीपत के नीरज के रूप में की गई है। सीबीआई के अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों का गिरोह फेसबुक पेज और वॉट्सऐप ग्रुप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बच्चे गोद लेने वाले नि:संतान दंपतियों से संपर्क करते थे। ये लोग एडॉप्शन का फर्जी डॉक्यूमेंट्स बनाकर कई दंपतियों से लाखों रुपए की ठगी भी कर चुके हैं।

सीबीआई के मुताबिक, आरोपी ब्लैक मार्केट में सामान की तरह बच्चों का सौदा करते थे। अकेले मार्च में लगभग 10 बच्चे बेचे गए। सर्च ऑपरेशन के दौरान 5.5 लाख कैश, कई दस्तावेज समेत आपत्तिजनक सामान बरामद किए हैं। सीबीआई ने सात गिरफ्तार किए गए आरोपियों के अलावा 10 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। आरोप है कि शिशु तस्करों का एक नेटवर्क गोद लेने के साथ-साथ अन्य अवैध कामों के लिए भारत भर में बच्चों की खरीद-बिक्री में शामिल है। देश के कई बड़े अस्पताल जांच के दायरे में आ गए हैं। जांच एजेंसी कई राज्यों में मामले की जांच कर रही है।

### गर्मी

### आंध्र प्रदेश के रायलसीमा में सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री; बिहार-झारखंड समेत 12 राज्यों में हीट वेव

# गर्मी बढ़ी, देश के 17 इलाकों में पारा 42 के पार पहुंचा

एजेंसी

नई दिल्ली। देश के 12 राज्यों में हीट वेव यानी लू का असर शुरू हो चुका है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में तापमान 43 डिग्री तक पहुंच चुका है। मौसम विभाग के मुताबिक, अगले कुछ दिनों में यहां गर्मी और बढ़ेगी।

मौसम विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक, शनिवार को देश के 7 राज्यों के 17 इलाकों में पारा 42 डिग्री के पार हो गया। सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के रायलसीमा में 44.5 डिग्री टेंपरेचर रिकॉर्ड किया गया।



उधर आईएमडी ने राजस्थान, मध्य प्रदेश, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, केरल और सिक्किम में बारिश की संभावना जताई है। इसके अलावा पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में बर्फबारी का अनुमान जताया गया है।

इसके अलावा मध्य प्रदेश के 33 जिलों में ओले के साथ बारिश की संभावना बन रही है। इस दौरान 30 से 50 किलोमीटर प्रति-घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी।

मौसम विभाग ने बिहार के 24 जिलों में हीट वेव का यलो अलर्ट जारी किया है। यहां स्कूलों की टाइमिंग बदलने या फिर समय से पहले छुट्टी देने का निर्देश दिए गए हैं।

#### हीट वेव से 17 या 18 अप्रैल तक मिलेगी राहत

स्काइमेट की रिपोर्ट के मुताबिक, मध्य प्रदेश पर एक साइक्लोनिक सर्कुलेशन तैयार होता दिख रहा है, जबकि एक ट्रफ लाइन कर्नाटक से पूर्वी मध्य प्रदेश तक फैलेगी। इसके अलावा, पश्चिम मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक एंटी साइक्लोन सिस्टम बन रहा है जो मौसम प्रणाली में नमी बनाएगा। इस आधार पर 17 या 18 अप्रैल तक हीट वेव से लोगों को राहत मिल सकती है।

# तट रक्षक बल, सीमा शुल्क ने तमिलनाडु तट के पास 4.9 किलो तस्करी का सोना पकड़ा

नयी दिल्ली। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने भारतीय तट रक्षक बल और रामनाथपुरम स्थित सीमा शुल्क निवारक इकाई (सीपीयू) के साथ एक संयुक्त अभियान में तमिलनाडु तट के पास विदेशी स्रोत का 4.9 किलो सोना जब्त किया।

मंत्रालय की एक विज्ञप्ति के अनुसार खुफिया सूचनाओं के आधार पर की गयी कार्रवाई में यह जब्ती मंडपम के वेधलाई तट के पास मध्य समुद्र में की गयी। सोने की खेप समुद्र में फेंक दी गयी थी। इस संबंध में तीन व्यक्ति गिरफ्तार किए गए हैं और जब्त माल का मूल्य करीब साढे तीन करोड़ रुपये आंका गया है।



राजस्व आसूचना निदेशालय के अधिकारियों को खुफिया जानकारी मिली थी कि एक मछली पकड़ने वाली नाव से तस्करी का सोना लाने का प्रयास हो रहा है। इसके आधार पर डीआरआई और तटरक्षक बल के अधिकारियों ने तीन व चार अप्रैल की मध्यरात्रि को उस समुद्री क्षेत्र में नावों पर निगाह रखने के लिए विशेष चौकसी का बंदोबस्त किया था। अधिकारियों को चार अप्रैल की सुबह समुद्र में एक संदिग्ध नाव की पहचान की जिसे तटरक्षक बल के पोत ने पीछा कर के रोक लिया। अधिकारियों ने उस नाव पर पहुंचने से ठीक पहले देख कि उस पर सवार व्यक्तियों में से एक ने माल की एक खेप समुद्र में फेंक दी।

माल को समुद्र तल से प्राप्त करने के लिए विस्तृत खोज की गयी और सोने की समुद्र में फेंकी गयी खेप शुक्रवार को प्राप्त हो गयी।

उक्त देशी नाव पर तीन व्यक्ति सवार थे और पूछताछ के दौरान उन्होंने यह स्वीकार किया कि समुद्र में फेंकी गई खेप में श्रीलंका से तस्करी कर लाया गया विदेशी मूल का सोना था।

## शार्ट न्यूज

### डीआरआई ने 3.43 करोड़ रुपये का सोना जब्त कर तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

चेन्नई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) के अधिकारियों ने तमिलनाडु के रामनाथपुरम जिले के वेदलाई तट के पास समुद्र में मछली पकड़ने वाली एक नाव से 4.9 किलोग्राम सोना जब्त किया और तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। यह सोना श्रीलंका से भारत तस्करी के जरिये लाया जा रहा था। जब्त सोने की कीमत 3.43 करोड़ रुपये आंकी गयी है। भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और सीमा शुल्क निवारक इकाई (सीपीयू) ने संयुक्त अभियान में यह सोना जब्त किया गया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में शनिवार को कहा गया, डीआरआई के अधिकारियों को विशिष्ट खुफिया जानकारी मिली थी कि मछली पकड़ने वाली नाव के जरिए एक गिरोह द्वारा रामनाथपुरम जिले के वेधलाई तट पर श्रीलंका से भारत में सोने की तस्करी की जा रही है। इसके बाद डीआरआई और आईसीजी के अधिकारियों ने 03 और 04 अप्रैल की मध्यरात्रि को मंडपम के पास वेदलाई तटीय क्षेत्र में मछली पकड़ने वाली संदिग्ध नौकाओं की आवाजाही पर निगरानी रखी। विज्ञप्ति के मुताबिक चार अप्रैल को अधिकारियों ने मध्य समुद्र में एक संदिग्ध नाव की पहचान की और आईसीजी पोत का उपयोग करके उसका पीछा किया तथा उसे रोक लिया।

### भारतीय तटरक्षक गार्ड हेलीकॉप्टर ने श्रीलंकाई मछुआरे की जान बचाई

चेन्नई। भारतीय तटरक्षक बल (आईसीजी) ने मसीहा बनकर एक श्रीलंकाई मछुआरे की जान बचायी। तटरक्षक बल के हेलीकॉप्टर ने गंभीर दिल की बीमारी से पीड़ित श्रीलंकाई मछुआरे को उसके नाव के इंजन में खराबी के कारण भारतीय जल क्षेत्र में बह जाने से हवाई मार्ग से चेन्नई शहर में पहुंचाया। नाव में पांच अन्य मछुआरे भी सवार थे। एक रक्षा विज्ञप्ति में यहां शनिवार को कहा गया कि एक अप्रैल को भारतीय तटरक्षक बल चेन्नई के समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को एमआरसीसी कोलंबो से एक श्रीलंकाई मछली पकड़ने वाले जहाज 'कालपेनी' के बारे में संकट में फंसने की चेतावनी मिली थी, जिसके भटकने की आशंका थी। इंजन में खराबी के कारण भारतीय समुद्री सीमा में आ गया था। एमआरसीसी कोलंबो ने सूचित किया कि नाव 22 मार्च को छह चालक दल के सदस्यों के साथ श्रीलंका में 'कॉडबे' मछली पकड़ने के बंदरगाह से रवाना हुई थी। गत 28 मार्च से नाव के सभी संचार प्रणाली बंद हो गयी थी। यह भी सूचित किया गया कि नाव के भारतीय जल क्षेत्र में प्रवेश करने की संभावना जतायी गयी थी। यह जानकारी मिलने पर आईसीजी ने अपने जहाजों को क्षेत्र की ओर मोड़ दिया और निकटवर्ती व्यापारिक जहाजों से भी श्रीलंकाई नाव की तलाश करने का अनुरोध किया।

### उत्तराखंड: खराब खड़े वाहन में लगी आग, वाहन से मिला महिला का शव

देहरादून। उत्तराखंड के देहरादून जनपद में विकास नगर थानांतर्गत, टैक्सी स्टैंड पर लम्बे समय से खराब खड़े एक वाहन में संदिग्ध परिस्थिति में शुक्रवार देर रात आग लग गई। आग बुझाने के दौरान, वाहन से एक महिला का जला हुआ शव बरामद हुआ है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार देर रात विकासनगर में टैक्सी स्टैंड पर एक वाहन (छोटा हाथी), जो काफी समय से खराब स्थिति में खड़ा था, में आग लग गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुँची तो वाहन संख्या यूके 07सीए 7769 में आग लगी थी। पुलिस द्वारा आसपास खड़ी गाडियों को मौके से हटवाते हुए आग को बुझाया गया। आग बुझाने के उपरांत, वाहन को चेक किया तो वाहन के केबिन में जले कपड़ों के नीचे कुछ उभरी चीज होने का आभास हुआ। उन्होंने बताया कि चैक करने पर मौके से जली अवस्था में एक शव बरामद हुआ। मौके पर शव की पहचान करने पर उक्त शव शबाना उर्फ पिंकी पत्नि शमशाद पुत्री खालिद, निवासी सरयू मुर्शिदाबाद, वेस्ट बंगाल का होना ज्ञात हुआ। प्रवक्ता ने बताया कि मृतका घुमंतु प्रवृति की थी तथा नशे की आदी थी। मृतक द्वारा अपना घर बार छोड़ रखा था तथा लोगो से मांग कर अपना गुजारा करती थी और उक्त वाहन में ही रहती थी। उन्होंने बताया कि शव को मौके से निकालकर मोर्चरी में रखावाया गया है।

### मतदाता सूची में छूटे महिला वोटर्स के पंजीकरण को चलेगा अभियान: बैरवा

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं तथा दिव्यांगों के नामों का पंजीकरण करने के लिए चार मई तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी डीसी हेमराज बैरवा ने कहा कि मतदाता लिंग अनुपात के अंतर को पूरा करने के लिए बूथ लेवल अधिकारियों, आंगनबाड़ी कार्यकताओं, महिला मंडलों, स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के सहयोग से मतदाता सूची में छूटे हुए महिला मतदाताओं के नाम पंजीकृत करवाने के लिए कारगर कदम उठाए जाएंगे। बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला में पुरूष मतदाताओं की संख्या छह लाख 54 हजार 626 है जबकि महिला मतदाताओं की संख्या छह लाख 43 हजार 862 है जबकि कांगड़ा जिला में जनगणना के मुताबिक महिलाओं की संख्या पुरूषों के मुकाबले ज्यादा है। उन्होंने कहा कि कुछ महिला मतदाताओं के नाम शादी से पहले मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवाए जाते हैं जबकि कुछ नाम शादी हो जाने के उपरांत भी ससुराल की तरफ से मतदाता सूची में दर्ज करवाने में देरी हो जाती है जिस कारण पात्र महिला मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से छूट जाते हैं।

### सुक्खू कर रहे अनर्गल बयानबाजी : ठाकुर

मण्डी। हिमाचल प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को कांग्रेस पार्टी छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने वाले कांग्रेस के पूर्व विधायकों के ख़िलाफ़ कर करे अनर्गल बयानबाज़ी बंद करनी चाहिए। ठाकुर ने कहा कि यदि सुक्खू के पास अगर सबूत हैं तो उसे पेश करें अन्यथा अपने पद की गरिमा का ध्यान रखे, जिनके ख़िलाफ़ उन्होंने इस तरह के अनर्गल आरोप लगाए हैं। उन्होंने सुक्खू के ख़लिाफ़ मानहानि के नोटिस भी भेजे हैं और अन्य क़ानूनी कार्रवाई पर राय ले रहे हैं जिससे आगे उनकी मुश्किलें बढ़ने वाली हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री होकर ऊना के कुटलैहड़ में भाजपा प्रत्याशी के लिए सुक्खू ने जिस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल किया वह अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण हैं। एक पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रत्याशी के लिए उनके शब्द अराजकता फैलाने वाले हैं। इस तरह की बात देवभूमि के मुख्यमंत्री द्वारा कही जाना दु:खद है। ठाकुर ने कहा कि सरकार चाहती है कि विपक्ष उनकी हर कारगुज़ारी पर ख़ामोश बैठी रहे। यह नहीं हो सकता है, जब भी सरकार का जनहित से दूर होकर लोकतंत्र के नियमों के ख़लिाफ़ काम करेगी सरकार को रोकना, टोकना विपक्ष का धर्म है और हम वही धर्म निभा रहे हैं।

### कोटा नगर निगम दक्षिण में अब महापौर भी भाजपा का, तो नेता प्रतिपक्ष भी

कोटा। राजस्थान में कोटा नगर निगम दक्षिण में बड़ी पेचीदा स्थित उत्पन्न हो गयी है, वहां अब जिस दल का महापौर है, उसी दल का नेता प्रतिपक्ष भी है। राजस्थान में नगर निगमों के गठन के बाद शायद ही कहीं ऐसी विचित्र स्थिति बनी हो। अब निगम प्रशासन ने भी स्थानीय निकाय विभाग के निदेशक से मार्गदर्शन देने के लिये आग्रह किया है, तो कांग्रेस पार्षदों ने महापौर को पद मुक्त करने की मांग की है। स्वायत्तशासी संस्थानों के पिछले चुनाव के समय कोटा के दोनों नगर निगमों उत्तर एवं दक्षिण में कांग्रेस के बोर्ड बोर्ड बने थे, जिनमें दोनों महापौर कांग्रेस के थे। कोटा नगर निगम दक्षिण में कांग्रेस के बहुमत में आने के बाद महापौर राजीव अग्रवाल भारती के नेतृत्व में बॉर्ड गठित किया गया था, जिसमें कांग्रेस के ही पवन मीणा उप महापौर निर्वाचित हुये थे और भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष में होने के नाते विवेक राजवंशी को नेता प्रतिपक्ष घोषित किया गया था। लोकसभा चुनाव की तिथि की घोषणा के बाद नगर निगम के आधा दर्जन से भी अधिक कांग्रेस पार्षद भाजपा में शामिल हो गये, लेकिन यह सिलसिला यही नहीं थमा और गत 30 मार्च को महापौर राजीव अग्रवाल भारती भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गये।

# किसानों की मांग को लेकर हुई बैठक

**राजस्व परिषद के अध्यक्ष ने देखे किसानों के दस्तावेज, 2019 में पहली बार किसानों ने प्रदर्शन किया था**



**नोएडा।** नोएडा और ग्रेटर नोएडा के आंदोलन रत किसानों की समस्याओं को सुलझाने के लिए मुख्यमंत्री के आदेश पर उतर प्रदेश के राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे की अध्यक्षता में शनिवार को नोएडा प्राधिकरण में बैठक हुई। बैठक में नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने किसानों की मांगों से अवगत कराया।

उनको बताया गया कि 2019 से कई बार बोर्ड में प्रस्ताव को लाया गया वहां से अनुमोदन के बाद शासन को भेजा गया। इस मामले में कोर्ट केस के बारे में जानकारी दी गई। दरअसल ये मामला कई हजार करोड़ रुपए के राजस्व ये जुड़ा है। इसलिए आज की बैठक में सिर्फ दस्तावेजों को देखा गया। राजस्व परिषद के अध्यक्ष के साथ ये किसान मुद्दे पर ये पहली बैठक थी। फाइलों को देखने के बाद जल्द ही दूसरी बैठक की जाएगी। अगली बैठक में किसान नेताओं को बुलाया जा सकता है। ताकि उनसे मुखातिब होकर आगे की रणनीति बनाई जा सके।

यह कमेटी तीन महीने में अपनी रिपोर्ट शासन को देगी। जनपद गौतमबुद्ध नगर में नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसान अपनी समस्याओं को लेकर लगातार तीन महीनों तक प्रदर्शन किया था। इसकी एक बैठक पहले हो चुकी है। हालांकि उस बैठक में राजस्व परिषद के अध्यक्ष नहीं थे। वो बैठक डीएम की अध्यक्षता में हुई थी। जिसमें एनटीपीसी से प्रभावित किसानों पर चर्चा की गई थी। आज होने वाली बैठक में नोएडा प्राधिकरण और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से प्रभावित किसानों के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। बता दे किसानों ने पहली बार 2019 में मांगों को लेकर प्राधिकरण के खिलाफ प्रदर्शन किया था। इसके बाद मांगों को बोर्ड में रखकर शासन को भेजा गया। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। अब हाइपावर कमेटी के सामने मुद्दा रखा जाएगा।

#### इन मांगों से संबंधित दस्तावेज देखे गए

किसानों की अधिगृहीत भूमि के सापेक्ष 10 फीसदी विकसित भूमि का अधिकार देना

किसानों की आबादी का पूर्ण निपटारा कर रेवेन्यू रिकॉर्ड से प्राधिकरण का नाम निरस्त कर काश्तकार के नाम अंकित किए जाए

आबादी विनियमावली 2011 की अंतर्गत 450 वर्ग मीटर की सीमा को एक हजार प्रति वर्ग मीटर किया जाए।

गांव में निर्माणाधीन किसानों के घरों पर भवन नियमावली न लागू किया जाए

पांच फीसदी की विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कॉमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति देने की भी मांग

#### बैठक में किसान नहीं हुए शामिल

राजस्व परिषद के अध्यक्ष के साथ पहली बैठक थी। इसमें किसान नेता शामिल नहीं हुए। संभवता अगली बैठक में बुलाया जा सकता है। हालांकि बैठक के मिनिट्स साझा किए जा सकते है।

## किसान नेता ठाकुर भानु प्रताप के खिलाफ एफआईआर की मांग

**सीएम के लिए अभद्र भाषा इस्तेमाल करने का ऑडियो सामने आया था**



नोएडा। नोएडा में किसान नेता ठाकुर भानु प्रताप सिंह के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई है। दरअसल, ठाकुर भानु प्रताप सिंह के द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को गाली देने का ऑडियो खूब वायरल हो रहा हैं। एफआईआर कराने के लिए बतौर भारतीय किसान यूनियन (भानु) के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह और पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र सिंह त्यागी ने एक प्रेस वार्ता की।

भारतीय किसान यूनियन (भानू) के पूर्व राष्ट्रीय संयोजक देवेंद्र कुमार त्यागी ने बताया कि उन्होंने यूनियन के पूर्व राष्ट्रीय महामंत्री चौधरी महेंद्र सिंह के साथ दिल्ली जाकर 27 मार्च को रक्षा मंत्री राज नाथ सिंह को आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा का समर्थन करने के लिए पत्र दिया था। इस बात की जानकारी मिलने पर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह नाराज हो गए।

#### 1 अप्रैल को सीएम की सभा में शामिल हुए थे

उन्होंने आगे बताया कि 1 अप्रैल को वह अपने साथियों के साथ ग्रेटर नोएडा स्थित जीएल बजाज कॉलेज में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा में हिस्सा लेने के लिए भी पहुंचे थे।

इस दौरान ठाकुर भानु प्रताप ने उन्हें फोन कॉल की और वार्तालाप के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व भाजपा को गंदी गाली देकर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया।

### ग्रेटर नोएडा वेस्ट में चलती कार में लगी आग

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा में शनिवार को चलती हुई कार में अचानक से आग लग गई। कार में सवार लोगों ने किसी तरह बाहर निकाल कर अपनी जान बचाई। आग इतनी जबरदस्ती थी की कुछ ही मिनट में कार जल गई। दमकल विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना बिसरख थाना के सेक्टर वन की है। यहां स्टेलर जीवन सोसाइटी के सामने अचानक से वर्ना कार में आग लग गई। कार में 2 लोग सवार थे। जैसे ही कार में हल्की सी आग लगी तत्काल प्रभाव से दोनों लोग कार से किसी तरह नीचे उतरे। उन्होंने देखा कि कार में तेजी से आग लगनी शुरू हो गई है। आग इतनी जबरदस्त थी की कुछ ही मिनट में पूरी गाड़ी को अपनी आगोश में ले लिया और कार पूरी तरह से जल गई। इसकी सूचना पुलिस और दमकल विभाग की टीम को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में कोई भी जन हानि नहीं हुई। आग लगने की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि एक वर्ना गाड़ी में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना के तुरंत बाद दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर पहुंची और समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। इस हादसे में कोई भी जन हानि नहीं हुई है।

## गौतमबुद्ध नगर में अनियंत्रित होकर पलटी स्कॉर्पियो

**डिवाइडर से टकराकर पलटी, 7 छात्र घायल, आसपास मौजूद लोगों ने निकाला बाहर**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में एक बार फिर तेज रफ्तार का कर देखने को मिला। यहां पर एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई और उसके बाद वह पलट गई। इस गाड़ी में 7 छात्र सवार थे, जो कि मामूली रूप से घायल हो गए।



नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र के जीएनआईओटी कॉलेज में पढ़ने वाले छात्र स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार होकर कॉलेज से जगत फार्म की तरफ जा रहे थे, लेकिन जैसे ही वह छात्र जीएल बजाज कॉलेज के सामने पहुंचे तो स्कॉर्पियो गाड़ी अचानक से अनियंत्रित हो गई और वह डिवाइडर से टकरा गई और पलट गई।

स्कॉर्पियो गाड़ी के पलटते ही चीख-पुकार मच गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोग तेजी से दौड़कर आए और उन सभी छात्रों को गाड़ी से बाहर निकाला गया और तेजी दिखाते हुए उन छात्रों को अस्पताल पहुंचाया गया। गनीमत रही कि इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई। इन सभी छात्रों को हल्की-फुल्की चोटें आई हैं।

#### बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई गाड़ी

हादसा इतना जबरदस्त था कि स्कॉर्पियो गाड़ी डिवाइडर से टकराकर पलट गई और गाड़ी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। सभी छात्रों को उपचार करने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। बताया जा रहा है कि स्कॉर्पियो गाड़ी की रफ्तार बहुत ज्यादा थी। इस वजह से वह अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

#### ट्रैफिक पुलिस ने खुलवाया जाम

स्कॉर्पियो गाड़ी के बीच रोड पर पलटने के बाद जाम की स्थिति बन गई, जिसे ट्रैफिक पुलिस ने मौके पर पहुंचकर खुलवाया। नॉलेज पार्क थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और उनके द्वारा क्रेन की मदद से उस स्कॉर्पियो गाड़ी को भी साइड करा कर यातायात को सुचारु कराया गया। फिलहाल पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

## पुलिस ने चेकिंग में पकड़े 3.8 लाख रुपए

**गौतम बुद्ध नगर में लोकसभा चुनाव को लेकर हो रही थी चेकिंग, इनकम टैक्स को दी जानकारी**

**गौतम बुद्ध नगर।** लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुध नगर में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी सघन चेकिंग अभियान के चलते सेंट्रल नोएडा की बादलपुर थाना पुलिस ने एक गाड़ी से 3.80 लाख रुपए बरामद किए। गाड़ी मालिक के द्वारा संतुष्ट जवाब न देने पर इसकी जानकारी इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को दी गई है।

लोकसभा चुनावों को लेकर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के निर्देश पर पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चल रहा है। इस दौरान बॉर्डर पर भी पुलिस के द्वारा कड़ी निगरानी रखी जा रही है। शुक्रवार रात्रि को बादलपुर थाना पुलिस और एफएसटी टीम के द्वारा धूम मानिकपुर फ्लाईओवर के नीचे



चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान पुलिस और टीम के द्वारा एक गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका गया।

चेकिंग करते हुए जब उसमें गाड़ी की डिग्गी को चेक किया गया तो 3 लाख 80 हजार रुपए रखे हुए थे। इस बारे में चालक से जानकारी जुटाई गई तो वह कोई संतुष्ट जवाब नहीं दे पाया। इसके बाद निर्वाचन विभाग के अधिकारियों और आयकर विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी गई।

#### कैश के बारे में नहीं दे सके जानकारी

कैश लेकर जा रहे युवक की पहचान बिलाल के रूप में हुई है जो कि मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना का रहने वाला है। पुलिस की तरफ से जानकारी दी गई कि एफएसटी टीम और बादलपुर पुलिस द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान एक गाड़ी से कैश बरामद हुआ है।

कैश के बारे में युवक सही जवाब नहीं दे पाया इसलिए आयकर विभाग को जानकारी दे दी गई है और वह इस मामले में कार्रवाई कर रहे हैं।

### नोएडा के अनाथालय में लगी आग

नोएडा। नोएडा के सेक्टर-26 स्थित एक अनाथालय में आग लग गई। ये आग सी-21 इमारत के बेसमैंट में लगी। जिसे अनाथालय वालों ने स्टोर रूम बना रखा था। आग करीब रात 2 बजकर 21 मिनट पर लगी। जिस समय आग लगी अनाथालय में 16 बच्चे और 3 केयरटेकर मौजूद थे। बच्चों की उम्र महज 4 से 12 साल है। दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर दमकल की दो गाड़ी पहुंची। उन्होंने बिना रुके पहले बच्चों और केयरटेकर को बाहर निकला इसके बाद करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गौतमबुद्ध नगर सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया कि ये आग रामकृष्ण विवेका नंद मिशन ट्रस्ट के अनाथालय में लगी थी। हम यहां दो गाड़ियों के साथ पहुंचे।

## एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**अलग-अलग बैंकों के 16 एटीएम कार्ड और एक स्वैप मशीन बरामद**

गौतम बुद्ध नगर। ग्रेटर नोएडा की दादरी थाना पुलिस ने आम लोगों के एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 16 एटीएम कार्ड जो अलग-अलग बैंकों के हैं, एक स्वैप मशीन और एक स्कूटी भी बरामद की है। यह कई दर्जन वारदातों को अपने साथियों के साथ मिलकर अंजाम दे चुका है।

थाना दादरी पुलिस द्वारा लोकल इंटेलिजेंस की सहायता से एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधडी करने वाला खुशनसीब नाम के आरोपी को पीएनबी बैंक एटीएम रेलवे रोड के पास बाहर से गिरफ्तार किया गया।



आरोपी मूलरूप से बुलंदशहर के सलेमपुर का रहने वाला है। आरोपी ने पूछताछ के दौरान बताया कि ये सभी एटीएम कार्ड मैने अपने साथियों के साथ मिलकर बदले थे। हम मौका पाकर एटीएम में आए लोगों को बहला-फुसलाकर पहले उनका एटीएम पिन देख लेते हैं और फिर उनका एटीएम कार्ड धोखे से अपने पास रखे एटीएम कार्ड से बदल देते हैं।

## भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया



ललित कुमार गोठवाल

आज भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर शक्तिकेंद्र पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर दिनेश गोयल पूर्व ज़िला प्रधान एवं कार्यक्रम संयोजक व सह संयोजक अनिल शर्मा ने शिरकत कर मनीष बंसल के नेतृत्व में पार्टी के पन्ना प्रमुख कार्यकर्ताओं के घरों पर झंडा लगवाया और स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएँ दी।

अपने संबोधन में दिनेश गोयल ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ कार्यकर्ता होते है में स्थापना दिवस पर युवा साथियों को कहना चाहता हूँ की आगामी लोकसभा चुनाव में अपना पूर्णांक देकर पार्टी का परचम लहराये। वही सह संयोजक अनिल शर्मा ने कहा कि हम कार्यकर्ता साथियों को केंद्र एवं प्रदेश की जनकाल्यंकारी नीतियों को घर घर पहुँचाए ताकि नीतियों के पता चलने पर आमजन् नीतियों का फ़ायदा उठा सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता मनीष बंसल ने अपने संबोधन में कहा कि आज पूरे देश की जनता कमल का फूल खिलाने का मन बना चुकी है और पहले चरण के मतदान के बाद से जो लहर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए देश में बनी हुई है वो आँधी में बदल कर विपक्षी पार्टियों की जमानत ज़ब्त करने जा रही है वो दिन दूर नहीं जब भारत विश्व गुरु बनकर अंतरराष्ट्रीय सतर पर अपना लोहा मनवाने का कम करेगा वही हमारा बरसो पुराना सपना हम साकार होते हुए देखेंगे। इस अवसर पर पार्षद जय सिंह, सुशीला लांबा, अशोक जांगड़ा, ओंकार नाथ सिंहल, डॉक्टर सुभाष वर्मा, नवीन बंसल, नितिन दीवान, सतबीर सेनी, पीताम्बर चौहान, विनय जैन, डॉक्टर गोरी शंकर वर्मा, यशपाल पर्जापति, अजय पर्जापति, आदित्य बंसल, जयपाल सिंह व शक्ति केंद्र के सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ ने मनाया स्थापना दिवस

ललित कुमार गोठवाल

**झज्जर।** झज्जर की जिला महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सोमवती जाखड़ ने महिलाओं के साथ मिलकर भगत सिंह चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक पदयात्रा निकाली इस पदयात्रा के दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश गोयल, जिला महामंत्री रतन सागर आदि लोग शामिल रहे। झज्जर जिले के अंदर भारतीय जनता पार्टी के 15 मंडल है जिनमें से सभी मंडलों में आज स्थापना दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया वही झज्जर में भी भारतीय जनता पार्टी के 15 मंडलों में यात्रा निकाली गई जिन में वंदे मातरम और भारत माता की जयकारो से यह यात्रा



निकाली गई इस पद यात्रा के दौरान महिलाओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा कर और पार्टी के बारे में विचार प्रकट कर लोगों को जागरूक किया और भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस लड्डू बाटकर व भारतीय जनता पार्टी का कार्यालय पर झंडा लगाकर मनाया गया। वही इस मौके पर महिलाओं को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा की सोमवती जाखड़ ने महिलाओं को पार्टी की उपलब्धियां और नीतियों के बारे में बताया उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनहित के लिए बहुत से नेक कार्य किए हैं और आगे भी करते रहेंगे भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़ी पार्टी है जो सभी लोगों का हित रखती है आज पार्टी का स्थापना दिवस जो मनाया जा रहा है वह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है और भारतीय जनता पार्टी का हर एक कार्यकर्ता तन मन धन से इस पार्टी के साथ डटकर खड़ा है ताकि देश के लिए यह पार्टी एक मजबूत पार्टी बन सके। इस स्थापना दिवस के दौरान दर्जनों महिलाएं शामिल रही जिनमें से सरोज, राजबाला, स्वीटी, बालाजी, वर्षा, नीतू, सुलोचना, कामिनी, रविना, सोशल मीडिया प्रभारी मीनू लोहचब आदि महिलाएं शामिल रही।

### बारामूला में दो बदमाश के खिलाफ पीएसए के तहत मामला दर्ज

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने शनिवार को बारामूला जिले में दो कथित बदमाशों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस ने शनिवार को दावा किया कि उसने केन्द्रशासित प्रदेश के बारामूला जिले में दो कथित बदमाशों के खिलाफ सार्वजनिक सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और उन्हें उधमपुर की जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया है।

## जम्मू-कश्मीर पुलिस ने चोरों के गिरोह का किया भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर पुलिस के गंदेरबल जिले में चोरों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर गिरोह के तीन सदस्यों को लाखों की चोरी का सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि गुंड थाने में 22 मार्च को हंग पार्क रेस्तरां के मालिक तजामुल हुसैन ने सामान चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 मार्च की मध्यरात्रि के दौरान कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने उनके रेस्तरां का ताला तोडकर दो इन्वर्टर, ट्रांसफार्मर, कॉफी मशीन, ग्रिलर टोस्टर, गैस स्टोव, गैस सिलेंडर, बर्तन, बिजली के तार और क्षतिग्रस्त सीसीटीवी कैमरे और अन्य सामान चुरा के फरार हो गये है।

गुंड थाना पुलिस ने कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच का जिम्मा अनुभागीय पुलिस अधिकारी कंगन मुजफ्फर जान की देखरेख में एक विशेष पुलिस टीम को सौंपा गया।

## शार्ट न्यूज

### शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को दी बधाई



रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के 2019 में पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी रहे शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने एक्स पर पोस्ट कर भारत की सबसे बड़ी और ताकतवर लोकतांत्रिक पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रकाश नड्डा सहित भाजपा के सभी करोड़ों सदस्यों और पदाधिकारियों को पार्टी के स्थापना दिवस पर अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। वत्स ने कहा कि कभी दो सांसदों वाली भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन गई है। इसका सारा श्रेय पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ताओं और शीर्ष नेतृत्व को जाता है। वत्स ने कहा कि भाजपा नेतृत्व 2024 के आम चुनावों में चार सो पार के नारे को साकार करने के लिए जी जान से जुटा है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व पटल पर भारत की छवि एक मजबूत राष्ट्र की बनी है। भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। देशवासियों का भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर बरकरार है।

### मोदीनगर में ग्रामीणों को किया नजर बंद

मोदीनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ग़ाज़ियाबाद आगमन पर पुलिस प्रशासन ने विकास संघर्ष समिति के सचिव सलेख भैया को शनिवार दोपहर से ही घर में नज़रबंद कर दिया जिससे की ग्रामीण प्रधानमंत्री से न मिल सके। विकास संघर्ष समिति के सचिव सलेख भैया ने बताया की पाइपलाइन मार्ग स्थित भिक्कनपुर गाँव के पास गाजियाबाद नगर निगम पिछले दो वर्ष से ग़ाज़ियाबाद शहर का कूड़ा डाल रहा है। जिससे पाइपलाइन मार्ग पर कूड़े का पहाड़ बन गया है जिससे क्षेत्र में वायु एवं जल प्रदुषण फेल रहा है और लोगो में अनेक प्रकार की जानलेवा बीमारियां हो रही है है। सलेख भैया ने बताया की विकास संघर्ष समिति के तत्वाधान में क्षेत्र के 16 गाँव में पद यात्रा की गयी थी जिसमे डंपिंग ग्राउंड हटायो अभियान के लिए जान जागरण किया गया था। उन्होंने बताया की लोकसभा चुनाव की घोषणा होने के बाद 16 गाँव के लोगो ने लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा की थी लेकिन क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी, भाजपा के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा के आश्वासन पर विगत 31 मार्च को हुई महापंचायत में आंदोलन को स्थगित करने की घोषणा की थी।

### यौन उत्पीड़न मामला : एलजी ने दी मंजूरी, आरोपी सहायक प्रोफेसर को किया निलंबित

नई दिल्ली। डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में सामने आए यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी सहायक प्रोफेसर को निलंबित किया जाएगा। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के लिए दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शनिवार को मंजूरी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का अधिकार केवल राष्ट्रीय राजधानी सिविल सेवा प्राधिकरण (एनसीसीएसए) के पास होता है। लेकिन छात्राओं की सुरक्षा, एनसीसीएसए के अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के न्यायिक हिरासत में होने की घटना को देखते हुए एलजी ने मामले के आरोपी सहायक प्रोफेसर डॉ. सलीम शेख के निलंबन को मंजूरी दे दी है। एलजी ने फाइल में लिखा है कि अनुशासनात्मक कार्रवाई पर निर्णय एनसीसीएसए द्वारा लिया जाना चाहिए और एनसीसीएसए की उचित अनुशंसा के साथ विभाग को प्रस्ताव फिर से प्रस्तुत करना चाहिए।

### विभिन्न समस्याओं को लेकर उद्यमी एवं व्यापारीगण एसीपी से मिलें



मोदीनगर। नगर के गणमान्य उद्यमी एवं व्यापारीगणों के एक प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को एसीपी के साथ बैठक कर चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से आ रही विभिन्न समस्याओं को रखा और बताया कि आचार संहिता लागू होने के बाद से व्यापारियों को पैसों को बैंक में जमा कराने अथवा लेने देन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस अथवा अन्य जांच एजेंसियों की बेवजह जांच के भय के चलते व्यापारीगण घर बैठे हैं। इस पर एसीपी से कोई सार्थक आश्वासन नहीं मिला। दूसरा बताया गया कि कोविड काल को छोड़ दिया जाए तो 1928 से ग्राम सीकरी खुर्द में ऐतिहासिक प्राचीन सीकरी मेला लगता आ रहा है किन्तु इस बार आचार संहिता का हवाला देकर मेले पर पाबंदी लगा दी है। इस पर भी एसीपी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया और बताया कि इस संबंध में शासनादेश है। इसमें पुलिस प्रशासन की कोई भूमिका नहीं है। इस बाबत सरकारी कमेटी बनाई गई है। कमेटी जो डिसाइड करेगी उसका पालन होगा। मंदिर परिसर में केवल प्रसाद की सीमित दुकानें ही लगेंगी। श्रद्धालुजन दर्शन करेंगे। इसकी चाक चौबंद इंतजाम किए जा रहे हैं। लेकिन इस बार मेला नहीं लगेगा।

# सिसोदिया को 18 अप्रैल तक राहत नहीं


**सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया**

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी।

सिसोदिया न्यायिक हिरासत में हैं और उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश किया गया।

दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री को सबसे पहले पिछले साल पहले 26 फरवरी को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने और बाद में नौ मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ट्रायल कोर्ट, दिल्ली उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय ने दोनों मामलों में उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था।

शीर्ष अदालत के जमानत से इनकार के खिलाफ श्री सिसोदिया की समीक्षा याचिका भी खारिज कर दी



थी। उनकी क्यूरेटिव याचिकाएं भी खारिज हो चुकी हैं।

आप नेता संजय सिंह (जमानत पर बाहर) भी श्री सिसोदिया के मामले की कार्यवाही के दौरान अदालत में पेश हुए। भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव की बेटी के कविता के वकील ने भी उनके मामले का उल्लेख किया। वकील नितेश राणा ने कल के आदेश का उल्लेख किया, जिसमें सीबीआई को सुश्री कविता से न्यायिक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी गई थी। राणा ने कहा कि सीबीआई का आवेदन उन्हें उपलब्ध नहीं कराया गया और उन्होंने कल के आदेश के खिलाफ आवेदन दायर किया है। उन्होंने अदालत से उनके आवेदन पर विचार करने का आग्रह किया क्योंकि सीबीआई किसी भी समय कविता से पूछताछ कर सकती है। कोर्ट ने कहा कि मामला सूचीबद्ध होने पर सुनवाई होगी।

वरिष्ठ अधिवक्ता विक्रम चौधरी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सुश्री कविता के लिए बहस की। कोर्ट ने चौधरी से पूछा कि किस धारा के तहत आवेदन दिया गया है। उन्होंने कहा,आपको अदालत को उस प्रावधान के बारे में आश्वस्त करना होगा जो आपको वह राहत देता है जो आपने मांगी है। आप कह रहे हैं कि कोई प्रावधान नहीं है लेकिन आप फैसले पर भरोसा कर रहे हैं?

कविता की अर्जी पर जवाब देने के लिए सीबीआई के वकील ने समय मांगा। इसके बाद अदालत ने कविता की अर्जी को बहस के लिए 10 अप्रैल दोपहर 12 बजे के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

इसके बाद अदालत ने श्री मनीष सिसोदिया की ओर से दायर दूसरी जमानत याचिका पर सुनवाई शुरू की। ईडी की ओर से पेश विशेष वकील जोहेब हुसैन ने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर पहले ही ईडी मामले में दलीलें दे चुके हैं।

एडवोकेट हुसैन ने तर्क दिया कि उनके तर्क का मुख्य जोर मुकदमे में देरी पर था। उन्होंने गुण-दोषों को ज्यादा नहीं छुआ है और शीर्ष अदालत के फैसले पर दलीलें दी हैं।

मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका दोपहर 12 बजे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध थी, लेकिन दोपहर 2.30 बजे तक इस पर सुनवाई नहीं हुई। सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई आठ अप्रैल को भी जारी रहेगी।

# बस ने दिल्ली-मेरठ मार्ग पर तीन लोगों को मारी टक्कर

मोदीनगर। तेज रफ्तार डग्गा मार बस ने सुबह आठ बजे के आसपास दिल्ली मेरठ मार्ग पर बस स्टैण्ड़ से लेकर कपड़ा मिल गेट कॉलोनी तक एक छात्रा सहित तीन लोगों को टक्कर मारकर घायल कर दिया। छात्रा की हालात गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने डग्गामार बस को कब्जे में ले लिया है, जबकि चालक फरार हो गया।

मुरादनगर की जीतपुर कॉलोनी निवासी योगेन्द्र कुमार परिवार सहित रहते है। उनकी पुत्री पारुल मोदीनगर स्थित डॉ.केएन मोदी कॉलेज में बीसीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। सुबह योगेन्द्र सिंह अपनी पुत्री पारुल को कॉलेज के बाहर छोड़कर गए थे। वह कॉलेज के बाहर खड़ी हुई थी। इसी बीच गाजियाबाद की और से आ रही तेज रफ्तार डग्गामार बस ने छात्रा को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्रा उछलकर काफी दूर जा गिरी। बताया जा रहा है कि चालक ने बस स्टैण्ड़ व राज चौपले पर भी तीन लोगों को टक्कर मारी थी। चालक काफी लापरवाही से बस चला रहा था। छात्रा को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन हालात गंभीर होने पर मेरठ के लिए रेफर कर दिया गया। छात्रा के पिता योगेन्द्र सिंह ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने डग्गामार बस को जब्त कर लिया है, जबकि चालक फरार हो गया।

### सड़क हादसे में महिला गंभीर रूप से हुई घायल

दिल्ली मेरठ मार्ग पर उखालरसी कॉलोनी में चम्पा देवी स्कूल के सामने तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही महिला को टक्कर मार दी। हादसे में महिला गंभीर रुप से घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरु कर दी है। आदर्श नगर कॉलोनी निवासी महिला अनीसा किसी काम से न्यू डिफेंस कॉलोनी गई थी।

# दिल्ली में 100 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं की संख्या बढ़ी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में इस बार बीते लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 गुणा अधिक संख्या में 100 साल से अधिक उम्र के मतदाता मतदान करेंगे। दिल्ली में 100 साल या इससे अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 1004 है। ऐसे बुजुर्गों के लिए मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय की ओर से लोकसभा चुनाव में मतदान की विशेष व्यवस्था की जाएगी। ऐसा देखा गया है कि बुजुर्ग मतदाताओं में युवाओं की अपेक्षा मतदान के लिए ज्यादा उत्साह रहता है। यही वजह है कि उन्हें मतदान करने के लिए जागरूक नहीं करना पड़ता है और अगर संभव होता है तो वे व्हीलचेयर, लाठी या फिर अन्य किसी सहारे के माध्यम से कैसे भी मतदान केंद्रों पर मत प्रयोग करने के लिए पहुंच जाते हैं। निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि जो बुजुर्ग चलने में असमर्थ हैं, उनके लिए घर पर ही मतदान केंद्र बनाया जाएगा। वहीं जो लोग मतदान केंद्रों तक आना चाहते हैं, उनके लिए व्हीलचेयर, ई-रिक्शा की भी व्यवस्था की जाएगी। राजधानी में बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या पिछले लोकसभा चुनाव की तुलना में 10 गुना से ज्यादा बढ़ी है और वर्तमान में इनकी संख्या 1004 है, जिनमें 541 पुरुष जबकि 463 महिला मतदाता हैं। ऐसे में



इन वृद्धों के शत-प्रतिशत मतदान को सुनिश्चित करने के लिए इस बार विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी वयोवृद्ध मतदान करने से न चूके। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय की तरफ से बुजुर्गों के मतदान के लिए विशेष प्रयास किया जा रहा है। ताकि सभी बुजुर्ग मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकें।

बुजुर्ग मतदाताओं के लिए दो तरह की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। जो बुजुर्ग मतदाता, घर से बाहर निकलकर मतदान केंद्र तक जाने की स्थिति में नहीं होंगे, उन्हें घर पर ही मतदान करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं, जो चल-फिर सकते हैं, उनके लिए नि:शुल्क परिवहन सुविधा की व्यवस्था की जा रही है, जो उन्हें घर से मतदान केंद्र तक ले जाएगी और फिर मतदान के बाद वापस उन्हें घर तक छोड़ेगी।

### मोदीनगर में दबंग ने युवक को जमकर पीटा, फोड़ा सिर

मोदीनगर। मुरादनगर थानाक्षेत्र के गांव ढिड़ार में चारपाई ना बुनने से नाराज दबंग ने घर में घुसकर एक युवक की बेहरमी से पिटाई कर दी। इतना ही दीवार में सिर मारने से फट गया। गंभीर हालात में युवक को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गांव ढिड़ार निवासी दयावती परिवार सहित रहती है। उनका 40 वर्षीय पुत्र लोकेश शर्मा चारपाई बुनने का काम करता है। उसने गांव के ही जीत सिंह की चारपाई बुनने की बात कहीं। जीत सिंह ने लोकेश शर्मा को 100 रुपए एडवांस दे दिए और वह चारपाई बुनने लगा। इसी बीच वह अपने घर वापस आ गया। पीछे पीछे जीत सिंह भी उनके घर पहुंच गया और गाली-गलौज करने लगा। देखते ही देखते बात इतनी बिगड़ी कि जीत सिंह ने लोकेश शर्मा के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इतना पीटा गया कि वह बेहोश हो गया। बेहोश होने के बाद भी लोकेश शर्मा को उठाकर उसका सिर दीवार में दे मारा, जिस कारण सिर फट गया। परिजनों ने युवक को अस्पताल में भर्ती कराकर मुरादनगर थाने में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी जीत सिंह को गिरफ्तार कर लिया।

# 34 में से 15 नामांकन सही, 19 रद्द

**नोएडा में 8 अप्रैल तक नाम वापस ले सकते हैं, आजाद अधिकार सेना के प्रत्याशी ने लगाया आरोप**

नोएडा। गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट पर 34 उम्मीदवार ने नामांकन किया था। जिला निर्वाचन अधिकारी ने जांच के बाद 15 उम्मीदवार सही पाए गए और 19 फॉर्म रद्य कर दिए गए। 8 अप्रैल को नाम वापस लेने की अंतिम तिथि है। यहां दूसरे चरण में मतदान होना है। 4 जून को मतगणना होगी। वहीं आजाद अधिकार सेना के अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने उनकी पार्टी के प्रत्याशी का पर्चा जानबूझकर रद्य का आरोप लगाया है।

जिला निर्वाचन अधिकार मनीष वर्मा ने बताया कि भाजपा से डॉक्टर महेश शर्मा, सपा से डॉक्टर महेंद्र नागर, बहुजन समाज पार्टी से राजेंद्र सोलंकी सहित 34 उम्मीदवार ने नामांकन किया था।

जिनके प्र पत्रों की जांच की गई। 19 उम्मीदवार के फॉर्म में कमियां पाई गई। इस वजह से उनका फार्म रिजेक्ट कर दिया गया।

### फाइनल प्रत्याशियों की लिस्ट

राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त और राज्य राजनैतिक दलों के प्रत्याशी
समाजवादी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन से डॉक्टर महेंद्र नागर
भारतीय जनता पार्टी से डॉक्टर महेश शर्मा



बहुजन समाज पार्टी के राजेंद्र सिंह सोलंकी
राष्ट्रीय पार्टियों से अलग रजिस्टर्ड राजनैतिक दल
किशोर सिंह नेशनल पार्टी
नरेश नौटियाल भारतीय राष्ट्रीय जन सत्ता
नारावेदश्वर सुभाष वादी भारतीय समाजवादी पार्टी (सुभाष पार्टी)
भीम प्रकाश जिज्ञासु वीरों के वीर इंडियन पार्टी
मनीष कुमार द्विवेदी अखिल भारतीय परिवार पार्टी
रण सिंह डुडी सुपर पावर इंडिया पार्टी
राजीव मिश्रा जय हिंद नेशनल पार्टी

### निर्दलीय उम्मीदवार

पराग कौशिक
महकार सिंह
मौ. मुमताज आलम और शिवम आशुतोष

### गौतम बुद्ध नगर प्रत्याशी का पर्चा जानबूझकर खारिज किए जाने के आरोप

आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने गौतमबुद्ध नगर से उनकी पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी यतेंद्र शर्मा का पर्चा जानबूझकर सत्ताधारी पार्टी के गलत दबाव में खारिज किए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहां कि यतेंद्र शर्मा द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वह सुबह से चुनाव कार्यालय में मौजूद थे। उनका पर्चा पूरी तरह सही था फिर भी उनके द्वारा रिवाइज्ड एफिडेबिट नहीं दिए जाने के आधार पर उनका परिचय खारिज किया गया है। जो पूर्णतया असत्य है। अमिताभ ठाकुर ने डीएम नोएडा की भूमिका पर सवाल लगाते हुए चुनाव आयोग से इस पूरे प्रकरण को संज्ञान में लेकर समुचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# स्मृति ईरानी ने छात्राओं को दिया 'विकसित भारत, सशक्त नारी' का मंत्र

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के मल्टी पर्प्ज हाल में गुरुवार को विकसित भारत एंबेसडर-नारी शक्ति कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास और अल्पसंख्यक मामलों की केंद्रीय कैबिनेट मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने हिस्सा लिया। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने मंच चर्चा के पश्चात छात्राओं से बातचीत भी की और उपस्थित छात्राओं को 'विकसित भारत, सशक्त नारी' का मंत्र भी दिया। कार्यक्रम में डीयू के अनेकों संस्थानों से करीब 5 हजार छात्राओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं की मांग पर डीयू में महिला छात्रावास के लिए निर्भया फंड से अनुदान की घोषणा भी की।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कॉन्क्लेव में छात्राओं के साथ संवाद करते हुए कहा कि जब नरेंद्र मोदी पहली बार भारत के



प्रधानमंत्री बने थे तो उन्होंने एक सेवक की तरह संसद की चौखट पर माथा टेका था। फिर उन्होंने बिल्कुल वैसे ही देशभर में स्वच्छता अभियान चलाया, जैसे किसी मंदिर में जाते ही उसका कोई सेवक साफ-सफाई का काम करता है। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं से विकसित भारत का अर्थ पूछते हुए सामाजिक कार्यों में सक्रिय कई छात्राओं की शंकाओं का समाधान भी किया। उन्होंने कहा कि यहाँ मौजूद प्रत्येक व्यक्ति को विश्वास है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र होगा और उन सबकी भागीदारी उसमें होगी। केंद्रीय मंत्री ने सभी से आह्वान करते हुए कहा, यही समय है, सही समय है। हमें बताएं कि आप कैसे अपने देश के लिए योगदान कर सकती हैं। हमें बताएं कि आप अपने प्रधानमंत्री से कैसे सीधे बात कर सकती हैं। उनके साथ नीतियों पर बात करें, एजेंडे पर बात करें, उनसे उस आइडिया पर बात करें जिससे आपको लगता है कि आपके देश और देशवासियों का विकास हो सकता है। इस अवसर पर डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सभी को विकसित भारत का राजदूत बनने और इसे एक जन-संचालित आंदोलन बनाने का आह्वान किया गया है। इसी को आगे बढ़ाते हुए, नागरिकों को एकजुट करने के लिए राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि 8 मार्च को आने वाले अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मद्देनजर डीयू में इस कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया है। प्रो. योगेश सिंह ने संसद से नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने पर उपस्थित महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि स्पेस और आईटी में भारत शानदार प्रदर्शन कर रहा है और इनमें 33 प्रतिशत से ज्यादा महिलाओं की भागीदारी है।

# वहशी पिता ने 11 वर्षीय पुत्री से किया दुष्कर्म, गिरफ्तार

हापुड़। यूपी के कोतवाली हापुड़ नगर के एक मोहल्ला में एक वहशी पिता ने अपनी 11 वर्षीय पुत्री को हवस का शिकार बनाया। आरोपी ने इससे पहले बच्ची की मां को भी जमकर पीटा। पीड़ित मां ने अपने पति के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

मोहल्ला निवासी महिला ने बताया कि वह किराये के मकान में अपने चार बच्चों के साथ रहती है। वहीं, उसका पति शराबी व अय्याश किस्म का व्यक्ति है। वह आए दिन शराब पीकर उसके व बच्चों के साथ मारपीट करता रहता है। चार अप्रैल को आरोपी ने उसकी पिटाई की और घर से भगाने का प्रयास किया।

इसके बाद आरोपी ने उसकी 11 वर्षीय पुत्री के साथ जबरन दुष्कर्म किया। इससे पुत्री के गुप्तांग से खून भी बहने लगा। आरोपी से परेशान होकर जब वह घर में अपना सामान बैग में भर रही थी तो उसकी पुत्री ने बताया कि आरोपी पिता ने इससे पहले भी कई बार उसके साथ दुष्कर्म किया है। इसके बाद उसने अपनी पुत्री को साथ लेकर इसकी शिकायत कोतवाली में पहुंचकर की। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया गया है।

# मनीष सिसोदिया के साथ आरोपी पक्ष मुकदमे में जानबूझकर कर रहे देरी : ईडी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को अदालत को बताया कि दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य आरोपी आबकारी नीति मामले में मुकदमे में जानबूझकर देरी कर रहे हैं। ईडी पक्ष की ओर से वकील जोहेब हुसैन ने सिसोदिया की ओर से दायर जमानत याचिका का विरोध किया। साथ ही, राउज एवेन्यू कोर्ट की विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के सामने अपनी दलीलें दीं। वहीं, अधिवक्ता मोहित माथुर ने सिसोदिया की ओर से इस पर बहस की। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित की है।

हुसैन ने अदालत को बताया कि मुकदमे में देरी की सबसे बड़ी वजह भी सिसोदिया की ओर से लगातार जमानत की मांग करना है। उन्होंने कहा कि मामले में देरी आरोपी पक्ष के कारण हो रही है। ईडी की तरफ से कोई समस्या नहीं आ रही है। आरोपियों की तरफ से अब तक 95 आवेदन दायर किए जा चुके हैं। इनमें से सिसोदिया की तरफ से 6 आवेदन दायर किए गए। यह ईडी का समय बर्बाद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

हुसैन ने कहा कि सिसोदिया उस शराब नीति के लिए जिम्मेदार थे, जिसे कई आरोपी व्यक्तियों द्वारा अपराध की लूटी गई आय को स्थापित करने और थोक लाभ को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया था। हुसैन ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए यह भी दलीलें दीं कि आबकारी नीति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग का अपराध सिसोदिया के बिना संभव नहीं हो सकता था। ईडी ने आरोप लगाया कि थोक वितरकों ने 581 करोड़ रुपये की निश्चित फीस हासिल की थी। इससे नई आबकारी नीति में मुनाफा 5 से बढ़कर 12 प्रतिशत हो गया था, जिसे बाद में खत्म किया गया। थोक विक्रेताओं की ओर से कमाए गए बड़े मुनाफे के चलते ही सुप्रीम कोर्ट ने अक्तूबर में सिसोदिया की याचिका खारिज की थी।

# हार्ट कमांड सेंटर में हर दिन देखे जाते हैं हार्ट अटैक के 10-15 मरीज

**हार्ट कमांड सेंटर खुलने के बाद कैथ लैब प्रक्रिया तीन गुना बढ़ी**

नई दिल्ली। इस तथ्य को देखते हुए कि हृदय रोग तेजी से बढ़ रहे हैं और भारत सहित दुनिया भर में मृत्यु का सबसे आम कारण हैं, किसी भी अस्पताल का कार्डियोलॉजी विभाग एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में सफदरजंग अस्पताल के एक कोने में स्थित और दिल्ली के मध्य में स्थित, कार्डियोलॉजी विभाग ने पिछले कुछ दशकों में हृदय देखभाल में लगातार और निश्चित प्रगति की है।

1980 के दशक के उत्तरार्ध में इसकी विनम्र शुरुआत हुई, एक एनेस्थिसियोलॉजी संचालित आईसीयू के साथ पुराने बैरक में 6 बिस्तरों वाली गहन कोरोनरी केयर यूनिट





(आईसीसीयू) के रूप में शुरू हुई। 1992 में, विभाग ने ट्रेडमिल और इकोकार्डियोग्राफी जैसी गैर-आक्रामक सेवाएं शुरू कीं। वास्तविक प्रगति वर्ष 2000 में शुरू हुई, जब कार्डिएक कैथीटेराइजेशन प्रयोगशाला (यानी कैथ लैब) शुरू की गई और बिस्तरों की संख्या बढ़कर 20 हो गई। नए, प्रशिक्षित संकाय के बाद एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी और स्टेंट प्लेसमेंट, पेसमेकर, वाल्व प्रक्रियाएं जैसी पारंपरिक प्रक्रियाएं शुरू की गईं। डीएम कार्डियोलॉजी में आये. कुछ वर्षों में बिस्तरों की संख्या बढ़कर 32 हो गई और सेवाओं की संख्या और प्रकृति में वृद्धि हुई।

2018 में प्रधान मंत्री मोदीजी द्वारा सुपर स्पेशलिटी ब्लॉक (एसएसबी) के उद्घाटन से प्रक्रियाओं की संख्या और प्रकार में तेजी से सुधार हुआ। 4 आधुनिक कैथ लैब, नवीनतम ऑप्टिकल कोहेरेंस टोमोग्राफी, इंट्रावास्कुलर अल्ट्रासाउंड, फ्रैक्शनल फ्लो रिजर्व, 2डी और 3डी इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी और एब्लेशन सिस्टम, मल्टीपल इकोकार्डियोग्राफी, होल्टर और ट्रेडमिल मशीनों के अलावा, विभाग में कुल लगभग 120 इनडोर बेड हैं और इसमें एक पूरी तरह सुसज्जित आईसीसीयू और राउंड शामिल है। हृदय संबंधी आपात स्थितियों के लिए क्लॉक हार्ट कमांड सेवाएँ, जो एक वर्ष में लगभग 10,000 कैथ लैब प्रक्रियाओं को सक्षम बनाती हैं। विभाग लगभग सभी कार्डियक हस्तक्षेप प्रक्रियाओं की पेशकश करता है जो किसी भी आधुनिक कार्डियोलॉजी सेटअप में की जा रही हैं। विभाग ने रेडियोफ्रीक्वेंसी एब्लेशन की पेशकश करने वाली नई इलेक्ट्रोफिजियोलॉजी सेवाएं शुरू की हैं। वेंट्रिकुलर टैचीकार्डिया (वीटी) एब्लेशन नियमित रूप से क्षेत्र के विशेषज्ञों द्वारा किया जा रहा है, जो देश में कुछ चुनिंदा लोगों का क्षेत्र है।

हार्ट अटैक के मरीजों के लिए प्राथमिक एंजियोप्लास्टी की चौबीसों घंटे उपलब्धता समय की मांग है।

## संपादकीय

# महंगाई पर नियंत्रण करने की जरूरत

महंगाई एक ऐसी समस्या है जो समाज के हर वर्ग को प्रभावित करती है। यह वृद्धि न केवल लोगों की आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है, बल्कि उसके व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन को भी प्रभावित करती है। महंगाई की चरम स्थिति में, जीवन का निरंतर लड़ाई होती है, जहां लोग अपनी आर्थिक सुरक्षा के लिए बचत नहीं कर पाते हैं। इसलिए, महंगाई पर नियंत्रण करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां हम महंगाई पर नियंत्रण की जरूरत पर विस्तृत चर्चा करेंगे।

महंगाई का प्रमुख कारण अर्थव्यवस्था में बदलाव है। अर्थव्यवस्था में वृद्धि, उत्पादन की वृद्धि और आधुनिकीकरण के लिए अच्छी है, लेकिन इसके साथ ही यह महंगाई को भी बढ़ाता है। उत्पादन में वृद्धि के कारण उत्पादों की मांग बढ़ जाती है और इससे उत्पादों की कीमतों में वृद्धि होती है। इसके अलावा, विभिन्न कारकों जैसे कि असमान आय वितरण, भारी टैक्सेशन, बुरी जीवनशैली आदि भी महंगाई को बढ़ावा देते हैं।

### महंगाई के प्रभाव

महंगाई के प्रभाव काफी व्यापक होते हैं। पहले तो, यह व्यक्तिगत आर्थिक स्थिति को प्रभावित करती है। लोगों को अपनी आजीविका के लिए अधिक धन खर्च करना पड़ता है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं रहती। दूसरे, महंगाई सामाजिक विघटन को भी बढ़ाती है। लोगों को अपनी सामाजिक और परिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें आती हैं।

### महंगाई को नियंत्रित करने के उपाय

सरकारी कदम: सरकार को महंगाई को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न कदम उठाने चाहिए। उन्हें महंगाई के तेवर को पूर्वानुमान करने के लिए नीतियों को समीक्षित और संशोधित करने की आवश्यकता है।

उत्पादक के साथ सहयोग: उत्पादकों को सरकारी नीतियों का समर्थन करना चाहिए ताकि महंगाई को नियंत्रित किया जा सके।

विदेशी निवेशों का प्रबंधन: विदेशी निवेशों को भारतीय अर्थव्यवस्था में संतुलित रूप से प्रबंधित करना चाहिए ताकि उनका महंगाई पर अधिक प्रभाव न हो।

आर्थिक नियमों का संशोधन: आर्थिक नियमों को संशोधित किया जाना चाहिए ताकि उत्पादन और वितरण को बढ़ावा मिल सके, जो महंगाई को कम करने में मदद कर सकता है।

अधिक संचार: लोगों को महंगाई के प्रभावों के बारे में जागरूक करना चाहिए ताकि वे सही नीतियों का समर्थन कर सकें।

कृषि उत्पादन में निवेश : कृषि उत्पादन में निवेश को बढ़ावा देना चाहिए ताकि खाद्य आइटमों की कीमतों में कमी आ सके।

महंगाई को नियंत्रित करना आवश्यक है ताकि समाज के हर वर्ग को समृद्धि का लाभ मिल सके। सरकार, सामाजिक संगठन और व्यक्तिगत स्तर पर हमें इस समस्या का सामना करना होगा। यह संघर्ष हमारी सफलता की गारंटी होगी, जिससे हम सभी का भविष्य सुरक्षित और सुखमय हो सके।

# राजनीतिक पार्टियां समीकरण साधने की जुगत में

पिछले कुछ समय से तो लोगों को कोई सामान, उपहार या सुविधा मुफ्त में मुहैया कराने के वादे करके वोट मांगने का चलन हावी होता दिख रहा है।

लोकसभा चुनाव कार्यक्रमों की घोषणा के साथ ही सभी राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने समीकरणों के साथ प्रचार अभियान में लग चुकी हैं। रैलियों और भाषणों में अनेक मुद्दों पर बात की जाती है, लेकिन किसी पार्टी का रुख इस बात से आंका जाता है कि चुनाव में जनता को अपने पक्ष में मत देने के लिए घोषणा पत्र में वह क्या वादे करती है।

इस क्रम में शुक्रवार को कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा पत्र जारी किया, जिसे 'न्यायपत्र 2024' का नाम दिया गया है। इसमें कांग्रेस ने जनता से वादा किया है कि वह सत्ता में आने पर अलग-अलग सामाजिक वर्गों की स्थिति में सुधार के लिए नई योजनाएं लाएगी। मसलन, उसने अपने घोषणापत्र की पच्चीस गारंटियों को ठोस बताया है। हर गरीब महिला को हर वर्ष एक लाख रुपए, किसानों को कर्जमाफी के साथ न्यूनतम समर्थन मूल्य कानून, मनरेगा में कम से कम मजदूरी चार सौ रुपए की गारंटी के अलावा सामाजिक-आर्थिक समानता के लिए जाति आधारित जनगणना कराने जैसे कई वादे किए गए हैं।

इसमें एक तरह से भाजपा की ओर से जारी एक नारे 'मोदी की गारंटी' का जवाब देने की कोशिश है कि अगर मतदाता केंद्र में कांग्रेस को सरकार बनाने का मौका देते हैं, तो वह अपने घोषणापत्र में दर्ज जनता के कल्याण कार्यक्रमों को 'गारंटी' के स्तर पर लागू करेगी। यह छिपा नहीं है कि चुनाव आने पर राजनीतिक पार्टियों और उनके नेताओं की ओर से कितने बड़े-बड़े और कैसे वादे किए जाते हैं।

पिछले कुछ समय से तो लोगों को कोई सामान, उपहार या सुविधा मुफ्त में मुहैया कराने के वादे करके वोट मांगने का चलन हावी होता दिख रहा है। सवाल है कि आखिर ऐसा क्या हो जाता है कि किन्हीं हालात में अगर उन्हें सरकार बनाने का मौका मिल जाता है तो उसके बाद वे या तो उन वादों को भूल जाते हैं या फिर उन्हें पूरा करने को लेकर वे अपनी कोई जिम्मेदारी नहीं समझते। जबकि जनता आमतौर पर राजनीतिक दलों और उनके नेताओं की ओर से अपने भाषणों में दिए गए भरोसे, घोषणापत्र में दर्ज वादों के आधार पर किसी पार्टी को अपना समर्थन देकर सत्ता में पहुंचाती है और उसके बाद अपने लिए किसी कल्याण कार्यक्रम का इंतजार करती रह जाती है।

अव्वल तो जनता को ऐसे वादों के प्रति जवाब मांगने का मौका नहीं मिल पाता, क्योंकि चुने जाने के बाद बहुत कम जनप्रतिनिधि जनता के बीच अपनी मौजूदगी बनाए रखते हैं। दूसरे, अगले चुनाव तक फिर से राजनीतिक दलों के वादों का एक नया संजाल खड़ा हो चुका होता है। वादे करके उसे पूरा नहीं करने को लेकर सवाल भी उठते रहे हैं।

इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट ने काफी पहले चुनाव लड़ने वाले दलों और उम्मीदवारों के बीच समान अवसर सुनिश्चित करने और चुनाव प्रक्रिया की शुचिता खराब न होने देने के लिए निर्वाचन आयोग को निर्देश जारी करने को कह चुका है। निर्वाचन आयोग ने भी यह स्पष्ट कर रखा है कि राजनीतिक दलों को ऐसे वादे करने से बचना चाहिए, जिनसे चुनाव प्रक्रिया की शुचिता प्रभावित हो या मतदाताओं पर उनके मताधिकार का प्रयोग करने में अनुचित प्रभाव पड़ने की संभावना हो। ऐसे में स्वाभाविक ही यह सवाल उठता है कि इस आम चुनाव के मद्देनजर अपने-अपने घोषणा पत्रों में किए गए वादों को पूरा करने को लेकर कांग्रेस या अन्य सभी पार्टियां कितनी गंभीर और जिम्मेदार होंगी!



विश्व स्वास्थ्य दिवस- 7 अप्रैल, 2024

# बढ़ती बीमारियों के बीच स्वास्थ्य-क्रांति की अपेक्षा



-ललित गर्ग-



हर वर्ष दुनिया के लोगों की उन्नत स्वास्थ्य की अपेक्षा के साथ 7 अप्रैल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) विश्व स्वास्थ्य दिवस मनाता है। दुनिया भर में लोगों को प्रभावित करने वाले एक विशिष्ट स्वास्थ्य मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाना इसका ध्येय है। यह सामूहिक कार्रवाई, शिक्षा और सभी के लिए स्वास्थ्य के महत्व को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित करने का दिन है। 2024 की थीम - 'मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार' है। डब्ल्यूएचओ के मुताबिक स्वास्थ्य का मतलब सिर्फ स्वस्थ खाना नहीं है, बल्कि यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि कैसे दुनिया एक साथ आकर सभी को लंबा और स्वस्थ जीवन जीने में मदद कर सकती है। चिकित्सा के क्षेत्र में नए खोज, नई दवाओं और नए टीकों को बनाने के साथ ही स्वास्थ्य के मुद्दों के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाना भी विश्व स्वास्थ्य संगठन की प्राथमिकता है। सन् 1948 में, दुनिया के तमाम देशों ने एक साथ मिलकर स्वास्थ्य को बढ़ावा देने, दुनिया को सुरक्षित रखने और कमजोर लोगों की सेवा करने के लिए डब्ल्यूएचओ की स्थापना की, ताकि हर व्यक्ति हर जगह स्वस्थ्य रहे और उच्चतम स्तर की मदद प्राप्त कर सके। इसके दो साल बाद 1950 में पहला विश्व स्वास्थ्य दिवस 7 अप्रैल को मनाया गया। इस बार का विषय इस सोच को दर्शाता है कि स्वास्थ्य एक बुनियादी मानव अधिकार है और हर किसी को बिना किसी वित्तीय कठिनाइयों के जब और जहां इसकी आवश्यकता हो, उसे स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए।

दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है। निरन्तर बढ़ती हुई बीमारियों को रोकने के लिये नई-नई चिकित्सा पद्धतियां असफल हो रही है। जैसे-जैसे विज्ञान रोग-प्रतिरोधक औषधियों का निर्माण करता है, वैसे-वैसे बीमारियां नये रूप, नये नाम और नये परिवेश में प्रस्तुत हो रही है। 2021 में दुनिया की आधी आबादी से अधिक, 4.5 बिलियन से अधिक लोगों के पास आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पर्याप्त पहुंच नहीं थी। दो अरब लोग स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं क्योंकि उनके पास विभिन्न रोगों के उपचार पर खर्च करने के लिए पैसे नहीं हैं। दुनिया भर में लगभग 930 मिलियन लोगों को अपने घरेलू बजट का 10 प्रतिशत या उससे अधिक स्वास्थ्य पर खर्च करना पड़ रहा है, जिससे उनकी वित्तीय हालत और खराब हो रही है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस केवल जागरूकता बढ़ाने के बारे में नहीं है; यह परिवर्तन का उत्प्रेरक है, यह स्वास्थ्य-क्रांति का शंखनाद है। यह व्यक्तियों को स्वस्थ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित करता है, सरकारों को स्वास्थ्य देखभाल के बुनियादी ढांचे और संसाधनों में निवेश करने के लिए प्रेरित करता है, और स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों को उनके द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं में लगातार सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। यह दिन सीमाओं और सांस्कृतिक विभाजनों से परे है। यह दुनिया भर के लोगों को एक समान लक्ष्य में एकजुट करता है, एक ऐसी दुनिया जहां हर कोई अच्छे स्वास्थ्य के साथ पनप सके। यह प्रभावी, सुरक्षित, सस्ती और सांस्कृतिक रूप से उपयुक्त स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर जोर देता है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस विश्व क्षय रोग दिवस, विश्व टीकाकरण सप्ताह, विश्व मलेरिया दिवस, विश्व तंबाकू निषेध दिवस, विश्व एड्स दिवस, विश्व रक्तदाता दिवस, विश्व चगास रोग दिवस, विश्व रोगी दिवस के साथ डब्ल्यूएचओ द्वारा चिह्नित 11 आधिकारिक वैश्विक स्वास्थ्य अभियानों में से एक है। इस साल डब्ल्यूएचओ अपनी 75वीं वर्षगांठ भी मना रहा है, इसलिए इस दिन को खास बनाने के लिए, डब्ल्यूएचओ उन सार्वजनिक स्वास्थ्य सफलताओं को भी देखेगा, जिन्होंने पिछले साढे सात दशकों के दौरान जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। विश्व स्वास्थ्य दिवस स्थान, सामाजिक आर्थिक स्थिति या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना स्वास्थ्य के अधिकार को मौलिक मानव अधिकार के रूप में उजागर करता है। यह एक ऐसी दुनिया की वकालत करता है जहां केवल कुछ विशेषाधिकार प्राप्त लोगों को ही नहीं, बल्कि सभी को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक समान पहुंच प्राप्त हो। यह दिवस स्वास्थ्य देखभाल और बीमारी की रोकथाम में प्रगति को स्वीकार करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। सफल रणनीतियों और नवाचारों को उजागर करना वैश्विक स्वास्थ्य परिणामों में सुधार के लिए आगे की सफलताओं और प्रतिबद्धता को प्रेरित कर सकता है।

भारत की स्वास्थ्य स्थितियां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सुधर रही है, लेकिन इस सुधार में तीव्रता की अपेक्षा है। डब्ल्यूएचओ द्वारा जारी डेटा ने भारत में एक और बढ़ते स्वास्थ्य संकट पर प्रकाश डाला है और यह है मोटापा और एनीमिया। रिपोर्ट के अनुसार, अब पुरुषों की तुलना में दोगुनी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हो रही हैं। वहीं मोटापे के मामले में आंकड़ों पर नजर डालें तो महिलाओं में मोटापा 2015-16 में 21 प्रतिशत से बढ़कर 2019-20 में 24 प्रतिशत हो गया है। इनके अलावा रिपोर्ट में कहा गया है कि गुजरात, महाराष्ट्र सहित भारत के प्रमुख राज्यों में बच्चों में भी मोटापे में वृद्धि देखी जा रही है। दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ, भारत 1.4 अरब से अधिक लोगों का घर है। 2018 में प्रति महिला औसतन दो बच्चों के जन्म पर, देश की जन्म दर प्रति हजार निवासियों पर 18.6 थी। औसत जीवन प्रत्याशा में 1920 के दशक से लगातार वृद्धि देखी गई है और 2019 में यह लगभग 69 वर्ष थी। हालाँकि, यह अभी भी लगभग 72 वर्षों के वैश्विक औसत से कम थी। विशेष नवजात देखभाल इकाइयों, नियमित टीकाकरण और बुनियादी मां और बच्चे की देखभाल सुविधाओं तक पहुंच प्रदान करने पर सरकार के बढ़ते ध्यान के कारण पिछले कुछ वर्षों में शिशु मृत्यु दर में भी लगातार गिरावट आई है। इसके अलावा, जब से कन्या भ्रूण हत्या और लिंग-चयनात्मक गर्भपात के सरकारी नियमों ने ऐसी प्रक्रियाओं को अवैध बना दिया है तब से देश में इसमें अपेक्षाकृत गिरावट देखी गई है।

विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों में बीमारियों पर नियंत्रण के लिये योग एवं साधना, संतुलित आहार एवं संयमित जीवनशैली को भी हिस्सा बनाना चाहिए। हमारे शरीर के दो महत्वपूर्ण अवयव हैं- दिल और दिमाग। यानी हृदय और मस्तिष्क। ये दोनों समूचे शरीर-तंत्र का संचालन एवं नियमन करते है। शरीर के प्रत्येक अवयव की जीवंतता, सक्रियता, क्षमता और स्वस्थता इन दानों की स्वस्थता पर निर्भर करती है। जितनी भी मानसिक और कायिक बीमारियां या विकृतियां उत्पन्न होती है, वे इस बात की गवाह है कि किसी एक ने 'रोड क्रोसिंग' पर खड़े 'ट्रेफिक पुलिस' के निर्देशों की उपेक्षा कर 'ओवर टेकिंग' की कोशिश की है। सारी दुनिया में बढ़ते हुए मनोरोग एवं हृदयरोग इसी आंतरिक अव्यवस्था का परिणाम है। अन्य असाध्य बीमारियों का कारण भी असंतुलित जीवनशैली है।

इसलिये अच्छे स्वास्थ्य के लिये मानसिक स्वास्थ्य एवं भावनात्मक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बरतना नितान्त अनिवार्य है और ऐसी जागृति के लिये विश्व स्वास्थ्य दिवस जैसे आयोजनों को माध्यम बनाया जाना चाहिए।

# पृथ्वी पर बड़े खतरे का संकेत

भारत जैसे विकासशील देश में ही जहां गरीबी ने अपना परचम फैला रखा है।

शहरों में पेट्रोल ,डीजल, केरोसिन से चलने वाली गाड़ियों और वातानुकूलित यंत्रों याने ए,सी की संख्या में बेतहाशा वृद्धि होने से वातावरण में उष्णता बढ़ते जा रही हैद्य इसके अलावा वनों का विनाश एक भयानक समस्या के रूप में देश में फैलता जा रहा हैद्य अंधाधुंध फैक्ट्रियों एवं मशीनों के उपकरणों से निकलने वाले धुंए से वातावरण विषैला बनाकर मनुष्य और जीव जंतुओं का जीना दूभर कर दिया है।

वनों की कटाई के साथ-साथ कंक्रीट के जंगल धीरे-धीरे गांव की तरफ बढ़ने लगे हैं, ऐसे में शुद्ध वायु और और तापमान में आश्चर्यजनक बदलाव जिसके परिणाम स्वरूप वर्षा ऋतु के परिवर्तन एवं बारिश में न्यूनता आने से धरती के तापमान में बेतहाशा वृद्धि हुई है। इसी के चलते देश के कई शहरों में तापमान 48 से 50 सेल्सियस होने के कारण पशु पक्षी एवं मनुष्य की हीट स्ट्रोक से मृत्यु हुई हो जाती है। पानी की कमी तथा शरीर में डिहाइड्रेशन से लोगों की तथा वन्य पशुओं की लगातार मृत्यु हो रही है।

ग्लोबल वार्मिंग का खतरा

वैज्ञानिकों के अनुसार पूरे विश्व में बहुत बढ़ गया है और ऐतिहासिक तौर पर पिछले दो से तीन सौ वर्षों की तुलना की जाए तो बीते कुछ वर्षों में धरती का तापमान आश्चर्यजनक रूप से तीव्र गति से बढ़ गया है। वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के पास ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए कुल मिलाकर 10 से 15 वर्ष ही शेष है। वैज्ञानिकों की यह बातें और रहस्योद्घाटन मानवता को डराने वाला जरूर है पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसके उपायों की जो घोर अनदेखी की जा रही है वह अत्यंत चिंतनीय है। मानवता के लिए अत्यंत खतरनाक भी है। ग्लोबल वार्मिंग न सिर्फ मनुष्य के लिए खतरा है बल्कि जीव-जंतुओं समुद्र मैं पाए जाने वाले जीवो के लिए भी यह अत्यंत विषैला तथा खतरनाक हो सकता है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वैज्ञानिकों के शोध के अनुसार जीवाश्म ईंधन के दशक ने एवं जलने से ग्लोबल वार्मिंग का तापमान तेजी से बढ़ा है एवं पूरी पृथ्वी जीवाश्म ईंधन के जलने से तेजी से धड़क रही है। वैज्ञानिकों की चेतावनी तथा दिए गए प्रमाण के बाद भी अनेक देश जो कार्बन उत्सर्जन के बड़े जिम्मेदार हैं, जीवाश्म ईंधन की इस्तेमाल को कम करने या खत्म करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं। जीवाश्म ईंधन की खपत खत्म होने की बात तो दूर है कम करने का नाम ही नहीं ले रहे हैं, और तो और इसके आसार भी निकट भविष्य में दिखाई नहीं दे रहे हैं। भारत को छोड़कर अन्य यूरोपीय देशों जिसमें अमेरिका ब्रिटेन के अलावा 32 देशों ने जो कार्बन उत्सर्जन एवं जीवाश्म ईंधन के उपयोग के लिए सर्वाधिक जिम्मेदार हैं, सम्मेलन कर इस पर चिंता जरूर जताई है पर इसमें स्पष्ट तौर पर अमेरिका, ब्रिटेन ,जापान चीन ,रूस की दादागिरी दिखाई देती है,यह छोटे गरीब देशों पर सारी जिम्मेदारी लादने का काम कर रहे हैं ।विश्व के कुल देशों में से लगभग 50 देश ऐसे हैं जो जीवाश्म ईंधन का उपयोग कर पृथ्वी को धधकाने के कार्य का 60 प्रतिशत तक हिस्सेदारी रखते हैं।




# दृष्टि हीनता से बचने उपाय करें स्वयं बचें, लोगों को भी बचाएं



सुरेश सिंह बैस 'शाश्वत'

आंखे आदमी के लिए वह नियमाक है जो, न रहे तो सारा संसार अंधकार में डूब जाता है। आंखे हमारे लिए सबसे अधिक मुल्यवान और महत्वपूर्ण अंग है। जरा सी अज्ञानता की वजह से हम इस बहुमूल्य अंग को खो देते हैं! और फिर सामना करते हैं, जिंदगी भर के अंधेरे और अंधत्व का। अच्छी नेत्रदृष्टि के लिए विटामिन ए की जरूरत होती है। और यह हमें आसानी से पालक, चौलाई, सब्जियों, सीताफल, गाजर, टमाटर आदि में सर्व सुलभ है। अंचल में कुछ वर्षों से

नेत्र संबंधी विकारों में अप्रत्याशित वृद्धि हुई है। धूल भरे वातावरण व अज्ञानता की वजह से ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के बच्चों में दृष्टिहीनता की शिकायतों में वृद्धि हुई है।

आगामी दिनों में शीघ्र ही अंधत्व निवारण के लिए केंद्र सरकार विश्व बैंक की सहायता से देशभर में मोतिया बिंद से अंधे हुए 85 लाख लोगों की आंखों का आपरेशन कराएगी, केंद्रीय मंत्रीमंडल की आर्थिक मामलों की समिति ने विश्व बैंक की सहायता से देश भर में मोतिया बिंद से हो रहे अंधेपन के खिलाफ अभियान पंचवर्षीय योजना में इसके लिए 448 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। जिसमें 2.26 करोड़ रुपया विश्व बैंक और 32 करोड़ रुपया जेनिस सिस्टम से आएगा। बताया गया है कि अगले तीन वर्षों में 85 लाख लोगों की आंखों में मोतिया बिंद के आपरेशन का लक्ष्य रखा गया है।

हमारे छत्तीसगढ़ अंचल में अंधत्व रोग होने के कई कारण हैं जैसे वहां फूलामाड़ा नामक बीमारी सामन्यत: ज्यादा होती है, चेचक के कारण ही यह रोग होता है। साथ ही विटामिन ए की कमी भी इस रोग के महत्वपूर्ण कारकों में से एक है। इसके अतिरिक्त धान कटाई के समय उड़ने वाले कचरे आंख को सबसे अधिक नुकसान पहुंचाते हैं। प्रदूषित वातावरण एलर्जी की शिकायत को जन्म देने वाला प्रमुख कारण है। फलत: आंख की बीमारी जन्म लेने लगती है। मोतिया बिंद का रोग बिना किसी लक्षण के अचानक ही प्रकट होता है। इससे पीड़ित व्यक्ति धीरे-धीरे अंधत्व का शिकार हो जाता है।




नेत्र विषयक व्याधियों की जानकारी प्रारंभिक अवस्था में ज्ञात करने शालेय स्तर पर नेत्र परीक्षण की व्यवस्था होनी चाहिए, इस तरह के परीक्षण से कुछ दृष्टि दोष जो बचपन में सुधारे नहीं जा सकते, उनका समय रहते निदान किया जा सके, उदाहरण के तौर पर हायपर मेट्रोपिया रोग आठ वर्ष की उम्र में बच्चों को होते हैं। जो आगे चलकर आंखों के तिरछेपन के लिए उत्तरदायी होता है। इस तरह के रोग समय रहते उपचारित किए जाएं तो नेत्र व्याधियों से बचा जा सकता है। बच्चों में नेत्र व्याधियों के बढ़ने का महत्वपूर्ण कारण टी वी, विडियो अधिक समय तक देखते रहने की आदत भी है। वहीं गाजर, पपीता, बथुआ, पालक जो सहज सुलभ हैं , अधिकांश लोग अज्ञानता के कारण इनका समुचित मात्रा में प्रयोग नहीं करते और अंधत्व के कगार पर चले जाते हैं। एक जानकारी के अनुसार आज भारत में एक करोड़ पैतीस लाख लोग पूर्ण दृष्टिहीनता के शिकार हैं ।और इतने ही आंशिक रूप से अंधत्व से प्रभावित हैं। आंकड़े बताते हैं कि विश्व का हर तीसरा दृष्टिहीन व्यक्ति भारत का है।

डायबिटीज़ एवं उच्च रक्तचाप के कारण अब एक नई बीमारी रैटिवोवेथी दिखाई पड़ती है, पर यदि सही समय पर नेत्र परीक्षण व शल्यक्रिया किया जाए तो व्यक्ति अपनी खोई हुई ज्योति पुन: प्राप्त कर सकता है। कुछ लोग नेत्रदान से कतराते हैं। जबकि वास्तविकता यह है कि. नेत्रदान ही ऐसा दान है जिसके माध्यम से व्यक्ति की आंखे मरणोपरांत भी दुनिया को देखती रहती हैं।

वर्तमान में छोटे बच्चों में नेत्र संबंधी विकारों में चिंताजनक वृद्धि हुई है ।विशेषकर कम उम्र के बच्चों के नेत्रों की पुतली में अल्स बन जाने एवं आंखों में एलर्जी की शिकायतें बढ़ी हैं। धूल, धुएं व अन्य प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा के लिए चश्मे का उपयोग लाभदायक है। साथ ही सोने से पूर्व प्रतिदिन रात्रि में आंखों को स्वच्छ पानी से धोना चाहिए। नेत्र संबंधी किसी भी तकलीफ की उपेक्षा न कर तुरंत ही नेत्र विशेषज्ञ से संपर्क करना चाहिए। कांटैक्ट लैंस चश्मे का एक अच्छा विकल्प हैं, चिकित्सक के उचित परामर्श के बाद %चश्माधारी सहजतापूर्वक कांटेक्ट लेंस लगवा सकते हैं। कांटैक्ट लेंस का चलन इसलिए भी ज्यादा है कि इससे दृष्टि ज्यादा स्पष्ट रहती है। साथ ही चेहरे की सुंदरता भी बनी रहती है।

दृष्टिहीनता से संबंधित अस्सी प्रतिशत बीमारियों जो छोटी शल्यक्रिया के द्वारा पूर्णत: ठीक की जा सकती है। लोगों की अज्ञानता या लापरवाही की वजह से मरीज नेत्र चिकित्सकों के लिए काफी दुस्कर हो जाता है और मरीज अंधत्व का शिकार हो जाता है। नेत्रों की सुरक्षा के लिए जन जागरण पर जोर दिया जाना चाहिए, हालांकि शासन की अंधत्व निवारण योजना के तहत नेत्र सुरक्षा व नेत्र विकारों को दूर करने ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रभावी कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। पोषक तत्वों की कमी को दूर करने दवाओं... का नि:शुल्क वितरण किया जा रहा है। सभी प्राथमिक स्वस्थ्य केंद्रों में परामर्श दिया जा रहा है कि दृष्टिहीनता से बच्चों की रक्षा के लिए पांच वर्ष तक की आयु वर्ग के बच्चों को प्रति छह माह में संतृप्त विलयन की एक खुराक पिलानी चाहिए। दृष्टिहीनता से बचने बचाने के लिए हम सभी को स्वप्रेरण ही आगे आना चाहिए, एवं शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाओं का लाभ उठाना चाहिए इस दिशर में हमारे क्षेत्र में भंडारी नेत्र सेवा समिति का कार्य उल्लेखनीय है।

# शार्ट न्यूज

## बहराइच : भारत-नेपाल सीमा पर 12 लाख की स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

बहराइच। उत्तर प्रदेश के बहराइच ज़िले में भारत-नेपाल सीमा पर शनिवार को सशस्त्र बल और पुलिस के जवानों ने संयुक्त अभियान के दौरान एक व्यक्ति को 12 लाख मूल्य की स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉक्टर पवित्र मोहन त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस व सशस्त्र सीमा बल के जवान भारत नेपाल की सीमा रुपईडीहा में आज संयुक्त पेट्रोलिंग कर रहे थे । इस दौरान कस्बे के सीमांत पीजी कॉलेज के निकट तालाब के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 26 ग्राम स्मैक बरामद हुई, जिसकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 12 लाख रुपए है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त की पहचान नगर पंचायत रुपईडीहा के मुस्लिम बाग निवासी फैजुल हसन पुत्र शमशेर अली के रूप में हुई है। उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट का केस दर्ज कर जेल भेज दिया गया है जबकि बरामद स्मैक को सीज कर दिया गया है।

## सपा उम्मीदवार सहित दो के खिलाफ मुकदमें

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन की उम्मीदवार रुचि वीरा समेत दो के विरुद्ध बिना अनुमति जनसभा करने के आरोप में शनिवार को थाना सिविल लाइंस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस सूत्रों ने शनिवार को बताया कि एफएसटी प्रभारी (द्वितीय) उमेश कुमार की ओर से दर्ज कराई गई रिपोर्ट में समाजवादी पार्टी (सपा) कांग्रेस गठबंधन की प्रत्याशी श्रीमती वीरा और एक अन्य उमाकांत गुप्ता के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि शुक्रवार को देर शाम बलदेव आर्य कन्या इंटर कॉलेज डिप्टी गंज चौराहे के समीप एक मकान में बिना अनुमति के चुनावी बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें 40-50 की तादाद में लोग शामिल हुए थे, वहां जलपान की भी व्यवस्था की गई थी। इस पूरे मामले की वीडियोग्राफी कराई गई थी, जिसमें प्रत्याशी के अलावा थाना सिविल लाइंस क्षेत्र निवासी उमाकांत गुप्ता को भी नामजद किया गया है।

## बांदा में अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़

**बांदा।** बांदा पुलिस को लोकसभा चुनाव के पहले बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। साथ ही दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है और मौके से भारी मात्रा में निर्मित और अर्ध निर्मित असलहा और कारतूस के साथ हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अतर्रा थाना क्षेत्र के गोखिया गांव के पास बड़ी नहर के किनारे हार में कुछ व्यक्तियों द्वारा भारी मात्रा में अवैध शास्त्रों का निर्माण किया जा रहा हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छापेमारी कर 2 अभियुक्तों को अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के पास से भारी मात्रा में निर्मित, अर्ध निर्मित, राइफल, बंदूक कारतूस और शस्त्र बनाने का उपकरण बरामद किया है। अवैध शस्त्रों बांदा के आस पास के जनपदों में बिक्री करने के लिए बनाए जा रहे थे। अभियुक्तों के पास से 17 निर्मित और अर्धनिर्मित अवैध तमंचा, राइफल, बंदूक, 6 जिंदा कारतूस,10 खोखा कारतूस, 5 नाल पाइप लोहा और भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए।

## इरफान सोलंकी मामले में 15 अप्रैल को फैसला

कानपुर। कानपुर के समाजवादी पार्टी से विधायक इरफान सोलंकी आगजनी केस में कोर्ट ने अब फैसले को लेकर 15 अप्रैल की तारीख दी है। इससे पहले पांच तारीखों पर कोर्ट अपना फैसला टाल चुकी है। कोर्ट ने चार अहम बिंदुओं पर बचाव और अभियोजन पक्ष से सवाल पूछे। इसके बाद फैसले को लेकर तारीख दी है। जेल में बंद समाजवादी पार्टी के विधायक इरफान सोलंकी आगजनी केस की सुनवाई एडीजे-11 सतेंद्र नाथ त्रिपाठी की एमपी/एमएलए कोर्ट में चल रही है। शनिवार को केस में कोर्ट ने तारीख दी थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान बचाव और अभियोजन पक्ष से केस से जुड़े चार बिंदुओं पर अहम सवाल पूछे। इसके बाद फैसले को लेकर कोर्ट ने 15 अप्रैल की तारीख दी है। इरफान सोलंकी की महाराजगंज जेल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिक के जरिए पेशी हुई थी। जबकि अन्य आरोपी कानपुर जेल से कोर्ट में हाजिर हुए थे। इरफान केस में अब 15 अप्रैल को फैसला आने की उम्मीद है।

## पीजीआई अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग में लगी आग

लखनऊ। लखनऊ के SGPGI यानी कि संजय गाँधी पोस्टग्रेजुएट इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंसेस की पुरानी ओपीडी बिल्डिंग के पहली मंजिल पर स्थित न्यूरो ओटी के वेटिंग एरिया में लगी एसी में अचानक आग लग गई। आग लगने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। वेटिंग एरिया में मौजूद लोग जान बचाकर बाहर की ओर भागे। सूचना मिलते ही अस्पताल के फायर कर्मियों ने कुछ ही देर में फायर उपकारों की मदद से आग पर काबू पा लिया। कोई जनहानी नही हुई हैं। शनिवार शाम करीब साढ़े चार बजे पीजीआई अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर स्थित न्यूरो ओटी के वेटिंग एरिया में लगी एसी में अचानक आग लग गई। आग लगने से वेटिंग एरिया में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया । हालंकि समय रहते अस्पताल की ओर से मौजूद फायर कर्मियों ने आनन फानन में फायर उपकरणों की मदद से आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक एसी जलकर राख हो चुका था । वही आग लगने की सूचना पाकर पीजीआई फायर स्टेशन प्रभारी माम बड़ चंद गूजर टीम के साथ पहुंचे तब तक आग बुझा ली गई थी । आग लगने के कारणों का सही पता नही चल सका है । आशंका जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट से लगी होगी ।

## बुलंदशहर में अवैध शस्त्र फैक्ट्री का खुलासा

**बुलंदशहर।** स्याना कोतवाली पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने भारी मात्रा में शस्त्र बरामद किए हैं। कोतवाली क्षेत्र में एक बाग में स्थित खंडहर में अवैध रूप से शास्त्र फैक्ट्री संचालित की जा रही थी। सूचना मिलने ही पुलिस ने छापा मारकर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। स्याना कोतवाली पुलिस ने एक बाग में स्थित खंडहर में छापा मारकर अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ ली। सीओ भास्कर कुमार मिश्रा ने बताया कि मौके से एक शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर अवैध हथियार बनाने के उपकरण, तमंचे कारतूस बरामद किए गए हैं। सीओ ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम दीपक उर्फ दीपू जनपद सिकंदराबाद का रहने वाला बताया है। रात्रि का फायदा उठाकर आरोपी का एक साथी राजकुमार पुत्र बहादुर निवासी थाना स्याना मौके से फरार हो गया। फरार हुए अपराधी की जल्द गिरफ्तारी की जाएगी। गिरफ्तार किए गए आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में कोतवाली प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उनि दिलीप कुमार, उनि मोहित कुमार, उनि विपिन कुमार नीरज मलिक, सुकेन्द्रपाल, रूप सिंह मौजूद रहे।

## डकैती डालने जा रहे 5 बदमाश गिरफ्तार

हाथरस। हाथरस में पुलिस ने डकैती डालने जा रहे 5 बदमाशों को कार और हथियारों सहित गिरफ्तार किया है। पकड़े गए एक बदमाश पर हत्या का भी मुकदमा चल रहा है। थाना चन्दपा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि बंद पड़े इंटरलॉकिंग ईंट कारखाना हाथरस-सादाबाद मार्ग पर कुछ बदमाश मौजूद हैं। वह सादाबाद के किसी गांव में डकैती डालने के लिए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हो गई और पुलिस ने 5 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से पुलिस ने 4 तमंचे 315 बोर, कारतूस और एक 1 कार बरामद की है। सीओ गोपाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम सचिन कुमार पुत्र हरेन्द्र कुमार निवासी बढोला हाजी थाना लोधा, प्रशान्त कुमार पुत्र गोपाल सिंह निवासी ग्राम भरतपुर थाना लोधा, वीकेश पुत्र हरेन्द्र कुमार निवासी बढौला हाजी थाना लोधा, अंशू पुत्र राकेश सिंह निवासी सुदेशपुर थाना चन्डौस जिला अलीगढ़ और सुशील कुमार पुत्र राम खिलाड़ी सिंह निवासी इल्दौनी थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्ध नगर बताया। सचिन पर हत्या का भी मुकदमा चल रहा है। इनके विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। इनका आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। पुलिस ने अलग-अलग मामलों में तीन अन्य लोगों को भी गिरफ्तार किया है।

# पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है

### कश्मीर से आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो चुका है



बिजनौर। सीएम योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बनने के 7 साल बाद बिजनौर के चांदपुर पहुंचे। हिंदू इंटर कॉलेज के खेल मैदान में जनसभा को संबोधित किया। इससे पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने सीएम का स्टेज पर पहुंचते ही स्वागत किया। सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश में भारत का डंका बज रहा है। ब्रिटेन के अखबार ने एक रिपोर्ट छापी, जिसमें लिखा पाकिस्तान में 30 आतंकवादी मारे गए। आज भाजपा का स्थापना दिवस भी है, जिसके लिए भाजपा कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं।
उन्होंने कहा कि तीसरी बार नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया है। यह मतदाताओं के आशीर्वाद से ही संभव होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने पिछले 10 सालों में देशहित में कार्य किया है। मोदी जी के नेतृत्व में पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाईं, जिनका किसानों को लाभ मिल रहा है।
सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के सम्मान में किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबका सम्मान सबका विकास व सबका विश्वास के नारे पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि आज पूरे विश्व में हर क्षेत्र में भारत की प्रशंसा हो रही है। सुरक्षा पर बोलते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा आज कश्मीर से आतंकवाद पूरी तरह से समाप्त हो चुका है।
देश की 80 करोड़ जनता को मुफ्त में राशन, महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन एवं किसानों को किसान निधि का लाभ दिया जा रहा है। पूर्व की सरकार में गन्ने का रेट बढ़ने में सालों लगते थे। किसानों को गन्ने का पेमेंट नही मिलता था। गन्ने का भुगतान न होने पर किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश की 120 में से 105 शुगर मिल द्वारा गन्ने का भुगतान किया। शेष मिलों का भी इलाज कर किसानों को सौंप दी जाएगी। गंगा को पवित्र करने का काम किया है। गंगा यात्रा बिजनौर से निकाली गई। आज यूपी में व्यापारी, बहन, बेटियां सुरक्षित महसूस कर रही हैं।
मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा और राष्ट्रीय लोकदल मिलकर चुनाव लड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री के संकल्प और तीसरी बार उन्हें केंद्र में बैठाने के लिए हम लोग मिलकर कार्य कर रहे हैं। आप सब लोग जानते हैं पिछले 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अनेक कार्य किए हैं। देश में पहली बार किसान किसी सरकार के एजेंडे का हिस्सा बना है।
जो लोग 2014 से पहले देश के बारे में बातें करते थे, आज देश के हर कोने में देश की तारीफ कर रहे हैं और वैश्विक स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सराहना की जा रही है।

# केमिकल कारोबारी हत्याकांड में एक और आरोपी अरेस्ट



**आगरा।** आगरा में केमिकल कारोबारी की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को अरेस्ट कर लिया है। पकड़ा गया आरोपी ऑटो से रेकी कर रहा था। इससे पहले एक आरोपी राजू को मुभेड़ में पुलिस अरेस्ट कर चुकी है। अब भी चार आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस को सूचना मिली कि घटना में शामिल एक आरोपी ऑटो से पालीवाल पार्क से गुजर रहा है। पुलिस ने तुरंत एक्शन लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम भोला उर्फ जलालुद्दीन है। भोला हाथरस का रहने वाला है। इसका आटो भी बरामद कर लिया है। पुलिस इससे पहले एक आरोपी राजू कुशवाह को मुठभेड़ में आईएसबीटी से अरेस्ट कर चुकी है। वहां से घटना में शामिल बाइक भी बरामद की गई थी। हालांकि पुलिस की पकड़ से अभी मास्टरमाइंड कासिम और आरोपी नौकर लोकेश फरार है। इनके सहयोगी आशू ठाकुर और सालिब की तलाश में भी पुलिस जुटी हुई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही इन सभी की भी गिरफ्तारी की जाएगी। पकड़े गए आरोपी भोला से पुलिस ने ऑटो,एक तमंचा और दो हजार रुपए किए बरामद किए हैं।

# दबंगों ने सफाईकर्मी के घर पर की ताबड़तोड़-फायरिंग

### शराब की ओवर रेटिंग का विरोध करने पर हुआ विवाद



**महोबा।** महोबा के देशी शराब के ठेके में ओवररेटिंग का विरोध करने पर दबंगों ने सफाईकर्मी के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। दबंगों ने बुजुर्ग को गोली मारकर घायल कर दिया है, जबकि तीन लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई है। सशस्त्र दबंग घर में रखें 1 लाख रुपये और जेवर लूटकर फरार हो गए। वहीं घायल वृद्ध को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक सहित थाना पुलिस मौके पर पहुंची है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। दरअसल यह वारदात जनपद के खरेला थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदौली गांव की है। जहां पंचायती राज विभाग में सफाई कर्मी के पद पर तैनात उदयभान वर्मा के घर में एक दर्जन से अधिक नकाबपोश दबंगों ने हमला बोल दिया। बताया जाता है कि बीते रोज उदयभान वर्मा का पुत्र नजदीकी गांव जरौली में संचालित देशी शराब के ठेके पर गया था, जहां सेल्समैन नंदू उर्फ नरेंद्र बाबा द्वारा 50 रुपये कीमत के देशी शराब क्वार्टर को 60 रुपये में बेचा जा रहा था, जिसका वीडियो बनाकर जिला आबकारी अधिकारी से शिकायत की गई थी।

#### दबंग ने फोन पर सफाई कर्मी धमकाया

इसी बात से बौखलाए दबंग ने फोन पर सफाई कर्मी उदयभान वर्मा को धमकाया था और कहा था कि तेरे लड़के के कारण 70 हजार रुपए का चालान हुआ है। वह तुझसे वसूल किया जाएगा और एक लाख रुपये रंगदारी की मांग करने लगा। जिसे न देने पर जान से मारने की धमकी सेल्समैन ने दी थी।

## फतेहपुरसीकरी से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ पर आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज

**आगरा।** उत्तर प्रदेश की फतेहपुरसीकरी से कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार के खिलाफ थाना पिनाहट में आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा दर्ज हुआ है। उन पर बिना अनुमति रैली निकालने, नगर पंचायत की जेसीबी से फूल बरसाने का आरोप है। कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार की रैली में नगर पंचायत पिनाहट की सरकारी जेसीबी से फूल बरसाए जाने का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हुआ था। मुकदमा सहायक आयुक्त राज्यकर सतीश कुमार की सूचना पर फ्लाइंग स्क्वायड सदस्य ने शिकायत दर्ज कराई। सहायक आयुक्त राज्यकर ने इसकी सूचना एफएसटी के सदस्य ज्ञानेंद्र कुमार को दी, उन्होंने जांच की। मुकदमे में उन्होंने लिखाया कि कांग्रेस प्रत्याशी रामनाथ सिकरवार की रैली में बिना अनुमति के पडुआपुरा में जेसीबी से फूल बरसाए गए। बिना अनुमति के ही चुनाव प्रचार किया गया है। रैली के रूप में पिनाहट में रोड शो किया। पिनाहट के थाना प्रभारी पवन कुमार सैनी ने बताया कि कांग्रेस प्रत्याशी सिकरवार के खिलाफ शुक्रवार को आचार संहिता उल्लंघन का मुकदमा लिखा गया, जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने मीडिया में वायरल हो रही इन खबरों को गलत बताया कि पुलिस ने रैली में शामिल 30 गाड़ियों और नगर पंचायत की जेसीबी को भी सीज किया है।

# नदी में नहाते समय पांच बच्चे डूबे, 3 की मौत

### 2 लोगों का नहीं चला पता, एसडीआरएफ चला रही सर्च ऑपरेशन



**बाराबंकी।** बाराबंकी में नदी में नहाते समय पांच बच्चे डूब गए। तीन बच्चों के शव निकाल लिए गए हैं। वहीं दो बच्चों की 4 घंटे से तलाश की जा रही है। मरने वाले दो सगे भाई हैं। अन्य तीन उनके रिश्तेदार हैं। नदी में डूब रहे बच्चों को देखते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई।
इस पर नदी किनारे लोगों की भीड़ लग गई। पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद अफसर और पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचे। सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हादसा टिकैतनगर कोतवाली क्षेत्र के चिर्रा गांव में हुआ है।

#### एक-दूसरे को बचाने में नदी में डूबे बच्चे

चिर्रा गांव निवासी चार बच्चे अहम रजा (15) पुत्र मो. शकील, हमजा (12) पुत्र मो. शकील, शाफ अहमद (12) पुत्र महमूद आलम और अमान (10) घाघरा नदीं में नहाने गए थे। नहाने के दौरान कुछ बच्चे गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। उन्हें डूबते देख अन्य बच्चों ने शोर मचाया। वो डूब रहे बच्चों को बचाने के लिए आगे बढ़े, तो खुद भी डूबने लगे। वहीं शोर सुनकर मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई। स्थानीय लोग और गोताखोर बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूद पड़े।

#### बच्चों को बचाने के लिए कूदा, खुद भी डूबा

बताया जा रहा है कि नदी में जब चारों बच्चे डूब रहे थे तो वहीं पास में नूर आलम (26) अपने अपने खेतों की जुताई कर रहे थे। उन्होंने बच्चों के चीखने की आवाज सुनी तो वह नदी के पास पहुंचे। वहां नदी का नजारा देखा तो उनके होश उड़ गए। वह भी हिम्मत जुटाकर बच्चों को बचाने के लिए नदी में कूद गए, लेकिन बच्चों को बचाने में नूर आलम का भी बैलेंस बिगड़ गया और वह भी नदी में डूब गए।

#### दो बच्चों को निकाला, रास्ते में तोड़ा दम

गोताखोरों ने शाफ अहमद और अमान को बाहर निकाल लिया। उस समय उनकी सांस चल रही थी, लेकिन अस्पताल ले जाते वक्त उनकी रास्ते में मौत हो गई। वहीं कुछ देर बार एक का शव और बरामद हो गया। दो की तलाश की जा रही है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं कुछ देर बाद एसडीएम और एएसपी समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। प्रशासन ने एसडीआरएफ को भी बुला लिया गया है।

# शाहजहांपुर में भाजपा विधायक के भाईयो पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश में शाहजहांपुर के थाना निगोही क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक के सगे भाइयों पर अपनी ही बड़े भाई के साथ मारपीट तथा उसकी पत्नी के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पुलिस ने मामले में छह लोगों को नामजद करते हुए 15 अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।
अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) संजय कुमार ने शनिवार को यूनीवार्ता को बताया कि थाना निगोही के रहने वाले राघवेंद्र उर्फ मुन्ना तथा राजेंद्र सिंह उर्फ रवि समेत अन्य लोगों ने अपने बड़े भाई रामेंद्र सिंह के खेत पर जबरन कब्जा कर रहे थे।
जब रामेंद्र यह शिकायत थाने करने जा रहे थे तभी पीछे से आकर उक्त लोगों ने गन्ने के खेत में ले जाकर मारपीट की है।
उन्होंने दर्ज कराई गई रिपोर्ट के हवाले से बताया कि इस दौरान जब रामेंद्र की पत्नी अपने पति को बचाने गई तो उसके साथ भी मारपीट की गई आरोप है कि उसके साथ छेड़छाड़ भी की गई इसके अलावा रामेंद्र का लाइसेंसी रिवाल्वर भी आरोपियों ने छीन लिया। पीड़ित तथा आरोपी तिलहर क्षेत्र के भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा के सगे भाई हैं।
पुलिस ने आज मामले में छेड़छाड़, लूट तथा मारपीट सहित विभिन्न धाराओं में 06 लोगों को नामजद करते हुए 15 - 20 अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। घटना के बाद से आरोपी फरार है।

## 33 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को किया गिरफ्तार

**कौशांबी ।** उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले की महेवा घाट थाना पुलिस ने 33 किलो गांजे के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार की रात में यमुना पुल पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक संदिग्ध स्कॉर्पियो गाड़ी को रोग का तलाशी ली गई तो प्लास्टिक बोरियों में भरा हुआ 33 किलो 500 ग्राम गांजा पुलिस ने बरामद किया। गाड़ी में मौजूद अवैध गांजा तस्करी में लिप्त शुभम द्विवेदी निवासी गढ़वारा जनपद चित्रकूट व बच्ची लाल निवासी थाना रयपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर आज जेल भेज दिया गया।

## बदायूं में रोडवेज की टक्कर से महिला की मौत

बदायूं। बदायूं में रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार महिला की मौत हो गई, जबकि उसके पति की हालत गंभीर बनी हुई है। दंपती सर्वेश (50) व उनकी पत्नी कुंती देवी बदायूं बार्डर पर स्थित शाहजहांपुर के पटना देवकली मंदिर में जलाभिषेक को जा रहे थे, लेकिन रास्ते में यह हादसा हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया है। हादसा शनिवार शाम उसावां थाना क्षेत्र में हुआ। इसी थाना क्षेत्र के गूरा बरेला गांव निवासी सर्वेश बाइक से अपनी पत्नी के साथ मंदिर जाने को निकले थे। रास्ते में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे को अंजाम देकर ड्राइवर बस लेकर मौके से भाग निकला। इधर, राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस घायलों को एंबुलेंस से उसावां सीएचसी लेकर पहुंची। यहां हालत गंभीर होने के कारण प्राथमिक इलाज के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर ने परीक्षण के बाद कुंती को मृत घोषित कर दिया, जबकि सर्वेश को गंभीर हालत में भर्ती करके इलाज शुरू कर दिया गया है। हादसे की सूचना पर परिवार वाले भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि ड्राइवर बस लेकर भाग गया है, लेकिन वहां मौजूद कुछ लोगों ने बस का नंबर नोट कर लिया है। इसी के आधार पर पुलिस को तहरीर दी जाएगी।

# अमेठी में कर्ज में डूबे ट्रक ड्राइवर ने किया सुसाइड

एजेंसी

अमेठी जिला। अमेठी में कर्ज में डूबे एक ट्रक ड्राइवर ने जंगल में जाकर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्रामीणों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि आत्महत्या के पहले ट्रक ड्राइवर ने अपने परिजनों को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी और उसके बाद पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली।

पूरा मामला बाजार शुकुल थाना क्षेत्र के खेममऊ गांव स्थित रीछ घाट गोमती नदी के पास मौजूद जंगल का है। यहां आज दोपहर करीब तीन बजे अयोध्या से सीमेंट उतारकर अमेठी आ रहे ट्रक ड्राइवर अफसर खान ने जंगल में जाकर पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुनसान इलाके में मौजूद ट्रक को देखकर स्थानीय लोगों को शंका हुई, जिसके बाद पास में ही ट्रक ड्राइवर का शव पेड़ से लटका मिला।

शव देखने के बाद ग्रामीणों ने तत्काल घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही बाजार शुकुल पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी। मृतक अफसर खान गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के महतो का पुरवा सुजानपुर गांव का रहने वाला था, जो अग्रवाल ट्रांसपोर्ट की ट्रक चलाता था।

# गाजीपुर में 2 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

### नागालैंड से हेरोइन लाकर पूर्वांचल में करते थे सप्लाई





**गाजीपुर।** गाजीपुर में पुलिस ने हेरोइन की बड़ी खेप पकड़ी है। पुलिस ने 2 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से 2 करोड़ की हेरोइन बरामद की है। पुलिस ने गाजीपुर के जमानिया थाना क्षेत्र के गायघाट से तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्कर नागालैंड से हेरोइन लाकर पूर्वांचल में सप्लाई करने का काम करते थे। पकड़े गए बदमाश लम्बे समय से मादक पदार्थों के गोरख धंधे में शामिल थे। फिलहाल पुलिस गिरफ्तार तस्करों के बाकी नेटवर्क की तलाश में जुटी हुई है।

#### हेरोइन के साथ गायघाट मोड़ के पास से तस्कर गिरफ्तार

एसपी ओमवीर सिंह ने बताया कि स्वाट और सर्विलांस व थाना जमानिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गिरोह के 2 सदस्यों को 01 किलो 140 ग्राम मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया। तस्कर अन्तर्राज्यीय मादक पदार्थ (हेरोइन) की अवैध तस्करी करने का काम करते थे। तस्कर गिरोह के 2 सदस्य को 01 किलो 140 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन के साथ गाय घाट मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

वहीं पूछताछ में गिरफ्तार दीपक यादव और ओमकार राय ने बताया कि हम लोग पिछले कुछ समय से हेरोइन तस्करी के धंधे में संलिप्त हैं। हमारा मुख्य सरगना रामानन्द यादव है। जिसे पिछले महीने यूपी एसटीएफ ने वाराणसी से पकड़कर नागालैंड पुलिस को सौंपा था। जो अभी जेल में है। अधिक पैसा कमाने के लालच में हम लोग अन्य राज्यों से तस्करी कर लाने वाले लोगों से यहां पर खरीद कर उसे अलग-अलग जगहों पर अलग-अलग लोगों को ऊंचे दामों पर बेचने का काम करते थे। मिले पैसों को आपस में बांट कर उसी पैसे से अपने परिवार का भरण-पोषण व अपने शौक पूरे करते हैं।

## शार्ट न्यूज

### 98 प्रतिशत पायलटों ने नए अनुबंध पर किए हस्ताक्षर

नई दिल्ली । घरेलू विमानन कंपनी विस्तारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विनोद कन्नन ने शनिवार को कहा कि एयरलाइन को इस हफ्ते के अंत तक इस महीने के लिए परिचालन स्थिर होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि 98 फीसदी से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। एयरलाइन को पायलटों की कमी के कारण इस हफ्ते की शुरुआत में पूर्ण सेवा के संचालन में मुश्किलों का सामना करना पड़ा था और कई उड़ाने रद्द कर दी गईं थीं। कन्नन ने एक बयान में कहा कि पिछले तीन दिनों में स्थिति पहले से बेहतर हो गई है। उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि इस सप्ताह के अंत तक अप्रैल 2024 की शेष अवधि के लिए हमारा परिचालन स्थिर हो जाएगा। पायलटों के लिए नए अनुबंध पर उन्होंने कहा कि कुछ पायलटों की चिंताएं हैं और अनुबंध को लेकर कुछ सवाल हैं। विस्तारा के सीईओ ने कहा कि एयरलाइन चिंताओं को हल करने के लिए उनके साथ बातचीत कर रही है। उन्होंने कहा कि 98 फीसदी से ज्यादा पायलटों ने नए अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। विस्तारा के पास करीब 1,000 पायलट हैं। सूत्रों ने पहले कहा था कि पायलटों के एक वर्ग ने नए अनुबंध के बारे में चिंता जताई है, जिसके चलते वेतन में संशोधन होगा। कन्नन ने कहा, हम अपने ग्राहकों को हुई असुविधा को स्वीकार करते हैं और इसके लिए उनसे माफी मांगते हैं। हम युद्ध स्तर पर इस मुद्दे को संबोधित कर रहे हैं।

### 2031-32 तक देश की पनबिजली क्षमता 50 प्रतिशत तक बढ़ जाएगी।

नई दिल्ली। वर्तमान में निर्माणाधीन 15 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ, देश अपनी पनबिजली क्षमता में पर्याप्त वृद्धि के लिए तैयार है। यह वर्तमान के 42 गीगावॉट से बढ़कर 2031-32 तक प्रभावशाली तरीके से 67 गीगावॉट हो जाएगा, यानी इसमें 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होगी। भारत अपने ऊर्जा क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के शिखर पर है, क्योंकि विद्युत मंत्रालय ने पनबिजली परियोजनाओं की प्रगति की घोषणा की है, जो देश की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को काफी हद तक बढ़ाने के लिए तैयार हैं। विद्युत मंत्रालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अनुकूल मानसून की भविष्यवाणी की है, जिससे जलाशय के स्तर में महत्वपूर्ण सुधार होने की उम्मीद है। विशेष रूप से महत्वपूर्ण हिमालयी क्षेत्र में बर्फ पिघलने से भी मदद मिलेगी। यह जलविद्युत परियोजनाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन के रूप में कार्य करता है। नतीजतन, तापमान में किसी भी वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने में वृद्धि इन परियोजनाओं की क्षमता को और मजबूत करेगी। पंप्ड स्टोरेज प्रोजेक्ट्स , जिन्हें अक्सर वाटर बैटरी कहा जाता है, देश के ऊर्जा संचरण के लिए भी महत्वपूर्ण साबित हो रहे हैं। ग्रिड को अधिक जड़ता और संतुलन शक्ति प्रदान करने के उद्देश्य से ये परियोजनाएं वर्तमान में 2.7 गीगावॉट की कुल क्षमता के साथ निर्माणाधीन हैं, जबकि अतिरिक्त 50 गीगावॉट विकास के विभिन्न चरणों में है।

### भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 645.58 बिलियन के नए रिकार्ड हाई पर

आरबीआई की लेटेस्ट रिपोर्ट के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 2.951 बिलियन डॉलर बढ़कर 645.583 बिलियन डॉलर हो गया। ये नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया है। कुल भंडार में उछाल का यह लगातार छठा सप्ताह है। पिछले रिपोर्टिंग सप्ताह में किटी .140 मिलियन बढ़कर 642.631 बिलियन हो गई थी। इससे पहले, देश की विदेशी मुद्रा किटी सितंबर 2021 में 642.453 बिलियन डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 29 मार्च को समाप्त सप्ताह के लिए, विदेशी मुद्रा संपत्ति, भंडार का एक प्रमुख घटक, 2.354 बिलियन डॉलर बढ़कर 570.618 बिलियन डॉलर हो गया। डॉलर की बात करें तो, विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी इकाइयों की एप्रीसिएशन या डेप्रिशिएशन का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि सप्ताह के दौरान सोने का भंडार 673 मिलियन डॉलर बढ़कर 52.16 बिलियन डॉलर हो गया। शीर्ष बैंक ने कहा कि विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 73 मिलियन डॉलर घटकर 18.145 बिलियन डॉलर हो गए।

### आरबीआई की भू-राजनीतिक स्थितियों पर नजर

भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को ब्याज दर लगातार सातवीं बार यथावत रखी। रिजर्व बैंक ने कहा कि वह बदलती भू-राजनीतिक स्थितियों पर नजर रखे हुए है। इन स्थितियों से कच्चे तेल की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। इससे देश में महंगाई पर भी असर पड़ सकता है। आरबीआई ने कहा कि कंपनियों पर निरंतर नरमी के बाद अब लागत बढ़ाने का दबाव दिख रहा है। भू-राजनीतिक तनाव और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता से महंगाई बढ़ने का जोखिम हो सकता है। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा, 'दो साल पहले अप्रैल 2022 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) उच्चतम स्तर 7.8 फीसदी पर पहुंच गया था। महंगाई चरम बिंदु के करीब थी। इसके बाद महंगाई घटने का दौर शुरू हुआ और यह काबू में आ गई है। हम यह चाहते हैं कि महंगाई पर लंबे समय तक लगाम लगी रहे।' केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 (वित्त वर्ष 25) की पहली, दूसरी और चौथी तिमाही के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति के अनुमान को कम कर दिया है। पूरे वित्त वर्ष 25 में मुद्रास्फीति के अनुमान को 4.5 फीसदी पर यथावत रखा गया है।

### सुरक्षित महसूस करेंगे निवेशक, रिटेल डायरेक्ट स्कीम के लिए आएगा ऐप

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को सरकारी प्रतिभूति बाजार की रिटेल डायरेक्ट स्कीम (आरडीएस) यानी प्रत्यक्ष खुदरा योजना तक पहुंच के लिए एक मोबाइल ऐप पेश किए जाने की घोषणा की है। दास ने मौद्रिक नीति संबंधी बयान में कहा है कि ऐप पेश किए जाने से खुदरा निवेशकों की सुविधा उल्लेखनीय रूप से बढ़ जाएगी और इससे जी-सेक बाजार की पहुंच और बढ़ेगी। उन्होंने कहा, 'रिटेल डायरेक्ट पोर्टल तक पहुंच के लिए अब मोबाइल ऐप शुरू करने का प्रस्ताव है। इससे खुदरा निवेशकों की सुविधा बढ़ेगी और जी-सेक बाजार की पहुंच बढ़ेगी।' इस समय खुदरा निवेशकों के पास रिटेल डायरेक्ट पोर्टल के माध्यम से विभिन्न वित्तीय साधनों जैसे केंद्र की प्रतिभूतियों, ट्रेजरी बिलों, राज्य सरकार की प्रतिभूतियों, सॉवरिन गोल्ड बॉन्ड और फ्लोटिंग रेट सेविंग बॉन्ड में निवेश का विकल्प है। बाजार के हिस्सेदारों ने कहा कि ऐप लाए जाने से पारदर्शिता बढ़ेगी और खुदरा निवेशकों के लिए प्रक्रिया सुव्यवस्थित होगी। उनका मानना है कि रिजर्व बैंक के ऐप से जी-सेक बाजार के लिए निष्पक्ष वातावरण बनेगा। हालांकि कुछ लोगों ने चिंता जताई है कि इससे बाजार में व्यवधान आएगा और बाजार मध्यस्थों के समक्ष चुनौतियां आएंगी।

### सेल के बोकारो स्टील प्लांट में आग लगने के बाद 21 कर्मचारियों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा

भारतीय इस्पात प्राधिकरण लिमिटेड के बोकारो इस्पात संयंत्र में शनिवार सुबह आग लगने के बाद सभी 21 कर्मचारियों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह कदम एहतियातन उठाया गया है क्योंकि ये कर्मचारी धुएं के संपर्क में आए थे। सेल के अधिकारी ने बताया कि इस घटना में किसी की मौत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। आग लगने के बाद कर्मचारियों को बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। अधिकारी ने अस्पताल द्वारा जारी चिकित्सकीय बुलेटिन के हवाले से बताया, ''कुछ संविदा कर्मियों सहित 21 कर्मचारी निगरानी में हैं। उन सभी की हालत स्थिर है और वे चिकित्सकों की निरंतर निगरानी में हैं।'' उन्होंने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब बोकारो संयंत्र की मिश्रित गैस पाइपलाइन में रखरखाव का काम किया जा रहा था। अधिकारी ने कहा, ''पाइपलाइन से किसी भी गैस का रिसाव नहीं हुआ है और स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है।'' उन्होंने बताया कि आग पर काबू पा लिया गया है और वरिष्ठ अधिकारी घटनास्थल पर मौजूद हैं।

# सब्सिडी के दम पर साल 2024 में 66 फीसदी तक बढ़ेगी ईवी की सेल

भारत में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बिक्री इस साल 66 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। इस बारे में काउंटरप्वाइंट रिसर्च की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि राज्य की सब्सिडी और सहायक बुनियादी ढांचे के विकास के कारण ईवी की सेल में तेजी देखने को मिलेगी, इसी के साथ साल 2024 के आखिर तक ईवी कुल पीवी बाजार का लगभग 4 प्रतिशत हिस्सा होगा।

इस रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है कि साल 2030 तक, ईवी भारत के निजी वाहन बाजार में लगभग एक तिहाई हिस्सेदारी बना लेगी।

वित्तीय आंकड़ों पर नजर डालें तो भारतीय ईवी सेक्टर ने वित्तीय वर्ष 2024 में ईवी के विभिन्न प्रकार के वाहनों में रिकॉर्ड बिक्री हुई। बिक्री में सालाना 41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और 1.66 मिलियन ईवी की सेल दर्ज की गई। मार्च के महीने में 197,000 से अधिक इकाइयों की बिक्री के साथ एक नया रिकॉर्ड बना, ऐसा माना जा रहा है कि ये रिकॉर्ड सेल FAME II सब्सिडी योजना से लाभ उठाने की भीड़ के कारण था, जो कि आंशिक रुप से समाप्त होने वाली है।

FAME II को बदलने के लिए, सरकार ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्रमोशन स्कीम 2024 शुरू की है, जिसमें इलेक्ट्रिक दो और तीन-पहिया वाहनों को अपनाने को प्रोत्साहित करने के लिए 500 करोड़ रुपये



आवंटित किए गए हैं। यह योजना इस वर्ष अप्रैल से जुलाई के अंत तक वैध है। वाहन वेबसाइट के डेटा में कहा गया है कि अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक, भारत में 1,665,270 ईवी की खरीद देखी गई, हर दिन औसतन 4,562 ईवी की बिक्री हुई, जो पिछले वर्ष की 3,242 दैनिक बिक्री से एक महत्वपूर्ण उछाल है। यह वृद्धि पेट्रोल, डीजल और सीएनजी की ऊंची कीमतों के बावजूद ईवी में बढ़ती रुचि को दर्शाती है।

भारतीय ईवी बाजार में टाटा मोटर्स टॉप पर हैं, जिनके पास 2023 में दो-तिहाई से अधिक बाजार हिस्सेदारी थी। इसके बाद महिंद्रा एंड महिंद्रा (एमएंडएम) और बीवाईडी हैं।


महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी प्रभावशाली ऑल-इलेक्ट्रिक एसयूवी XUV400 के साथ पिछले साल लगभग 2,500 प्रतिशत की ईवी बिक्री वृद्धि दर्ज की। BYD ने अपने दो वाहनों e6 MPV और U Atto 3 SUV के साथ 2023 में 1500 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की।

कारों के अलावा, साल-दर-साल 29 प्रतिशत की वृद्धि के साथ सभी ईवी बिक्री में दोपहिया वाहनों की हिस्सेदारी 56 प्रतिशत रही, जबकि तिपहिया वाहनों में 57 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई और बिक्री में 38 प्रतिशत की हिस्सेदारी रही।

बता दें, भारत ने साल 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन में 45 प्रतिशत की कमी लाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है, इस लक्ष्य को साकार करने में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# जुर्माना वसूलने में मध्य रेलवे सबसे आगे, साल में 300 करोड़ राजस्व; 46.26 लाख बार टूटे नियम

मुंबई। मध्य रेलवे ने 2023-24 में बिना टिकट और अनियमित यात्रा और बिना बुक किए गए सामान के 46.26 लाख मामलों में कार्रवाई की है। 46.26 लाख मामलों में जुर्माने से मध्य रेलवे ने 300 करोड़ रुपये कमाए हैं, जो रेलवे के सभी क्षेत्रों से अधिक है। एक विज्ञप्ति के अनुसार, मध्य रेलवे ने कहा कि इस साल राजस्व के लक्ष्य 265.97 करोड़ में 12.80 प्रतिशत का इजाफा हुआ है तो वहीं, मामलों के लक्ष्य में 8.38 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।



### इस डिविजन ने कमाया इतना राजस्व

मध्य रेलवे ने दावा किया है कि जुर्मानों और राजस्व के मामलों में उन्होंने सभी जोनों में प्रथम स्थान हासिल किया है। मध्य रेलवे के मुंबई डिविजन ने बिना टिकट और अनियमित यात्रा करने वाले 20.56 लाख मामलों से 115.29 करोड़ रुपये कमाए हैं। भुसावल डिवीजन ने 8.34 लाख मामलों से 66.33 करोड़ रुपये कमाए है। वहीं, नागपुर डिविजन ने 5.70 लाख मामलों से 34.52 करोड़ रुपये, सोलापुर डिविजन ने 5.44 लाख मामलों से 34.57 करोड़ रुपये, पुणे डिविजन ने 3.74 लाख मामलों से 28.15 करोड़ रुपये और इसके मुख्यालय ने 2.47 मामलों से 20.96 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### सुनील नैनानी ने वसूला सबसे अधिक जुर्माना

मध्य रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे पास 22 टिकट चेकिंग स्टाफ है, जिसमें दो महिलाएं परीक्षक भी शामिल हैं। टिकट चेकिंग आय के रूप में व्यक्तिगत रूप से उन्होंने 1 करोड़ रुपये से अधिक का योगदान दिया। व्यक्तिगत योगदान के मामले में टिकट निरीक्षक सुनील नैनानी प्रथम स्थान पर हैं, जिन्होंने 20,117 मामलों में 1.92 करोड़ का राजस्व दिया है।

दूसरे स्थान पर टिकट निरीक्षक एमएम शिंदे हैं, जिन्होंने 18,223 मामलों से 1.59 करोड़ रुपये कमाए हैं तो वहीं, तीसरे स्थान पर निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार है, जिन्होंने 17,641 मामलों से 1.52 करोड़ रुपये कमाए हैं।

थोड़े दिन पहले जारी हुई रिपोर्ट में सामने आया था कि उत्तर प्रदेश के आगरा मंडल में ट्रेन में चेन पुलिंग करने वालों के खिलाफ रेलवे ने 2266 यात्रियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 8,35,165 रुपये जुर्माना वसूला है। ट्रेनों को लेटलतीफी से बचाने के लिए मंडल में विभाग ने अभियान चलाया है।

वित्तीय वर्ष 2023-24 में आगरा मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल के दिशा-निर्देश पर वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त अनुभव जैन के निर्देशन में अभियान चलाया गया। आगरा छावनी रेलवे स्टेशन पर 647 लोगों पर कार्रवाई की गई और 90,830 रुपये जुर्माना वसूला गया। मथुरा जंक्शन में 1,347 लोगों पर कार्रवाई की गई और 5,76,140 रुपये वसूला गया। इसके अलावा धौलपुर स्टेशन पर 120 लोगों से 67,700 रुपये का जुर्माना वसूला गया। आगरा मंडल के वाणिज्य विभाग और रेलवे सुरक्षा बल की ओर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# डॉ मीनेश शाह चुने गए राष्ट्रीय सहकारी डेरी फेडरेशन के अध्यक्ष

आनंद। डेरी सहकारिता की शीर्ष संस्था नेशनल कोऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनसीडीएफआई) ने सर्वसम्मति से डॉ मीनेष शाह को अपना अध्यक्ष चुना है।

चुनाव निर्वाचन अधिकारी आनंद के जिलाधिकारी प्रवीण चौधरी की देख-रेख में सम्पन्न हुआ। इससे पहले 4 अप्रैल, 2024 को हुई फेडरेशन की आम सभा की बैठक में आठ निदेशकों को चुना गया, जिसमें झारखण्ड दुग्ध महासंघ से डॉ मीनेश शाह, सिक्किम दुग्ध महासंघ से डॉ मंगत जीत राय, गुजरात दुग्ध महासंघ से श्री शामलभाई बी पटेल, हरियाणा दुग्ध महासंघ से श्री रणधीर सिंह, केरल दुग्ध महासंघ से श्री के एस मणि, कर्नाटक दुग्ध महासंघ से श्री बालचंद्र एल जाराकिहोली, पंजाब दुग्ध महासंघ से श्री नरिंदर सिंह शेरगिल और पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ से श्री समीर कुमार परीदा शामिल हैं। इन चुने गए निदेशकों के अलावा एनडीडीबी के कार्यक्रारी निदेशक एस रघुपति को एनसीडीएफआई के बोर्ड पर निदेशक मनोनीत किया गया। इसके बाद नवनियुक्त बोर्ड की कल हुयी बैठक में डॉ मीनेश शाह को अध्यक्ष चुना गया। एनसीडीएफआई के एमडी श्रीनिवास सज्जा ने बताया कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी), मदर डेरी, आईडीएमसी, भारतीय प्रतिरक्षाविज्ञानी लिमिटेड (आईआईएल), राष्ट्रीय सहकारी आर्गेनिक लिमिटेड (एनसीओएल), एनडीडीबी डेरी सर्विसेज (एनडीएस), इंस्टिट्यूट ऑफ रूरल मैनेजमेंट (इरमा), एनडीडीबी काफ, एनडीडीबी मृदा, आनन्दालय, झारखण्ड दुग्ध महासंघ, पश्चिमी असम दुग्ध महासंघ आदि कई प्रतिष्ठित संस्थानों के अध्यक्ष के तौर पर गहन अनुभव एवं विशेषज्ञता रखते हैं, जिससे एनसीडीएफआई काफी लाभान्वित होगा। साथ ही डॉ शाह अंतर्राष्ट्रीय डेरी महासंघ (आईडीएफ) के बोर्ड में निदेशक के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। डेरी सहकारिता क्षेत्र को वृद्धि एवं सतत विकास के रास्ते पर आगे ले जाने के अमूल्य योगदान के लिए डॉ शाह की लम्बे समय से सराहना होती रही है।

### दिल्ली बाजार : जिंसों में टिकाव

नयी दिल्ली। स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने के बावजूद आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



तेल-तिलहन : इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले दिवस के स्तर पर पड़े रहे।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले स्तर पर पड़ी रही।

अनाज : अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

दाल-दलहन : चना 5650-5750, दाल चना 6650-6750, मसूर काली 7350-7450, मूंग दाल 9800-9900, उड़द दाल 10250-10350, अरहर दाल 12000-12100 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2600-2700 रुपये और चावल = 2800-2900 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 3740-3840, चीनी एम. 4000-4100, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

खाद्य तेल : सरसों तेल 12234 रुपये, मूंगफली तेल 20000 रुपये, सूरजमुखी तेल 12234 रुपये, सोया रिफाइंड 10622 रुपये, पाम ऑयल 8400 रुपये और वनस्पति तेल 10000 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा है।

# अमेरिका में भारत से तेज बढ़ रही फर्मों की कमाई

भारत में कंपनियों का मुनाफा तो तेजी से बढ़ रहा है मगर जब बात आय में इजाफे की आती है तो देश की शीर्ष सूचीबद्ध कंपनियां अमेरिका की सूचीबद्ध कंपनियों से पीछे नजर आती हैं। दिसंबर 2023 में समाप्?त 12 महीनों के दौरान एसऐंडपी 500 कंपनियों की कुल आय एक साल पहले के मुकाबले 6.2 फीसदी बढ़ी मगर डॉलर में बात करें तो बीएसई 500 सूचकांक में शामिल कंपनियों की कुल आय महज 4.6 फीसदी बढ़ी। इसके विपरीत दिसंबर 2023 तिमाही में एसऐंडपी 500 कंपनियों का कुल शुद्ध लाभ 14.1 फीसदी बढ़ा मगर इसी दौरान बीएसई 500 कंपनियों के कुल शुद्ध लाभ में एक साल पहले के मुकाबले 17.4 फीसदी की वृद्धि हुई।

ब्लूमबर्ग के आंकड़ों के अनुसार एसऐंडपी 500 कंपनियों का कुल शुद्ध लाभ दिसंबर 2023 में समाप्त 12 महीनों के दौरान बढ़कर 1,782.3 अरब डॉलर हो गया, जो एक साल पहले 1,561.5 अरब डॉलर ही था।

इसी अवधि में बीएसई 500 सूचकांक में शामिल भारत की शीर्ष कंपनियों का कुल शुद्ध लाभ एक साल पहले के 119.3 अरब डॉलर से बढ़कर 141.3 अरब डॉलर रहा। दूसरी ओर एसऐंडपी 500 सूचकांक में शामिल कंपनियों की कुल आय दिसंबर 2023 में समाप्त 12 महीनों के दौरान 16,813.4 अरब डॉलर हो गई, जो एक साल पहले 15,835 अरब डॉलर ही थी। इसी दौरान बीएसई 500 सूचकांक में शामिल कंपनियों की कुल आय बढ़कर 1,525.6 अरब डॉलर हो गई, जो एक साल पहले 1,458.1 अरब डॉलर थी।

यह विश्लेषण एसऐंडपी 500 और बीएसई 500 सूचकांक में शामिल कंपनियों के तिमाही राजस्व और मुनाफे पर आधारित है। संबंधित तिमाही में रुपये और डॉलर की औसत विनिमय दर का इस्तेमाल कर भारतीय कंपनियों के आंकड़े डॉलर में बदले गए हैं। चार तिमाहियों के आंकड़े जोड़कर 12 महीने के आंकड़े निकाले गए हैं।

आंकड़े यह भी बताते हैं कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था अमेरिका में कोई आम कंपनी भारत में अपनी जैसी कंपनियों से ज्यादा मुनाफा दे रही है। एसऐंडपी 500 कंपनियों का शुद्ध लाभ 2023 में औसतन 10.6 फीसदी रहा।

बीएसई 500 कंपनियों का औसत शुद्ध लाभ मार्जिन इसी दौरान 9.3 फीसदी ही था। मगर वैश्विक महामारी के बाद भारत में कंपनियों का मुनाफा मार्जिन अमेरिकी कंपनियों के मुकाबले तेजी से बढ़ा है। दिसंबर 2020 में समाप्त 12 महीनों के दौरान बीएसई 500 कंपनियों का शुद्ध लाभ मार्जिन 5.2 फीसदी था, जहां से दिसंबर, 2023 तक 410 आधार अंक इजाफा हो गया। एसऐंडपी 500 कंपनियों का शुद्ध लाभ मार्जिन दिसंबर, 2020 में 7.3 फीसदी था, जो अगले तीन साल में 330 आधार अंक ही बढ़ा।

विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका में एसऐंडपी 500 कंपनियों की आय बढ़ने का कारण दमदार उपभोक्ता मांग रही। सिस्टमैटिक्स इंस्टीट्यूशनल इक्विटी के सह प्रमुख (इक्विटी) एवं अनुसंधान प्रमुख (रणनीति एवं अर्थव्यवस्था) धनंजय सिन्हा कहते हैं, 'अमेरिका में उपभोक्ता मांग एवं कुल मांग काफी मजबूत है और दमदार श्रम बाजार तथा वेतन में लगातार वृद्धि के कारण 6-7 फीसदी की रफ्तार से बढ़ रही है।'

उनका कहना है कि अमेरिका में इस समय उपभोक्ता मांग कोविड से पहले के दौर के मुकाबले अधिक तेजी से बढ़ रही है मगर भारत में में यह कोविड से पहले के मुकाबले कम रही है। भारत में अपेक्षाकृत कमजोर उपभोक्ता मांग ने उपभोक्ता वस्तुओं के क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों की आय में वृद्धि सुस्त कर दी है।

# 2020 के बाद पहली बार संपत्ति के मामले में मस्क से आगे निकले जुकरबर्ग

नई दिल्ली । मार्क जुकरबर्ग शुक्रवार को एलन मस्क को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के तीसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए। 2020 के बाद पहली बार जुकरबर्ग में संपत्ति के मामले में मस्क को पीछे कर दिया है। मस्क, जो हाल ही में मार्च महीने की शुरुआत में ब्लूमबर्ग बिलियनेयर्स इंडेक्स पर पहले स्थान पर थे, रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के बाद चौथे स्थान पर गिर गए जिसमें कहा गया कि टेस्ला ने कम महंगी कार की योजना रद्द कर दी है, इससे इसके शेयरों में गिरावट दर्ज की गई।

हालांकि मस्क ने इन खबरों का खंडन किया। इसके बाद सप्ताह की शुरुआत में एक ओश्र खबर आई कि टेस्ला की वाहन डिलिवरी मार्च तक तीन महीनों में गिर गई। कोविड महामारी के शुरुआती दिनों के बाद से वाहनों की डिलिवरी में पहली बार सालाना आधार पर गिरावट दर्ज की गई।





मस्क की संपत्ति इस साल 48.4 बिलियन डॉलर कम हो गई है, जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति में 58.9 बिलियन डॉलर जुड़ गए हैं। मेटा के शेयर शुक्रवार को अपनी नई ऊंचाई पर पहुंच गए। यह पहली बार है जब जुकरबर्ग 16 नवंबर, 2020 के बाद से ब्लूमबर्ग की सबसे अमीर लोगों की रैंकिंग में शीर्ष तीन में शामिल हुए हैं। उस समय उनकी संपत्ति 105.6 बिलियन डॉलर थी वहीं मस्क की संपत्ति 102.1 बिलियन डॉलर थी। आज के समय में मस्क की कुल संपत्ति 180.6 बिलियन डॉलर है जबकि जुकरबर्ग की संपत्ति 186.9 अरब डॉलर है।

मस्क और जुकरबर्ग के बीच संपति का अंतर का नवंबर 2021 में 215 अरब डॉलर तक पहुंच गया था। यह दर्शाता है कि टेस्ला के स्टॉक जो कभी निवेशकों की बड़ी पसंद थे अब मेटा के शेयरों की तुलना में थोड़े नरम पड़े हैं। इस बदलाव में कृत्रिम बुद्धिमत्ता से जुड़ी चीजों में निवेश भी एक कारण हो सकता है।

### भारत-सिंगापुर के बीच व्यापार 2022-23 में 18.2 प्रतिशत बढ़कर 35.6 अरब डॉलर पर

सिंगापुर और भारत के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2022-23 में बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो सालाना आधार पर 18.2 प्रतिशत अधिक है। भारतीय उच्चायोग के एक वरिष्ठ राजनयिक ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी। उच्चायोग में प्रथम सचिव टी प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर भारत का आठवां सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, जिसकी भारत के कुल व्यापार में 3.1 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह सिंगापुर में आयोजित इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया के तीसरे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। प्रभाकर ने कहा कि सिंगापुर और भारत के बीच व्यापार में 2022-23 के दौरान 18.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह बढ़कर 35.6 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उन्होंने बताया कि 2022-23 में सिंगापुर से हमारा आयात 23.6 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सालाना आधार पर 24.4 प्रतिशत अधिक है।

# वधावन से जुड़ी फर्म पर ईडी की कार्रवाई, 36 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्क

नई दिल्ली । प्रवर्तन निदेशालय के मुंबई जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) 2002 के तहत एक कुर्की आदेश जारी किया। इस मामले में अब मेसर्स वीणा डेवलपर्स की 36.66 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। यह फर्म एचडीआईएल के प्रमोटर सारंग वधावन और उनके पिता राकेश वधावन से जुड़ी है। बता दें कि मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हाउसिंग डेवलपमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

### शुक्रवार को पिता पुत्र को मिली जमानत

इससे पहले शुक्रवार को एचडीआईएल के प्रमोटर सारंग वधावन और उनके पिता राकेश वधावन को बॉम्बे हाईकोर्ट ने जमानत दी थी। दोनों पर पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक में धोखाधड़ी का आरोप है। जस्टिस मोदक की पीठ ने ईडी और मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामले में एचडीआईएल के प्रमोटरों को जमानत दी है। कोर्ट ने दोनों को पांच-पांच लाख रुपये की जमानत राशि जमा करने का आदेश दिया था।

### कब क्या हुआ?

आपको बता दें कि राकेश वधावन और सारंग वधावन को पंजाब एंड महाराष्ट्र को-ऑपरेटिव बैंक में धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया था।

9 अप्रैल 2021 को प्रवर्तन निदेशालय ने बैंक धोखाधड़ी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए वधावन बंधुओं की 77.65 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त कर ली।

तीन अप्रैल 2022 को दिल्ली की अदालत ने वधावन बंधुओं की जमानत अर्जी खारिज की 26 अक्टूबर 2023 को कपिल वधावन और धीरज वधावन की 70 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हीरे के आभूषण और फ्लैट समेत संपत्ति कुर्क की गई।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी टेस्ट सीरीज में भारत की हार से शुरुआत

पर्थ। भारतीय हॉकी टीम को आस्ट्रेलिया के खिलाफ हॉकी टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

पर्थ हॉकी स्टेडियम में शनिवार को खेले गए मैच में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 5-1 से हरा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रांड (तीसरे मिनट में), टॉम विकहम (20वें और 38वें मिनट में), जोएल रिंताला (37वें मिनट में) और फ्लिन ओगिलिव (57वें मिनट में) गोल किए जबकि भारत के लिए गुरजंत सिंह ने खेल के 47वें मिनट में एकमात्र गोल किया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने खेल के तीसरे मिनट में ही गोल करते हुए मैच का शानदार आगाज कर दिया। विश्व की पांचवे नंबर की ऑस्ट्रेलियाई टीम के लिए टिम ब्रांड ने फील्ड गोल किया और मैच के पहले क्वार्टर में ही अपनी टीम को बढ़त दिला दी। इसके बाद भारत ने भी जबावी हमले किए लेकिन उन्हें सफलता नहीं मिली। मोहम्मद राहिल ने खेल के 10वें मिनट में भारतीय टीम के लिए पहला पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली।




खेल के दूसरे क्वार्टर में भारतीय वापसी करने के इरादे से मैदान पर उतरे लेकिन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने विश्व के चौथे नंबर की भारतीय टीम को खाता नहीं खोलने दिया। मैच के पहले हाफ के अंत तक ऑस्ट्रेलिया 2-0 की बढ़त हासिल कर चुकी थी।

मैच के पहले हाफ के बाद भारतीय टीम स्कोर करने के लिए लगातार प्रयास में जुटी थी तो वहीं कंगारू टीम ने दो और गोल कर तीसरे क्वार्टर में अपनी बढ़त को और मजबूत कर लिया। इस बीच भारत ने भी गोल के कुछ मौके बनाए लेकिन खाता खोलने में असफल रहे।

भारतीय टीम को खेल के अखिरी और चौथे क्वार्टर में सफलता हासिल हुई। भारतीय खिलाड़ी गुरजंत सिंह ने फील्ड गोल के जरिए टीम का खाता खोला और मैच के 47वें मिनट में गोल किया। हालांकि, तब तक भारत मैच में काफी पिछड़ चुका था वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपने गोल में इजाफा करते हुए स्कोर को 5-1 कर दिया और मैच में एकतरफा जीत हासिल करते हुए पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली।

गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक 2024 को मद्देनज़र रखते हुए भारतीय टीम इस सीरीज के जरिए अपना अभ्यास पुख्ता करना चाहती है। दोनों टीमें सात अप्रैल को इसी मैदान पर हॉकी टेस्ट सीरीज का अपना दूसरा मैच खेलेंगी।

## सेलेक्टर होने पर शिवम को टी20 विश्वकप के लिये जरुर लेता : इरफान

मुंबई । भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज और टीवी कमेंटेटर इरफान पठान ने उभरते सितारे शिवम दुबे की वकालत करते हुये कहा कि अगर वह चयनकर्ता की भूमिका में होते तो वेस्टइंडीज और अमेरिका में खेले जाने वाले टी20 विश्वकप के लिये न सिर्फ भारतीय टीम में उसका चयन करते बल्कि उनके प्रदर्शन पर भी पैनी निगाह बना कर रखते। स्टार स्पोर्ट्स के क्रिकेट लाइव शो पर इरफान ने कहा मैं निश्चित रूप से टी20 विश्वकप के लिये उसका चयन करूंगा। अगर मैं चयनकर्ता होता, तो मैं उस पर कड़ी नजर रखता। मैं वास्तव में उसे टी20 विश्व कप टीम में लूंगा क्योंकि उनमें स्पिन खेलने की अद्भुत क्षमता है। सही मायनो में कहा जाये तो वह स्पिनरों की धज्जियां उड़ा रहा है। उसे क्रीज पर जाकर स्पिनरों के खिलाफ सेट होने की कोशिश करने की जरूरत नहीं है। उन्होने कहा हमने इसे इस आईपीएल और पिछले सीज़न में भी देखा है, हमने उन्हें गुणवत्ता वाले कलाई के स्पिनरों के खिलाफ, फिंगर स्पिनरों के खिलाफ देखा है। और जब आपके पास ऐसा बल्लेबाज है तो आप उसका फायदा क्यों नहीं उठाना चाहते। ध्यान रखें, वह तेज़ गेंदबाज़ों के ख़िलाफ़ भी ख़राब बल्लेबाज़ नहीं है। लोग भूल जाते हैं कि वह मुंबई से आते हैं. जहां आपको काफी उछाल देखने को मिलेगा। उन्होने कहा कि भारतीय टीम में कौन से बल्लेबाज हैं जो वास्तव में मिडिल ओवरों में खेल सकते हैं, जो खेल खत्म कर सकते हैं, जो वास्तव में स्पिनरों को खत्म कर सकते हैं।



## कोपा अमेरिका वॉर्मअप में पेरू, पैराग्वे का आमना-सामना होगा

**लीमा।** पेरू फुटबॉल महासंघ (एफपीएफ) ने कहा कि पेरू और पराग्वे जून की शुरुआत में संयुक्त राज्य अमेरिका में एक दोस्ताना मैच खेल कर इस साल के कोपा अमेरिका के लिए अपनी तैयारी को दिशा देंगे। एफपीएफ ने एक बयान में कहा कि यह मैच सात जून को लीमा में एक स्थान पर खेला जाएगा जिसकी अभी पुष्टि नहीं हुई है। एफपीएफ के अध्यक्ष अगस्टिन लोज़ानो ने कहा, एक और दक्षिण अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी का सामना करना महत्वपूर्ण होगा और पराग्वे उन टीमों में से एक थी जिन्हें हमने इस तारीख के लिये चुना है। पेरू में कोपा अमेरिका से पहले यह हमारा विदाई खेल होगा और हमें उम्मीद है कि हमें अपने सभी प्रशंसकों का समर्थन मिलेगा। लोज़ानो ने कहा कि पेरू 20 जून को कोपा अमेरिका शुरू होने से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका में एक और दोस्ताना मैच खेलेगा। उन्होंने कहा कि प्रतिद्वंद्वी, तारीख और मैच के स्थान की पुष्टि आने वाले दिनों में की जाएगी।

## सदाउई की हैट्रिक से गोवा एफसी 4-0 से जीता

मडगांव। स्थानापन्न खिलाड़ी नोआ सदाउई की शानदार हैट्रिक की मदद से एफसी गोवा ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) मैच में शुक्रवार रात यहां फतोर्दा स्टेडियम में हैदराबाद एफसी को 4-0 से हरा दिया।

मैच के दूसरे हाफ में सदाउई ने 12 मिनट के भीतर हैट्रिक बनाई। इस जीत के याथ एफसी गोवा स्टैंडिंग में 39 अंक पर पहुंच गया और अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों ओडिशा एफसी और मोहन बागान सुपर जाइंट की बराबरी कर ली।

दिलचस्प बात यह है कि नोआ ने खेल की शुरुआत बेंच पर की, लेकिन पहले हाफ में गोल रहित प्रदर्शन के कारण मुख्य कोच मानोलो मार्केज़ को खेल के दूसरे चरण में उन्हे मैदान पर बुलाने के लिये मजबूर होना पड़ा।

गोवा की तरफ से पहला गोल पूर्व-हैदराबाद एफसी के आक्रामक मिडफील्डर मोहम्मद यासिर का था। उन्होने दाहिनी ओर से हमला करते हुये सुदूर पोस्ट पर नूह के लिए एक शानदार डिलीवरी की और नेट के पीछे से शानदार फील्ड गोल किया।

इसके सात मिनट बाद, नोआ ने एक स्ट्राइक के साथ एफसी गोवा की



बढ़त को दोगुना कर दिया। मोरक्कन फारवर्ड ने हैदराबाद एफसी के सज्जाद पार्रे, एलेक्स साजी और मोहम्मद रफी की छकाते हुये गोल पूरा किया। खेल के 59वें मिनट में नोआ और यासिर की जोड़ी ने हाथ मिलाकर हैदराबाद एफसी बैकलाइन के लिए फिर से परेशानी खड़ी कर दी। हैदराबाद एफसी रक्षात्मक इकाई द्वारा कुछ प्रभावी दबाव से यासिर को टचलाइन पर गहराई तक धकेल दिया गया था।

हालाँकि, 25 वर्षीय खिलाड़ी नूह के रास्ते में एक निचला क्रॉस देने में कामयाब रहा, जिसे फारवर्ड ने पूरी आसानी से बदलकर रात का अपना तीसरा गोल किया। आईएसएल इतिहास में पहली और तीसरी स्ट्राइक के बीच मिनटों के हिसाब से यह तीसरी सबसे तेज हैट्रिक थी।

एफसी गोवा अपना अगला मैच 9 अप्रैल को जमशेदपुर एफसी के खिलाफ खेलेगी, जबकि हैदराबाद एफसी 12 अप्रैल को केरला ब्लास्टर्स एफसी के खिलाफ भिड़ेगी।

# ईरान की इजराइल पर अटैक की तैयारी

### सीरिया में दूतावास के करीब एयरस्ट्राइक का बदला लेना चाहता है

तेहरान/वॉशिंगटन/तेलअवीव। ईरान सीरिया में अपने दूतावास पर हमले के बाद इजराइल से बदला लेने की की तैयारी कर रहा है। इस बीच शनिवार को ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वो इजराइल और उनके मसले के बीच न आए।

ईरानी राष्ट्रपति के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने अमेरिका से कहा, इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसें। अगर आप चाहते हैं कि हमले में आपको नुकसान न हो तो मामले से दूर रहें। जमशीदी ने बताया अमेरिका ने उनकी चेतावनी पर कहा है कि उनके ठिकानों पर हमले नहीं होने चाहिए। सीएनएन ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में लिखा, ईरान की चेतावनी को लेकर अमेरिकी सेना हाई अलर्ट पर है।

दरअसल, 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया में ईरानी वाणिज्य दूतावास के पास एयरस्ट्राइक की थी। इसमें ईरान के दो आर्मी कमांडर्स समेत 13 लोग मारे गए थे। इसके बाद ईरान ने इजराइल को बदला लेने की धमकी दी थी।



### ईरानी हमले को लेकर इजराइल सतर्क

इजराइल को ईरान की तरफ से हमले की आशंका है। इसलिए उसने अपना जीपीएसनेविगेशन सिस्टम बंद कर दिया है। माना जाता है कि गाइडेड मिसाइलों के हमलों को रोकने के लिए GPS को बंद किया जाता है।

इसके अलावा सभी सैनिकों की छुट्टियां रद्द कर दी गईं हैं। सेना ने कहा कि हमारे सैनिक पहले से युद्ध में हैं। स्थिति को देखते हुए अस्थायी लड़ाकू इकाइयों की छुट्टी रद्द की गई है। इतना ही नहीं एयर डिफेंस कमांड को अलर्ट पर रखा गया है। कई शहरों में एंटी बॉम्ब शेल्टर शुरू कर दिए गए हैं। लोगों से कहा गया है कि वे किसी प्रकार के डर में न रहें और न ही घरों में जरूरत से ज्यादा राशन जुटाएं।

### इजराइल ने सीरिया में हमला क्यों किया...

इजराइल ने सीरिया में एयरस्ट्राइक के जरिए ईरान को यह मैसेज देना चाहा कि अगर वह हमास और हिजबुल्लाह जैसे आतंकी संगठनों की मदद करता रहा तो उसके ठिकानों को निशाना बनाया जाएगा। सीरिया में ईरान की एंबेसी है और वहां उसके कई सैनिक भी मौजूद हैं जो वहां के राष्ट्रपति बशर अल असद के लिए विद्रोही गुटों से लड़ रहे हैं। 1 अप्रैल को इजराइल ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के करीब ऐसे ही ठिकानों को निशाना बनाया था।

### पूरे मिडिल ईस्ट में जंग फैल सकती है

ईरान और इजराइल के बीच दुश्मनी जगजाहिर है, हालांकि दोनों देश कभी सीधेतौर पर एक-दूसरे से टकराने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। ईरान ने हमेश हमास और हिजबुल्लाह जैसे संगठनों का सहारा लिया। वहीं, इजराइल सीधे तौर पर ईरानी ठिकानों पर हमला करता है। अब अगर ईरान सीधेतौर पर इजराइल को निशाना बनाता है तो सबसे बड़ा खतरा इस बात का है कि पूरे मिडिल ईस्ट में यह जंग फैल जाएगी और इसके नतीजे खतरनाक होंगे।

# भारत बोला- कनाडा के चुनाव में दखलंदाजी के आरोप बेबुनियाद

नई दिल्ली/टोरंटो। भारत का कहना है कि कनाडा के चुनाव में हमारी दखलंदाजी के आरोप बेबुनियाद हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने कहा, कनाडा ने हम पर आरोप लगाया कि भारत ने उनके चुनावों में दखल दिया। यह आरोप बेबुनियाद है। दूसरे देशों की लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में दखल देना भारत सरकार की नीति नहीं है। यह कनाडा ही है जो हमारे आंतरिक मामलों में दखल दे रहा है।

दरअसल, पिछले साल सितंबर में सामने आई रिपोर्ट में दावा किया गया



था कि कनाडा में 2019 और 2021 में हुए 2 संघीय चुनाव में चीन ने दखल दिया था। इसमें जस्टिन ट्रूडो को जीत दिलाने में मदद की गई थी। चीन ने आरोप खारिज कर दिए थे। तब प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने मामले की जांच के लिए इंडिपेंडेंट कमीशन बनाया था।

### जांच कमीशन ने ट्रूडो सरकार से सबूत मांगे थे

कमीशन ने बताया था कि उन्होंने ट्रूडो सरकार से इन चुनावों में भारत के तथाकथित दखल से जुड़े दस्तावेज पेश करने को कहा है। इसके अलावा कमीशन इस बात की भी जांच करेगा कि पूरे मामले की सरकार को कितनी जानकारी थी और इस पर क्या कदम उठाए गए।

### सड़क हादसे में दो व्यक्तियों की मौत, चार घायल

कलात, अफ़गानिस्तान। दक्षिण अफ़गानिस्तान के जाबुल प्रांत में सड़क हादसे में दो व्यक्ति की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गये हैं। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता जबीहुल्ला जौहर ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि ज़ाबुल प्रांत के शाहजॉय जिले में काबुल-कंधार राजमार्ग पर एक कार ने दूसरी कार को टक्कर मार दी, जिससे हुई दुर्घटना में दो व्यक्ति की मौत हो गयी और अन्य चार घायल हो गये। देश के यातायात पुलिस विभाग के आंकड़ों के अनुसार अफ़गानिस्तान में पिछले 11 महीनों में सड़क दुर्घटनाओं के कारण 1600 से अधिक लोग मारे गये और 4,000 से अधिक लोग घायल हुये हैं।

## शार्ट न्यूज

### न्यूजीलैंड महिला टीम ने बदलाव किया

वेलिंग्टन। इंग्लैंड के खिलाफ श्रृखंला के आखिरी एक दिवसीय मैच में सोफी डिवाइन की न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम में बतौर कप्तान वापसी हो गयी है जबकि बर्नडाइन बेजुइडेनहौट हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण बाहर हो गयी हैं। क्वाड स्ट्रेन के कारण सोफी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले तीन मैचों (पांचवें टी20ई और पहले दो वनडे) में बाहर हो गयी थी मगर श्रृंखला के आखिरी मुकाबले के लिए वह एक्शन में लौट आई हैं। सोफी ने शुक्रवार को हैमिल्टन में फिटनेस टेस्ट पास कर लिया। इंग्लैंड का अब तक का दौरा सफल रहा है, उसने पांच मैचों की टी20 सीरीज को 4-1 के अंतर से जीत लिया है और आईसीसी महिला चैम्पियनशिप तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि व्हाइट फर्न्स के मुख्य कोच बेन सॉयर ने कहा कि डिवाइन की वापसी से अंतिम वनडे के लिए टीम को मजबूती मिलेगी। सॉयर ने कहा, कल सोफी का नेतृत्व करना टीम को आत्मविश्वास से भर देगा। जब भी सोफी अनुपलब्ध होती है तो उसकी बहुत याद आती है। हालाँकि, कीवी टीम को सलामी बल्लेबाज बर्नडाइन बेजुइडेनहाउट के हैमस्ट्रिंग के कारण बाहर किये जाने से भी झटका लगा है। गुरुवार को सेडॉन पार्क में दूसरे वनडे के दौरान सीमा पर क्षेत्ररक्षण करते समय बेजुइडेनहाउट को चोट लग गई और कोचिंग स्टाफ ने उन्हें दूसरी पारी में बल्लेबाजी के लिए नहीं भेजने का फैसला किया।

### महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हादसे में चुटहिल

कराची। पाकिस्तान की महिला क्रिकेट टीम की कप्तान बिस्माह मारूफ और लेग स्पिनर गुलाम फातिमा शुक्रवार को यहां एक कार हादसे में मामूली रुप से चुटहिल हो गयीं है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक बयान के अनुसार कार दुर्घटना में उन्हें मामूली चोटें लगी हैं। दोनों खिलाड़ी वेस्ट इंडीज के खिलाफ अपने श्रृखंला से पहले कराची में एक प्रशिक्षण शिविर में हिस्सा ले रही हैं। हालांकि चोटों के विवरण और गंभीरता का खुलासा नहीं किया गया है। पीसीबी ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों को तुरंत प्रारंभिक चिकित्सा सहायता मिली और वर्तमान में वे अपनी मेडिकल टीम की देखभाल में हैं। पीसीबी ने कहा, दोनों खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले संभावित खिलाड़ियों का हिस्सा हैं। पाकिस्तान इस साल बांग्लादेश में होने वाले आईसीसी महिला टी20 विश्व कप की तैयारियों के तहत तीन मैचों की आईसीसी महिला चैंपियनशिप वनडे सीरीज के लिए वेस्टइंडीज की मेजबानी कर रहा है, जिसके बाद पांच टी20 मैच होंगे। इस घटना ने मारूफ और फातिमा की श्रृंखला में भागीदारी के बारे में चिंता पैदा कर दी है। पाकिस्तान की महिला संभावित टीम इस प्रकार है : आलिया रियाज, आयशा जफर, बिस्माह मारूफ, डायना बेग, फातिमा सना, गुलाम फातिमा, गुल फिरोजा, मुनीबा अली, नजीहा अल्वी (विकेटकीपर), नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, निदा डार, रमीन शमीम, सदफ शमास, सादिया इकबाल, सिदरा अमीन , सिदरा नवाज (विकेटकीपर), तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

### यूएई ने पाकिस्तानी बल्लेबाज को किया प्रतिबंधित

दुबई । संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से रिश्ता तोड़कर वापस पाकिस्तान आने वाले बल्लेबाज़ उस्मान ख़ान को एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। बैन का मतलब है कि 2029 तक वह यूएई में होने वाले ईसीबी के किसी भी इवेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। ईसीबी ने बयान जारी कर कहा कि बोर्ड के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के ख़िलाफ़ जाने के कारण उस्मान पर यह बैन लगाया गया है। बोर्ड ने आरोप लगाया है कि उस्मान ने उनसे अपने इरादे गलत तरीक़े से जाहिर किए थे। उन्होने कहा उस्मान ने ईसीबी को यूएई के लिए खेलने के बारे में गलतफ़हमी में रखा और बोर्ड द्वारा दिए गए साधनों का इस्तेमाल करते हुए अपने लिए नए मौक़े तलाशे। अब साफ़ हो चुका है कि वह यूएई के लिए नहीं खेलना चाहते हैं और उन्हें पात्रता के लिए जो चीज़ें पूरी करनी थी वह भी नहीं करने वाले हैं। उस्मान ख़ान के चलते पीएसएल में सबसे तेज़ शतक का रिकॉर्ड 24 घंटों के अंदर बदल गया। उस्मान के ख़िलाफ़ जो एक्शन लिया गया है इसकी उम्मीद पहले से ही थी, लेकिन जितना कड़ा फ़ैसला लिया गया है और बोर्ड का रवैया जैसा है उससे पता चलता है कि बोर्ड को कितना बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान के लिए खेलने का सपना छोड़ चुके उस्मान यूएई की टीम का हिस्सा बनने के योग्य होने के रास्ते पर ही थे। उन्होंने यूएई के घरेलू खिलाड़ी के तौर पर आईएलटी20 और अबु धाबी टी10 में हिस्सा लिया था। हाल ही में उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में भी विदेशी खिलाड़ी के रूप में हिस्सा लिया था।

### एकरुपता के लिये हॉकी इंडिया ने आयोजित किया विशेष प्रशिक्षण शिविर

नई दिल्ली। देश भर में हॉकी कोचिंग में एकरुपता और निरंतरता बनाने के मकसद से हॉकी इंडिया ने पूर्व खिलाड़ियों के लिये एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। बेंगलुरु स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) में उच्च प्रदर्शन निदेशक हरमन क्रूज के संरक्षण में आयोजित इस कार्यक्रम में पूर्व गोलकीपर एड्रियन डिसूजा, भरत छेत्री, योगिता बाली, हेलेन मैरी, दीपिका मूर्ति, आकाश चिकते, पीटी राव और प्रतिष्ठित पूर्व भारतीय गोलकीपरों की भागीदारी देखी गई जबकि ड्रैग-फ़्लिकर रूपिंदर पाल सिंह, गुरजिंदर सिंह, वीआर रघुनाथ और जसप्रीत कौर ने शिविर में अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। हरमन क्रूज़ की निगरानी में, इन दिग्गजों ने अपने कोचिंग कौशल को निखारा और यह सुनिश्चित किया कि वे गोलकीपिंग और ड्रैग-फ़्लिकिंग में नवीनतम तकनीकों और कार्यप्रणाली से लैस हैं। हॉकी इंडिया का मानना है कि इस कार्यक्रम का मकसद कोचिंग के नजरिये को सुव्यवस्थित करना है, जिससे देश भर के एथलीटों को जमीनी स्तर पर समान बुनियादी बातों और कौशल सीखने में सक्षम बनाया जा सके, जिससे प्रशिक्षण मानकों में एकरूपता को बढ़ावा मिले। क्रूज ने कहा यह कार्यक्रम प्रतिभा को पोषित करने और कोचिंग पद्धतियों को मानकीकृत करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पूर्व हॉकी दिग्गजों को उन्नत कोचिंग तकनीकों से लैस करके, हम उन्हें भारतीय हॉकी के भविष्य को आकार देने के लिए सशक्त बना रहे हैं।

### दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी बने जॉन टिनिसवुड



लंदन। जॉन टिनिसवुड 2 अप्रैल को दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी बन गए हैं। दरअसल, इसी हफ्ते वेनेजुएला के 114 साल के जॉन विसेंटे पेरेज की मौत हो गई थी जिसके बाद टिनिसवुड दुनिया के सबसे बुजुर्ग आदमी हो गए। जॉन टिनिसवुड ने अपनी लंबी उम्र का राज बताते हुए कहा कि वो हफ्ते में फ्राइडे को मछली और चिप्स जरूर खाते हैं। साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि लंबे जीवन का राज हर चीज में संयम रखने में है। जॉन टिनिसवुड का जन्म इंग्लैंड के मर्सीसाइड में साल 1912 में हुआ था। जॉन पेशे से रिटायर्ड अकाउंटेंट और पोस्टल सर्विस वर्कर रह चुके हैं। उनकी उम्र 111 साल और 222 दिन है। टिनिसवुड ब्रिटेन के मर्सीसाइड के साउथपोर्ट के केयर होम में रहते हैं। अपनी लंबी उम्र पर बात करते हुए जॉन ने कहा 'कुछ लोग ज्यादा जीते हैं और कुछ लोगों की जिंदगी का सफर कम होता है। असल बात ये है कि हम इस बारे में कुछ नहीं कर सकते। मैं अपने आपको को भाग्यशाली मानता हूं।'

### ईरान ने अमेरिका को इजरायल के 'जाल' में नहीं फंसने की दी चेतावनी

तेहरान। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि वह इजरायल की ओर से बिछाए गए जाल में न फंसे। यह चेतावनी इजरायल द्वारा सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला करके के बाद दी गई है। ईरानी राष्ट्रपति के राजनीतिक मामलों के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद जमशीदी ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व मे ट्वीटर) पर एक पोस्ट में ईरान द्वारा अमेरिकी सरकार को भेजे गए एक लिखित संदेश पर विस्तार से बताते हुए यह टिप्पणी की। यह संदेश सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर इजरायल द्वारा सोमवार के किए गए हमले के बाद भेजा गया है, जिसमें ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स के दो कमांडर सहित सात ईरानी मारे गए थे। उन्होंने कहा कि संदेश में, ईरान ने अमेरिकी नेतृत्व को चेतावनी दिया है कि वह इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के जाल में न फंसे और वाशिंगटन को दूर रहने की सलाह दी है जिससे उसे नुकसान न पहुंचे। जमशीदी ने कहा संदेश के जवाब में अमेरिका ने ईरान से कहा कि वह अमेरिकी प्रतिष्ठानों को निशाना न बनाए। हमले की प्रतिक्रिया में मंगलवार को पर एक संदेश में, ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामनेई ने संकल्प लिया कि देश के बहादुर लोग ईरानी वाणिज्य दूतावास की इमारत पर घातक आपराधिक हमले के लिए इजरायल को कठोर सजा देंगे।

### मेक्सिको - इक्काडोर का राजनयिक संबंध विच्छेद

**मेक्सिको सिटी।** इक्काडोर पुलिस के मेक्सिको के दूतावास में जबरन प्रवेश करने और इक्काडोर के पूर्व उपराष्ट्रपति जॉर्ज ग्लासस को हिरासत में लेने के मामले को लेकर मैक्सिकन राष्ट्रपति आंद्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर ने अपने विदेश मंत्री एलिसिया बारसेना को तुरंत इक्काडोर के साथ संबंधविच्छेद करने का निर्देश दिया है। मैक्सिकन राष्ट्रपति ने एक्स पर लिखा, हमारी विदेश मंत्री एलिसिया बार्सेना ने अभी मुझे बताया कि इक्काडोर पुलिस ने जबरदस्ती हमारे दूतावास में घुसकर पूर्व राष्ट्रपति को हिरासत में ले लिया, जो शरणार्थी थे और उत्पीड़न और आरोपों के कारण शरण मांग रहे थे। यह अंतरराष्ट्रीय कानून और मेक्सिको की संप्रभुता का घोर उल्लंघन है, इसलिये मैंने अपने विदेश मंत्री को कानून के भीतर कार्य करने के लिये एक बयान जारी करने और तुरंत इक्काडोर सरकार के साथ राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा करने का निर्देश दिया गौरतलब है कि पिछले दिसंबर, श्री ग्लास क्विटो में स्थित मैक्सिकन दूतावास पहुंचे और अपनी सुरक्षा के लिये अनुरोध किया। यहां उन्हें अतिथि प्रवेश की अनुमति दी गई। बाद में, इक्काडोर की सरकार ने मेक्सिको से दूतावास में प्रवेश करने और अपने पूर्व राष्ट्रपति को गिरफ्तार करने की अनुमति मांगी, लेकिन मेक्सिको ने पुलिस को दूतावास में पहुंचने से इनकार कर दिया था।

### यूक्रेन पर रूसी हमले में 10 लोगों की मौत

कीव। पिछले 24 घंटों में यूक्रेन पर रूसी हमलों में कम से कम 10 लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जापोरिझिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने कहा कि रूसी मिसाइल हमलों में दक्षिणी शहर जापोरिझिया में चार लोगों की मौत हो गयी और अन्य 23 घायल हो गए। इसके अलावा हमले में 24 निजी घरों समेत 40 से अधिक घरों और नौ आपर्टमेंट को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा मेयर इहोर तेरेखोव के अनुसार यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकिव पर रात भर हुए मिसाइल हमलों में छह लोगों की मौत हो गयी और 11 अन्य घायल हुए हैं। मेयर तेरेखाव ने एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी शेवचेनकिव्स्की जिले के आवासीय इलाकों पर हमला हुआ, जिसमें नौ अपार्टमेंट इमारतें, तीन शयनगृह, दो किंडरगार्टन, दो स्कूल और एक गैस स्टेशन क्षतिग्रस्त हो गया। यूक्रेनी वायु सेना के कमांडर मायकोला ओलेशुक ने कहा कि रूस ने कल रात भर यूक्रेन पर छह मिसाइलें और 32 शाहेद लड़ाकू ड्रोन से हमले किए। कमांडर ओलेशुक के अनुसार तीन मिसाइलों और 28 ड्रोनों को हवा में ही मार गिराया गया था। यूक्रेन क्षेत्रीय सैन्य प्रशासन ने कहा कि रूस ने कीव क्षेत्र को भी निशाना बनाया गया, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रवीण कुमार सिंह द्वारा साई प्रिंटिंग प्रेस D 85 सेक्टर 6 नोएडा से मुद्रित एवं 240 A अंसल चैंबर II, 6 भीकाजी कामा प्लेस नई दिल्ली 110066 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# पाकिस्तान से फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के निर्माता - निर्देशक के ऊपर फतवा जारी

## वसीम रिजवी और सनोज मिश्रा की फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल 27 अप्रैल को रिलीज़ होगी

मुंबई 6 अप्रैल 2024 ।आज मुंबई के अँधेरी वेस्ट इस्थित कंट्री क्लब वीरा देसाई रोड में बॉलीवुड फिल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल का एक संवाददाता सम्मेलन फिल्म के टीम के साथ आयोजन किया गया इस औसर पर फिल्म के सभी टीम उपस्थित थे । मुम्बई में इनदिनों बॉलीवुड फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल को लेकर काफी चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं । इस फ़िल्म का सेंसरशिप तो हो चुका है लेकिन सेंसर बोर्ड इस फ़िल्म को रिलीज करने के लिए सर्टिफिकेट नहीं दे रहा है। निर्माता - निर्देशक सेंसर बोर्ड के चक्कर लगा लगाकर थक गए लेकिन सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी या उनकी टीम से कोई भी इस फ़िल्म को लेकर कुछ भी बोलने से परहेज कर रहे हैं। ऐसे में इस फ़िल्म को बनाने में निर्माता के करोड़ों रुपये का नुकसान हो रहा है ।

इसी मुद्दे को लेकर मुम्बई में आज एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमे फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल की पूरी टीम मौजूद थी। इस फ़िल्म के बारे में बात करते हुए फिल्म के निर्माता वसीम रिजवी उर्फ जितेंद्र नारायण सिंह कहते हैं कि हमने तो एक सच्ची घटनाओं पर आधारित सिर्फ फ़िल्म बनाई थी उसके लिए भी हमारे ऊपर पाकिस्तान के करांची स्थित एक आतंकवादी संगठन जामिया दारुल उलूम ने फतवा जारी कर दिया है और फ़िल्म रिलीज ना करने की धमकी दिया हुआ है , बताइए कि भारत मे फ़िल्म बनाने और रिलीज कराने के लिए क्या अब पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठनों से इजाज़त लेनी पड़ेगी ? हम क्या अब यही समझें कि पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार को पाकिस्तान के आतंकवादी संगठन के लोग चला रहे हैं ? क्योंकि फ़िल्म को रिलीज होने से उनको ही दिक्कत है और यहां पर ममता बनर्जी की सरकार रिलीज नहीं करने दे रही है । तो फिर इन आतंकवादियों से रिश्ते को क्या समझा जाये ? क्या हमारे देश मे सिर्फ वामपन्थी विचारधारा वाले



लोगों के लिए ही अभिव्यक्ति की आज़ादी और सिनेमैटिक लिबर्टी मिलती है ? क्या इस सिनेमैटिक लिबर्टी और भिव्यक्ति की आज़ादी पर हम इंडिपेंडेंट लोगों का कोई अधिकार नहीं है ? क्या हमें समाजिक कुरीतियों को उजागर करने के लिए भी अब प्रताड़ित किया जाएगा ? इस फ़िल्म के जरिये हुए हमारे अब तक के नुकसान की भरपाई कौन करेगा ? यदि पश्चिम बंगाल में सबकुछ सही चल रहा है तो ममता सरकार हमारी फ़िल्म रीलीज क्यों नही होने देती ? ममता बनर्जी की सरकार हमारी टीम के पीछे हाथ धोकर क्यों पड़ी हुई है ? क्या हमने फ़िल्म बनाकर कोई अपराध कर दिया है ? ममता सरकार कोई स्पस्ट कारण क्यों नहीं बता रही है ? यदि पश्चिम बंगाल में रोहिंग्याओं और बंगलादेशी घुसपैठियों की मदद ममता बनर्जी की सरकार नहीं कर रही है तो वो इस बात को सरेआम साबित क्यों नहीं करती ? वो हमारी फ़िल्म को बिना रीलीजिंग के ही प्रोपेगैंडा फ़िल्म क्यों साबित करने पर तुली हुई हैं ?

फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के विषय वस्तु को लेकर बात करते हुए फ़िल्म के निर्देशक सनोज मिश्रा काफी उत्साहित नजर आए । उन्होंने कहा कि हमने एक बेहद सत्य घटना पर आधारित फिल्म बनाई है जिसमें पश्चिम बंगाल में बढ़ रहे संगठित अपराध और टार्गेटेड हिंसा को हमने इंगित किया है ,अब ये बात तो उनको ही बुरी लग सकती है जो इनके पोषक हैं तो फिर हम क्या करें ? जब इस देश मे मिशन कश्मीर, हैदर, उड़ता पंजाब, कश्मीर फाइल्स, द केरला स्टोरी जैसी मुद्दे वाली फिल्में रिलीज हो सकती हैं तो हमारी फ़िल्म को रिलीज करने में क्या बुराई है ? हमने भी एक मुद्दा ही उठाया है, क्या हमने फ़िल्म में इंसानियत से परे कोई चीज दिखाई है ? क्या उन बाकी फिल्मों को स्पेशल दर्जा हासिल था ? हमें भी फ़िल्म रिलीज करने दिया जाए । मेरा यह फिल्म पूरी तरह बनकर तैयार है जो 27 अप्रैल को पुरे हिंदुस्तान में प्रदर्शित की जाएगी। जिस की सभी तैयारी की जा चुकी है।

फ़िल्म द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल के अभिनेता यजुर मारवाह कहते हैं कि इस फ़िल्म को लेकर वे खासे उत्साहित हैं, उनको पहली बार किसी सत्य घटना पर आधारित फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने का मौका मिला है , हम इस फ़िल्म को करने के बाद से ही वे ऐसी घटनाओं के प्रति अत्यधिक संवेदनशील हो गए हैं। फ़िल्म को अब तक रिलीज हो जाना चाहिए था। फ़िल्म की अभिनेत्री अर्शिन मेहता कहती हैं कि ऐसी फिल्में बार बार नहीं बनतीं ।हमने अपने कैरेक्टर से काफी हद तक इंसाफ किया है , द डायरी ऑफ वेस्ट बंगाल वहां की सत्यता को काफी हद तक हूबहू परोसने का काम करेगी ।हम इस फ़िल्म को फरवरी में ही रिलीज की प्लानिंग कर रहे थे ताकि देशभर से लोग फ़िल्म के बारे में देखकर अपनी राय देते , लेकिन अब सब चीजें तो हमारे बस में नहीं रहती न !? हमने अपने हिस्से का अभिनय तो कर दिया अब बस आशा में हैं की कब फ़िल्म रिलीज होगी ।

### सुशील गुप्ता की ओर से मांगी गई रैली की परमिशन पर चुनाव आयोग द्वारा गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विधायक गीता भुक्कल का जवाब

# कहा: चुनाव आयोग को होना चाहिए निष्पक्ष, सभी पार्टियों के प्रति होनी चाहिए समान दृष्टि

**ललित कुमार गोठवाल**

कुरूक्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी एवं हरियाणा आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता ओर से चुनाव आयोग से मांगी गई रैली की परमिशन पर चुनाव आयोग द्वारा की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष होना चाहिए। उसकी सभी पार्टियों के प्रति समान दृष्टि होनी चाहिए। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि हमने भी पहले झज्जर में रैली करने की परमिशन मांगी थी लेकिन धारा-144 का हवाला देकर उस रैली को कैंसिल करा दिया गया था। उन्होंने कहा कि हम कानून को मानने वाले लोग है। कानून ही हमारा अधिकार है जिसकों हम लेकर रहेंगे।



जो लोग बीजेपी के एजेंट बनकर काम करते है, वो ऐसा ना करके समान दृष्टि से काम करें। विधायक गीता भुक्कल इस दौरान झज्जर अनाज मंडी का दौरा करते हुए पत्रकारों से कर रही थी बातचीत। उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द मंडी में खरीद शुरू होनी चाहिए और ट्रांसपोर्ट की भी पूरी व्यवस्था रहनी चाहिए। विधायक गीता भुक्कल इस दौरान भारतीय जनता पार्टी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। बीजेपी के प्रत्याशी जहां भी जा रहे है वहां उनका पूर्ण रूप से विरोध हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, रणजीत चैटाला, अशोक तंवर के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चैटाला की भी पूर्ण से लोगों द्वारा विरोध किया जा रहा है। कांग्रेस व अन्य पार्टी के प्रत्याशियों को भाजपा में शामिल कराए जाने पर विधायक गीता भुक्कल ने बोलते हुए कहा कि भाजपा के पास चुनाव लडाने के लिए प्रत्याशी ही नहीं हैं। दूसरी पार्टी के नेताओं को शामिल करवाकर भाजपा चुनाव लडा रही है। जिसका विरोध चुनाव के दौरान पूरे देश व प्रदेश में देखने को मिलेगा। विधायक गीता भुक्कल ने कहा कि आगामी 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती के अवसर पर झज्जर में जन आक्रोश रैली होगी। उन्होंने कहा कि संविधान बचाओं-लोकतंत्र बचाओं और देश बचाओं के तहत यह रैली होगी। जिसमें हरियाणा कांग्रेस पार्टी के बडे-बडे नेता शामिल होंगे।

# दीपिका पादुकोण इस साल मेट गाला में शामिल नहीं होंगी

मुंबई (अनिल बेदाग)। देश ही नहीं दुनिया भर में अपनी एक्टिंग से लेकर खूबसूरती के लिए मशहूर दीपिका पादुकोण पिछले तीन साल से मेट गाला के रेड कार्पेट पर वॉक कर उसकी शोभा बढ़ा रही हैं। जी हां! एक्टर्स को उनके बेहद आकर्षक स्टाइल और फैशन के लिए चर्चा में रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस एक ग्लोबल एंबेसडर हैं और यही चीज उन्हें दुनिया भर में होने वाले इवेंट्स में शामिल होने का मौका देती है।

साल 2017 में, दीपिका ने अपना मेट गाला में अपना डेब्यू टॉमी हिल्फिगर की एक स्लीक स्लिप गाउन में किया था।

जो कि जाने माने फैशन फंडरेज़र गाला में इंडिया की सबसे प्रॉमिनेंट ग्लोबल एंबेसडर के रूप में उनके इस सफर की शुरुआत थी। बीते हर साल के साथ उन्होंने कई खूबसूरत और शानदार लिबास पहने, जैसे 2018 में डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा तैयार किया गया एक शानदार लाल रंग का क्रिएशन और 2019 में जैक पोसेन द्वारा 400 थ्री - डाइमेंशनल एंब्रॉयडरी वाली पिस से बनाया गया एक कस्टम पिंक ल्यूरेक्स जैक्कार्ड गाउन उन्होंने पहना था।

इस साल भी मेट गाला में दीपिका के शामिल होने का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस के लिए एक बुरी खबर हमें पता चली है।

दरअसल, खबरों की माने तो ग्लोबल स्टार अपने डेट्स पहले से ही प्रोजेक्ट्स के लिए दे चुकी हैं, और इस वजह से वह इवेंट में शिरकत नहीं कर पाएंगी। डेवलपमेंट के करीब सोर्सेज की माने तो, दीपिका हाल के समय में सिंघम 3 की शूटिंग कर रही हैं, इतना ही नहीं मई में कल्कि 2898 ए डी भी लॉन्च होने वाला है।

ग्लोबल आइकॉन प्रेगनेंट हैं, लेकिन सच कहें तो उन्हें उनके वर्क कमिटमेंट्स को पूरा करने के लिए कोई भी चीज रोक नहीं पा रही है।

## प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने सीतापुर मण्डी व गेहूं क्रय केन्द्रों का किया निरीक्षण



सीतापुर। प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद द्वारा गेंहू क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, अपर आयुक्त (विपणन) खाद्य एवं रसद विभाग, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) नीतीश कुमार सिंह, सम्भागीय खाद्य विपणन अधिकारी लखनऊ सम्भाग लखनऊ, जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता उपस्थित रहें। प्रमुख सचिव द्वारा क्रय केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाओं एवं कृषकों की सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। खाद्य विभाग के गेहूँ क्रय केन्द्र सीतापुर मण्डी प्रथम पर कृषक बसन्त सिंह, निवासी, ग्राम बम्हौरा, की तौल चल रही थी। प्रमुख सचिव द्वारा पूछे जाने पर कृषक द्वारा बताया गया कि क्रय केंद्र पर गेहूं विक्रय में कोई असुविधा नहीं हुयी तथा सुगमता से गेहूँ क्रय किया जा रहा है। मण्डी में उपस्थित कृषकों द्वारा औसत बाजार भाव अच्छा होने की बात कही गयी। प्रमुख सचिव द्वारा बताया गया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य रू0 2275.00 प्रति कुन्तल व उतराई-छनाई-सफाई के मद में रू0 20.00 प्रति कुन्तल कुल रू0 2295.00 प्रति कुन्तल की दर से किसानों के खाते में 48 घंटे से पूर्व भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि प्रयास किया जाये कि कम से कम समय में कृषकों को भुगतान प्राप्त हो सके। मौके पर उपस्थित मण्डी सचिव से मण्डी में आवक, औसत बाजार भाव व क्रय केंद्रों पर खरीद के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। प्रमुख सचिव महोदय ने निर्देशित किया कि मण्डी के अधिकारी सुनिश्चित करें कि गेहूं का किसी प्रकार अवैध संचरण तथा अवैध भण्डारण न होने पाये।

# पद्मश्री अनूप जलोटा ने लॉन्च किया इसरत टोनी और प्रतीक गांधी का म्युज़िक वीडियो डेजर्ट सोल

मुंबई (अनिल बेदाग)। संगीतकार और गायक प्रतीक गांधी और अभिनेत्री इसरत टोनी के नये म्युज़िक वीडियो डेजर्ट सोल मुम्बई के रेड बल्ब में आयोजित एक भव्य समारोह में पद्मश्री अनूप जलोटा के द्वारा लॉन्च किया गया। इस अवसर पर प्रतीक गांधी और वीडियो में उनकी एक्ट्रेस इसरत टोनी, मॉडल रूबी भाटिया भी उपस्थित थीं।

डेजर्ट सोल एक ऐसा मंत्रमुग्ध कर देने वाला गीत है जो समय और स्थान से परे है। रेगिस्तान की पृष्ठभूमि पर आधारित डेजर्ट सोल किस्मत और पुनर्जन्म के धागों से जुड़ी दो आत्माओं की कहानी पेश करता है।

प्रतिभाशाली अदाकारा इसरत टोनी ने बांग्लादेश फिल्म इंडस्ट्री में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ी है और उन्हें उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्हें 9 राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आईटीएफएएम (इसरत टोनी फिल्म्स एंड म्यूजिक) के बैनर तले डेजर्ट सोल के लॉन्च के साथ उनका लक्ष्य अपनी




कला के माध्यम से दुनिया भर में मोहब्बत और सकारात्मकता फैलाना है। इसरत टोनी आईटीएफएएम कंपनी की फाउंडर और प्रोड्यूसर हैं ।

लॉन्च पर हाज़िर रहे भजन सम्राट अनूप जलोटा ने इस गाने की भूरी भूरी प्रशंसा की। इसरत टोनी के डांस उनकी परफॉर्मेंस को उन्होंने सराहा और प्रतीक गांधी के गीत संगीत और गायकी के अलावा उनके अभिनय को भी पसन्द किया। उन्होंने पूरी टीम को इस अलग किस्म के गाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं।

इसरत टोनी ने कहा कि डेजर्ट सोल मेरे दिल में एक खास जगह रखता है क्योंकि यह संगीत के प्रति मेरे जुनून को कहानी कहने के मेरे प्यार के साथ कनेक्ट करता है। मैं प्रतीक गांधी और अनूप जलोटा का आभार प्रकट करती हूं।

संगीत और गायकी में हमेशा नया प्रयोग करने के लिए मशहूर प्रतीक गांधी ने डेजर्ट सोल में अपनी आत्मा डाल दी है। वह न केवल इसके संगीतकार, गायक और गीतकार हैं बल्कि इसमें उन्होंने बतौर अभिनेता भी काम किया है। उन्होंने बताया कि मैं कुछ अलग किस्म का गाना चाह रहा था जो रोमांटिक, सैड सॉन्ग या डांस नम्बर न हो। कई गीतकारों के अल्फ़ाज़ सुने लेकिन आखिर मैंने ही लिखने का फैसला किया, हालांकि गीत के बोल में डेजर्ट सोल का कोई जिक्र नहीं है लेकिन चूंकि इसका वीडियो जैसलमेर में शूट हुआ है इसलिए लोकेशन और लुक के अनुसार यह टाइटल मेल खाता है।

मैं रोइयां और इश्क हो जाएगा जैसे हिट गानों का उनका ट्रैक रिकॉर्ड संगीत जगत में एक अलग पहचान रखने वाले के रूप में प्रतीक गांधी के नाम को और भी मजबूत करता है। राजस्थानी लोक गीत की जड़ो से जुड़ी उनकी संगीत पृष्ठभूमि उनकी रचनाओं में झलकती है।

डिज़र्ट सोल के लाँच का आयोजन अरुण शर्मा , इनकट मीडिया कंपनी के द्वारा किया गया था डेजर्ट सोल अपनी मनमोहक धुन और प्रभावी शब्दों के साथ सभी श्रोताओं और दर्शकों के मन मस्तिष्क पर एक अमिट छाप छोड़ता है।

# शातिर अपराधी को गिरफ्तार कर अवैध शस्त्र फैक्ट्री का हुआ भंडाफोड़

### कुल ग्यारह अदद निर्मित/अर्द्ध निर्मित अवैध तमंचे, कारतूस व शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद

सीतापुर। पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 एवं त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने तथा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने अवैध शस्त्र निर्माण बिक्री एवं परिवहन की रोकथाम हेतु ऐसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान में प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में पुलिस अधीक्षक उत्तरी प्रकाश कुमार के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील यादव के नेतृत्व में थाना तालगांव पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भण्डा फोड़ करते हुए अभियुक्त टिकारी उर्फ अखिलेश पुत्र मिश्री लाल निवासी ग्राम पखनियापुर थाना तालगांव को लश्करपुर नहर पुल के पास के जंगल से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार कर लिया। मौके से अवैध शस्त्र फैक्ट्री से ग्यारह अदद निर्मित/अर्द्धनिर्मित देशी तमंचे, छः अदद अर्द्धनिर्मित बॉडी व चार अदद जिंदा/खोखा कारतूस, अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए।

उक्त अवैध शस्त्र फैक्ट्री के खुलासे के सम्बन्ध में थाना तालगांव पर आई पी सी की धारा 5/25 आर्म्स एक्ट के तहत वाद पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान सम्बन्धित न्यायालय के सुपुर्द कर दिया।

पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म का अपराधी है एवं थाना तालगांव का हिस्ट्रीशीटर अपराधी एचएस न0-02ए भी है। इस अपराधी के विरुद्ध पूर्व में थाना रामपुरकलां, बिसवां, तालगांव, लहरपुर, कोतवाली नगर, सकरन पर चोरी/नकबजनी/अवैध शराब एवं महिला सम्बन्धी करीब दो दर्जन मुकदमें पंजीकृत हैं। अवैध शस्त्र फैक्ट्री की बरामदगी से जनपद में अवैध असलहे के प्रयोग में प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही निरंतर इसी प्रकार चलती रहेगी।

# ई-रिक्शा की टक्कर से घायल सात साल के बालक की मौत

महोली। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रहने वाले एक बालक की मौत सड़क पार करते समय ई-रिक्शा की टक्कर लग जानें से हो गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली क्षेत्र के ब्रम्हावाली गांव का रहने वाला सात वर्षीय अर्जुन अपने बाबा के साथ तकिया चौराहे पर बाजार आया था। जहां पर वह सड़क पार करने लगा। तकिया चौराहे से ब्रम्हावाली जा रहे ई-रिक्शा ने अर्जुन को टक्कर मार दी,जिससे वह घायल हो गया।आनन-फानन में परिजनों से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महोली भेजा जहा पर मौजूद चिकित्सकों ने हालत नाजुक देखते हुए घायल हुए नाबालिक को जिला अस्पताल भेज दिया। जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे घायल बच्चे ने दम तोड़ दिया। बच्चे के बाबा जयकरन ने कोतवाली में कुंवरपुर गांव के रहने वाले रामू पुत्र वीरेंद्र के विरुद्ध तहरीर दी हैं।


# शार्ट न्यूज

## अज्ञात कारणों से लगी आग भैंस की जलकर हुई मौत

**रमेश शर्मा। गौरवशाली**

सादुल्लानगर/ बलरामपुर। जनपद के विकास खण्ड रेहरा बाजार के अंतर्गत ग्राम पंचायत अलाउददीनपुर में शनिवार दोपहर अज्ञात कारणो से छप्पर में आग लग गई। आग की लपटों को देखकर आस पास के लोगो ने आग को बुझाने के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया शोर सुनकर ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया आग की लपटो मे एक कीमती भैस की जलकर मौत हो गई। अलाउददीनपुर निवासी प्यारे पुत्र बाबूराम ने बताया कि घर के बाहर घूर के ढेर से निकली चिंगारी से छप्पर में आग लग गई जिससे एक कीमती भैंस की जलकर मौत हो गई। हल्का लेखपाल ने बताया कि नुकसान का आकलन कर लिया गया है तथा सहायता राशि के लिए सम्बंधित को नुकसान की भरपाई करने के लिए रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## अनिल कपूर-स्टारर फाइटर ने नेटफ्लिक्स पर रिकॉर्ड तोड़ा, एनिमल को पीछे छोड़ा



मेगास्टार अनिल कपूर इन दिनों बुलंदियों पर हैं। फाइटर और एनिमल के साथ बॉक्स ऑफिस पर बैक-टू-बैक हिट देने के बाद, सिनेमा आइकन ओटीटी पर भी अपनी सफलता का रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उनकी फिल्म फाइटर ने एक बार फिर सुर्खियां बटोरी हैं, और वह भी सही कारणों से। सबसे लंबे समय तक नेटफ्लिक्स पर फर्स्ट स्पॉट पर ट्रेंड करने के बाद, एरियल एक्शन ने एनिमल और डनकी को पीछे छोड़ दिया है। फाइटर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने के 10 दिनों के अंदर 12.4 मिलियन व्यूज हासिल करने वाली सबसे फास्टेस्ट बॉलीवुड फिल्म बन गई है। बॉक्स ऑफिस पर भी, फाइटर को दुनिया भर में 337 करोड़ रुपये के एस्टिमेटेड कलेक्शन के साथ जबरदस्त रिव्यू मिले। अब, काम के मोर्चे पर, दादा साहब फाल्के अवॉर्ड विनर फ़िल्म सूबेदार की तैयारी कर रहे हैं, जिसका निर्देशन सुरेश त्रिवेणी करेंगे। इस प्रोजेक्ट की घोषणा इस महीने की शुरुआत में की गई थी।

## सरकारी जमीन पर दबंगों ने तेल मशीन लगाकर राजमार्ग के दोनों तरफ किया अवैध अतिक्रमण



सीतापुर। जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरगांव लहरपुर राजमार्ग पर उदनापुर बाजार में राजमार्ग के दोनों तरफ दबंगों ने अवैध रूप से सरकारी जमीन पर स्पेलर मशीन लगाकर अवैध कब्जा कर रखा है। जबकि इस मार्ग पर लहरपुर तहसील व जिले के अधिकारी बराबर इसी मार्ग से निकलते रहते है। फिर भी जिम्मेदार लोग जानबूझकर अवैध अतिक्रमण कारियों को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के हरगांव थाना क्षेत्र के अन्तर्गत हरगांव लहरपुर राजमार्ग पर ग्राम उदनापुर की बाजार में राजमार्ग के दोनों तरफ सरकारी जमीन पर नाले के पास तेल पेरने की मशीन स्पेलर आदि लगाकर अवैध कब्जा कर लिया। उदनापुर बाजार में सड़क के उत्तर तरफ ग्राम समाज की जमीन पर अवैध रूप से मंगरुवा निवासी सूरज पुत्र ओम प्रकाश ने तेल मशीन लगाकर जमीन पर कब्जा कर रखा है।

## किसान ने सिपाही पर जबरन सुलह-समझौता कराने व धमकी देने का लगाया आरोप

सीतापुर। जनपद की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव के रहने वाले किसान ने सिपाही पर जबरन सुलह-समझौता कराने व धमकी देने का आरोप लगाया है। किसान ने उच्चाधिकारियों से सिपाही के द्वारा की गई अभद्रता की शिकायत की हैं। जानकारी के अनुसार कोतवाली महोली क्षेत्र के पकरिया गांव के रहने वाले भास्कर अवस्थी पुत्र बालकराम अवस्थी ने उच्चाधिकारियों को पत्र लिख शिकायत करते हुए बताया कि उसका जमीन के बंटवारे को लेकर गांव के ही रहने वाले सुशील पांडेय से विवाद चल रहा है। जिसकी पक्की पैमाइश कराने के लिए भास्कर के परिजनों द्वारा वाद उपजिलाधिकारी न्यायालय में दाखिल किया गया हैं। जो कि सुनवाई हेतु प्रचलित हैं ।जिसका अभी तक निस्तारण नही हुआ है। आरोप है कि गांव के ही रहने वाले सुशील पांडेय द्वारा जबरन पेड़ को काटा जा रहा है। जिसकी शिकायत प्रार्थी द्वारा सम्बंधित कोतवाली में की गई। शनिवार को पुलिस द्वारा दोनों पक्षो को बुलाया गया। जिसके बाद शिकायतकर्ता पर जबरन सुलह-समझौता का दबाव कोतवाली में तैनात सिपाही अमित सिंह द्वारा किया जाने लगा। जब समझौता से शिकायत कर्ता ने मना किया तो सिपाही द्वारा पीड़ित को जेल भेजने की धमकी दी गयी।

## पुलिस ने तमंचा जिंदा कारतूस के साथ एक दबोचा

ललितपुर ।बानपुर, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन मे अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण मे थाना बानपुर पुलिस द्वारा मुखविर की सूचना एक नफर अभियुक्त कल्लू पुत्र मुन्नीलाल उम्र करीब 45 वर्ष निवासी ग्राम पाह थाना बानपुर को नाले के पुल से करीब 50 मीटर दूर बानपुर की ओर ग्राम पाह रोड बानपुर से समय करीब 09.25 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्त की जामातलाशी से पहने पैन्ट की बायी फैंट से एक तमंचा देशी 315 वोर लोहा व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद हुए ।बरामदगी के आधार पर अभियुक्त कल्लू उपरोक्त के विरुद्ध थाना बानपुर पर मु0अ0स0 81/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया । अभियुक्त उपरोक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है । गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम विनोद कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक उ.नि. भूपेन्द्र कुमार हे0का0 धर्मेन्द्र सिहं का0 रवीन्द्र कुमार , का प्रशान्त कुमार कां0 मनीष कुमार आदि शामिल रहे।

## आईपीएल मैच पर सट्टा खिलाने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ललितपुर । बानपुर पुलिस ने आईपीएल क्रिकेट मैच में मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खिलवाने वाले अभियुक्त को किया गया गिऱफ्तार। ऑनलाइन सट्टा खिलाने में प्रयुक्त एक मोबाइल फोन , एक कलम व दफ्ती व 4100 रूपये नगद व 04 सट्टा पर्ची बरामद। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी महरौनी अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रंम में थाना बानपुर पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त सरवन उर्फ मोनू पुत्र इमाम खां उम्र करीब 32 वर्ष निवासी कस्बा व थाना बानपुर को मैन बाजार मस्जिद के सामने वाली गली कस्बा व थाना बानपुर से समय करीब 10.05 बजे (रात्रि) को आनलाइन सट्टा खिलवाते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया । अभियुक्त उपरोक्त सट्टा पर्ची व मोबाइल से ऑन लाइन सट्टा क्रिकेट मैच में खिलाता है ।